पेज-10

रवीना टंडन- 90 के दशक की..

हिन्दी दैनिक

दबंग हिन्द

जन की बात, सबके साथ

RNI NO. JHAHIN/2013/54377

रांची संस्करण

पेज-12

जेपी नड्डा का बड़ा आरोप...

वर्ष : 12 | अंक : 107 | रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | शनिवार, 20 अप्रैल 2024 | website : www.dabanghind.com | मूल्य - ₹ 2

एक नजर

गिरिडीह में नहाने के दौरान तालाब में डूबने से जुड़वां भाइयों की मौत

गिरिडीह। गिरिडीह जिले के डुमरी थाना क्षेत्र में तालाब में नहाने के दौरान डूबने से जुड़वां भाइयों की मौत हो गयी. वे शादी समारोह में भाग लेने के लिए ननिहाल गए हुए थे. इसी दौरान ये हादसा हो गया. इस घटना के बाद शादी की खुशियां गम में बदल गयीं. डुमरी थाना क्षेत्र के तेलखारा गांव में तालाब में नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब जाने से जुड़वां भाइयों की मौत हो गयी. दोनों भाई अपने मामा डालेश्वर साव के घर शादी समारोह में भाग लेने के लिए आए हुए थे. शुक्रवार की दोपहर जब दोनों भाई तेलखारा स्थित एक तालाब में नहाने के लिए गए तो धीरे-धीरे गहरे पानी में समा गए. स्थानीय लोगों ने किसी तरह दोनों को तालाब से निकाला एवं डुमरी रेफरल अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया. मृतकों की पहचान आशीष(16 वर्ष) एवं छोटू (16 वर्ष) के रूप में हुई है. दोनों गिरिडीह जिले के बगोदर बाजार के रहने वाले थे. इधर, इस घटना से मृतक के परिजनों एवं उनकी ननिहाल में मातम छा गया है. परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.

बंगाल निवासी कार सवार युवक से 5.50 लाख रुपये बरामद

रांची। धनबाद के मैथन डैम स्थित इंटरस्टेट चेक पोस्ट पर एक कार से 5.50 लाख रुपये पुलिस ने बरामद किया है. लोकसभा चुनाव के मद्देनजर धनबाद एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन के निर्देश पर जिले में वाहन जांच अभियान निरंतर जारी है. इसी मुहिम के तहत मैथन डैम स्थित इंटर स्टेट चेक पोस्ट पर जांच के क्रम में पुलिस की टीम ने कार (JH10BP 2487) से 5 लाख 50 हजार रुपए नगद बरामद किया है. बरामद रुपए के सम्बन्ध में बंगाल के कल्यानेश्वरी निवासी कार सवार विनोद यादव से पूछताछ के बाद पुलिस ने रुपए को जब्त कर लिया है. बरामद रुपये की जांच के लिए पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

ओडिशा: महानदी में नाव पलटने से दो की मौत, पांच लापता

झारसुगुड़ा। एक दुखद घटना में, ओडिशा के झारसुगुड़ा लखनपुर ब्लॉक के पास महानदी में एक नाव डूब गई. इसमें सवार 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 लापता हो गए. मृतकों और लापता व्यक्तियों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है. जानकारी के मुताबिक, नाव पर बरगढ़ जिले के बांधीपाली इलाके के बच्चों और महिलाओं सहित लगभग 50 लोग सवार थे. यात्रा के बीच में ही लखनपुर प्रखंड अंतर्गत सारधा के पास नाव पलट गई. मछुआरों ने सभी यात्रियों को बचा लिया, लेकिन 5 अन्य अभी भी लापता हैं. जिस वक्त हादसा हुआ उस वक्त देशी नाव पथरसेनी कूड़ा से बांध में आ रही थी. पुलिस और अग्निशमन सेवा कर्मी मौके पर पहुंचे और तलाशी अभियान शुरू किया, जिसके दौरान सात और लोगों का पता लगाया गया. सभी यात्री छत्तीसगढ़ के हैं. वे छत्तीसगढ़ के अतरालिया गांव से पिकनिक मनाने के लिए बरगढ़ पथरसेनी कूड़ा स्थल आए थे. जब वे पिकनिक मना कर वापस लौट रहे थे, तो उनकी लौटते समय नाव पलट गई.

लोस चुनाव 2024 : पहले चरण की वोटिंग खत्म, बिहार में 48.23 फीसदी वोटिंग

शाम पांच बजे तक बंगाल में 77.57 फीसदी, तमिलनाडु में 62.02 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 57.54 फीसदी वोटिंग

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के सात चरणों में से पहले चरण की वोटिंग शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त हो गई. मतदाताओं ने बिहार की चार लोकसभा सीट औरंगाबाद, गया (सुरक्षित), नवादा और जमुई (सुरक्षित) के लिए वोट डाले. मतदाताओं ने चार सीटों पर कुल 38 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद कर दिया है.

पिछले चुनाव की तुलना में 5 फीसदी कम वोटिंग : देश में वोट देने के लिए घरों से निकलने वाले मतदाताओं की संख्या सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में रही. वहीं, सबसे कम वोटिंग बिहार में हुई. बिहार में चिलचिलाती धूप और लू के बीच करीब 48.23 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. हालांकि, 2019 की तुलना में करीब पांच फीसदी कम वोटिंग हुई. जहां 2019 में 53.47 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले थे, वहीं इस बार 48.23 फीसदी वोट ही पड़े.

गया में सबसे अधिक वोटिंग : बिहार में सबसे अधिक गया सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र में 52 फीसदी मतदाता अपने घर से निकल कर मतदान किया. जबकि औरंगाबाद में पचास प्रतिशत, नवादा में सबसे कम 41.50 प्रतिशत और जमुई में पचास प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. मुख्य निर्वाचन अधिकारी एचआर श्रीनिवास ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सात मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार किया. स्थानीय अधिकारियों ने उन्हें वोट डालने के लिए काफी मनाने की कोशिश की, लेकिन वहां मौजूद मतदाता वोट बहिष्कार पर अड़े रहे.

शांतिपूर्ण हुआ मतदान : प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद अपर पुलिस महानिदेशक जीएस गंगवार ने बताया कि मतदान के दौरान कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है. चुनाव कार्य में करीब 55 हजार पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर लगाया गया था. इनमें अर्धसैनिक बलों के अलावा बिहार सशस्त्र बल और होम गार्ड के 15 हजार जवान भी शामिल थे. ड्रोन और सैटेलाइट के जरिए भी मतदान कार्यों पर नजर रखी गई.

शाम पांच बजे तक बंगाल में 77.57 फीसदी, बिहार में 46.32 प्रतिशत मतदान

लोकसभा चुनाव 2024 के पहले फेज में आज 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान हुआ, जानकारी के अनुसार पहले फेज में 1600 से ज्यादा उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं. प्रथम चरण में नौ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री एक पूर्व राज्यपाल चुनाव मैदान में है. मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हुआ है, जो शाम 6 बजे तक जारी रहा.

तमिलनाडु में 62.02 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 57.54 फीसदी वोटिंग

वोटर टर्नआउट ऐप के मुताबिक, शाम पांच बजे तक पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत, त्रिपुरा में 76.10 प्रतिशत, अंडमान और निकोबार में 56.87 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश में 63.26 प्रतिशत, असम में 70.77 प्रतिशत, बिहार में 46.32 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 63.41 प्रतिशत, जम्मू और कश्मीर में 65.08 प्रतिशत, लक्षदीप में 59.02 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 63.25 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 54.85 प्रतिशत, मणिपुर में 67.46 प्रतिशत, मेघालय में 69.91 प्रतिशत, मिजोरम में 52.62 प्रतिशत, नागालैंड में 55.75 प्रतिशत, पुडुचेरी में 72.84 प्रतिशत, राजस्थान में 50.27 प्रतिशत, सिक्किम में 67.58 प्रतिशत, तमिलनाडु में 62.02 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 57.54 प्रतिशत, उत्तराखंड में 53.56 प्रतिशत मतदान हुआ. चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार पहले चरण में 16.63 करोड़ से ज्यादा मतदाता है. इनमें 8.4 करोड़ पुरुष और 8.23 करोड़ महिला मतदाता शामिल हैं. इनमें 35.67 लाख वोटर्स पहली बार वोट डालने के हकदार रहे.

उलगुलान रैली में आदिवासी-मूलवासियों पर हो रहे अत्याचार को करेंगे उजागर : चंपाई सोरेन

उलगुलान महारैली की सफलता को लेकर सीएम ने गठबंधन दलों के नेताओं के साथ की बैठक

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में होने वाली उलगुलान न्याय महारैली की सफलता को लेकर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने गठबंधन दलों के नेताओं के साथ बैठक की. मुख्यमंत्री ने कहा कि यह रैली केंद्र सरकार द्वारा आदिवासियों एवं मूलवासियों पर हो रहे अत्याचारों और उन्हें जल- जंगल-जमीन से दूर करने की साजिश का पदार्फाश करेगी. विपक्षी दलों की राज्य सरकारों के खिलाफ एजेंसियों के इस्तेमाल और झूठे आरोपों द्वारा उन्हें बदनाम करने की रणनीति को देश समझ चुका है और आगामी चुनावों में जनता उन्हें जवाब देगी.

राहुल हेमंत के साथ हैं खड़े : प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान ही हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को यह भरोसा दिलाया था कि पूरा इंडिया गठबंधन उनके इस संघर्ष में साथ रहेगा. चुने हुए मुख्यमंत्री को अन्यायपूर्ण तरीके से जेल में भेजना झारखंड की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी. भाजपा को अपने इस षड़यंत्र की इतनी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी कि अब वह विपक्षी दलों को छेड़ने से पहले चार बार सोचने को मजबूर होगी.

चुनी हुई सरकार के सीएम को अन्यायपूर्ण तरीके से जेल में डाला गया : पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि चुनी हुई सरकार के मुख्यमंत्री को अन्यायपूर्ण तरीके से जेल में डाला गया है. जनता सब समझ चुकी है कि यह सारा षड़यंत्र भाजपा ने एक सर्वमान्य युवा आदिवासी मुख्यमंत्री को बदनाम करने के उद्देश्य से संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग कर कराया है. जनता में जबरदस्त आक्रोश है. लोगों का गुस्सा आने वाले चुनाव में भाजपा को दिखेगा.

देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है : झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा ने देश की लोकतांत्रिक प्रणाली पर कुठाराघात किया है. केंद्र सरकार विपक्षी दलों को समाप्त करने के लिए तानाशाह बन गई है. आम लोगों से जुड़े महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों से भटकाने के लिए भाजपा सांप्रदायिकता फैला रही है. देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है.

हेमंत की गिरफ्तारी के खिलाफ पूरे देश में आक्रोश

झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ पूरे देश के लोगों में आक्रोश है, लेकिन झारखंड के लोगों आंदोलनरत हैं. झारखंड के लोगों में भाजपा के खिलाफ आक्रोश और अपने नेता हेमंत सोरेन के प्रति लगाव रैली में दिखेगा. तीन मंच बनाए गए हैं. मुख्य मंच पर इंडिया गठबंधन के राष्ट्रीय स्तर के नेता, मंत्री, सांसद, विधायक, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बैठेंगे. मुख्य मंच के दोनों ओर एक-एक मंच बनेंगे. जहां इंडिया गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के नेता बैठेंगे.

जैक 10वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी, 90.39 फीसदी परीक्षार्थी सफल, लड़कियों ने मारी बाजी

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने माध्यमिक बोर्ड परीक्षा (10वीं बोर्ड) का रिजल्ट जारी कर दिया है. मैट्रिक परीक्षा में 90.39 फीसदी बच्चों ने सफलता हासिल की है. इस वर्ष 4 लाख 21 हजार 687 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था. इसमें 1,91,262 छात्र और 2,00,549 छात्राएं शामिल थीं. वहीं 418623 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे. इनमें से 3,38,398 (90.39 फीसदी) पास हुए हैं. वहीं 2,05,110 परीक्षार्थी (54.20 फीसदी) फर्स्ट डिवीजन, 1,53,733 (40.65 फीसदी) सेकेंड डिवीजन और 19,555 (5.17 फीसदी) थर्ड डिवीजन से पास हुए हैं.

जमशेदपुर का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा : इस साल बोर्ड परीक्षा में लड़कियों ने बाजी मारी है. परीक्षा में 91 प्रतिशत लड़कियां और 89.7 प्रतिशत लड़के सफल हुए हैं. जमशेदपुर का रिजल्ट सबसे अच्छा 94 प्रतिशत रहा. वहीं 84.5 फीसदी के साथ देवघर का सबसे खराब प्रदर्शन रहा. इससे पहले 2023 में मैट्रिक की परीक्षा में 95.38 फीसदी और 2022 में 91.19 फीसदी रिजल्ट रहा था. मौके पर जैक के अध्यक्ष अनिल महतो, शिक्षा विभाग के प्रभारी सचिव उमाशंकर सिंह, माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्कर्ष गुप्ता, झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो और सचिव एसडी तिग्गा मौजूद रहे.

10वीं बोर्ड परीक्षा में टॉप 3 में शामिल सभी परीक्षार्थी इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग के हैं. ज्योत्सना ज्योति 99.2 फीसदी अंक के साथ स्टेट टॉपर बनी है. वहीं 98.6 फीसदी अंक के साथ सना संजुरी सेकेंड स्टेट टॉपर और 98.4 फीसदी के साथ करिश्मा कुमारी व श्रीस्ति सौम्याल थर्ड स्टेट टॉपर रही. टॉप 10 की लिस्ट में 44 स्टूडेंट हैं.

ज्योत्सना ज्योति ने मैट्रिक परीक्षा में पूरे राज्य में की टॉप

झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में झारखंड की स्टेट टॉपर ज्योत्सना ज्योति ने कहा है कि उसका सपना है कि वह डॉक्टर बने और समाज की सेवा करे. वह मूल रूप से चतरा के गिद्धौर प्रखंड की रहने वाली है. गिद्धौर प्रखंड के पांडेबागी गांव की ज्योत्सना ज्योति ने कहा कि डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करूंगी. शुरू से ही ज्योत्सना मेधावी छात्रा रही है. उसकी प्रारंभिक शिक्षा (कक्षा एक से पांचवीं तक) गांव में ही सरकारी प्राथमिक विद्यालय से हुई. इसके बाद उसका दाखिला इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय हजारीबाग में हो गया. ज्योत्सना ने कहा स्कूल से आने के बाद वह पूरी तरह पढ़ाई पर फोकस करती थी. छात्रावास में देर रात तक पढ़ती थी.

महेंद्र सिंह धोनी के साथ हुए फर्जीवाड़ा मामले में कोर्ट में हुई सुनवाई, 4 मई को दी गई अगली तारीख

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। क्रिकेट स्टार महेंद्र सिंह धोनी के साथ हुए फजीर्वाड़े मामले में रांची के सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई. न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय के कोर्ट में सुनवाई के बाद 4 मई की अगली तारीख दी गई है. सिविल कोर्ट में सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद न्यायालय की तरफ से अरका स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, सौम्या दास और मिहिर दिवाकर के वकील को यह निर्देश दिया गया कि अगली तारीख को खुद या अपने वकील के माध्यम से अपना पक्ष रखें. पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दोनों पक्षों को सभी दस्तावेज न्यायालय के समक्ष पेश करने के लिए कहा था, जो अब तक नहीं रखा गया है. इसलिए कोर्ट ने दोनों पक्षों को अगली तारीख तक सारे दस्तावेज पेश करने का सख्त आदेश दिया. धोनी की तरफ से यह शिकायत उनके करीबी माने जाने वाले सीमांत लोहानी ने कराई है. धोनी की ओर से यह आरोप लगाया गया है कि मिहिर दिवाकर और सौम्या दास के द्वारा उनसे 15 करोड़ रुपए की फजीर्वाड़ा की गई है. शिकायत दर्ज होने के बाद 5 जनवरी को कोर्ट में सुनवाई हुई थी. जिसके बाद कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए दोनों के खिलाफ समन जारी कर दिया था.

सूर्य की तपिश से जीना मुहाल, झारखंड के कई जिलों में हीट वेव, येलो अलर्ट जारी

रांची। अप्रैल का महीना अभी खत्म भी नहीं है और गर्मी अपना रंग दिखाने लगी है. मौसम के मामले में मुफिद कहे जाने वाले झारखंड के कई जिलों में लू के थपेड़ों ने लोगों को झुलसाना शुरू कर दिया है. संथाल, कोल्हान और पलामू प्रमंडल में जिंदगी थम सी गई है. देवघर, दुमका, साहिबगंज, जामताड़ा, धनबाद, पश्चिमी सिंहभूम, गढ़वा, पलामू और चतरा में पारा 42 डिग्री क्रॉस कर चुका है. सिमडेगा, बोकारो, गिरिडीह, कोडरमा में पारा 41 डिग्री की सीमा लांघ चुका है. रांची, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, गुमला, रामगढ़ और हजारीबाग में पारा 38 से 40 के बीच है. इसके बावजूद दिन चढ़ते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है. मौसम केंद्र, रांची के मुताबिक अगले कुछ दिनों तक गर्मी से राहत के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं. मौसम केंद्र ने 19 अप्रैल के अधिकतम तापमान और हिव वेव की वजह से दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम के लिए येलो अलर्ट जारी किया है.

वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी देश के नये नौसेना प्रमुख होंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी इस माह के अंत तक नये नौसेना प्रमुख का पदभार संभालेंगे. वह निवर्तमान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार का स्थान लेंगे. एडमिरल कुमार 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे. वाइस एडमिरल त्रिपाठी अभी नौसेना के उप प्रमुख हैं. रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने अभी नौसेना के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को 30 अप्रैल की दोपहर से नौसेना का अगला प्रमुख नियुक्त किया है. वाइस एडमिरल त्रिपाठी का 15 मई 1964 को जन्म हुआ था और एक जुलाई 1985 को वह भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे. संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ वाइस एडमिरल त्रिपाठी का करीब 30 वर्ष का लंबा और विशिष्ट करियर रहा है. नौसेना के उप प्रमुख का पद संभालने से पहले वह पश्चिमी नौसैन्य कमान के फ्लैट ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ रह चुके हैं. उन्होंने आईएनएस विनाश की भी कमान संभाली थी. रियर एडमिरल के तौर पर वह ईस्टर्न फ्लीट के फ्लैट ऑफिसर कमांडिंग रह चुके हैं. वह भारतीय नौसेना अकादमी, एझिमाला के कमांडेंट भी रह चुके हैं.

सुप्रीम कोर्ट ने सीएए नियमों को चुनौती देने वाली नयी याचिका पर केंद्र, असम से जवाब तलब किया

दबंग हिन्द संवाददाता

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता (संशोधन) नियम (सीएए), 2024 को चुनौती देने वाली एक याचिका पर आज शुक्रवार को केंद्र और असम सरकार से जवाब मांगा. सीएए को पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आये गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता देने की प्रक्रिया को क्रियान्वित और विनियमित करने के लिए लागू किया गया है. सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ता गुवाहाटी निवासी हिरेन गोहेन का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील की दलीलों पर गौर किया तथा राज्य सरकार और केंद्रीय गृह एवं विदेश मंत्रालयों को नोटिस जारी किये. सुप्रीम कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि नयी याचिका को इस मुद्दे पर लंबित अन्य याचिकाओं के साथ संलग्न किया जाये. इस बेहद विवादास्पद मुद्दे से संबंधित नवीनतम याचिका में कहा गया है, बांग्लादेश से असम में अवैध प्रवासियों के अनियंत्रित संख्या में आने से असम में भारी जनसांख्यिकीय परिवर्तन हुआ है. मूल निवासी, जो कभी बहुसंख्यक थे, वे अब अपनी ही धरती पर अल्पसंख्यक हो गये हैं. हाल में, पीठ ने सीएए नियमों के क्रियान्वयन पर रोक लगाने से इनकार करते हुए केंद्र से उन अर्जियों पर जवाब देने को कहा, जिनमें नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं का शीर्ष अदालत द्वारा निपटारा किये जाने तक उनके कार्यान्वयन पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया है. गोहेन ने अपनी याचिका में कहा कि सीएए नियम, 2024 संविधान का उल्लंघन करते हैं, क्योंकि वे स्पष्ट रूप से भेदभावपूर्ण, एकतरफा, अवैध और संविधान की मूल संरचना के खिलाफ हैं.

पीएम मोदी अमरोहा में बोले, यह लोकसभा चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है, सपा-कांग्रेस सनातन विरोधी

एजेंसी

अमरोहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है, जिसमें जनता का एक-एक वोट भारत के भाग्य को सुनिश्चित करेगा. प्रधानमंत्री ने अमरोहा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि भाजपा गांवों, गरीबों के लिए बड़े दृष्टिकोण और बड़े लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रही है, लेकिन विपक्षी गुट इंडिया के लोगों की सारी शक्ति गांव, देहात को पिछड़ा बनाने में लग रही है. उन्होंने कहा कि इस मानसिकता का सबसे बड़ा नुकसान अमरोहा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों को उठाना पड़ा है.

प्रधानमंत्री मोदी ने अमरोहा से कांग्रेस उम्मीदवार दानिश अली पर भी निशाना साधा. कहा कि यहां से जो कांग्रेस के प्रत्याशी हैं, उन्हें भारत माता की जय बोलने में भी परेशानी होती है. जिसको भारत माता की जय मंजूर नहीं वह भारत की संसद में शोभा देता हैं क्या? ऐसे व्यक्ति को भारत की संसद में प्रवेश मिलना चाहिये क्या ? मोदी ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी नेता क्रमशः राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर तीखा निशाना साधते हुए कहा, उत्तर प्रदेश में एक बार फिर दो शहजादों की जोड़ी की फिल्म की शूटिंग चल रही है. इन दो शहजादों की फिल्म पहले ही नकारी जा चुकी है. उन्होंने कहा, हर बार ये लोग परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की टोकरी उठाकर उप्र की जनता से वोट मांगने निकल पड़ते हैं. अपने इस अभियान में ये लोग हमारी आस्था पर हमला करने का कोई मौका नहीं छोड़ते.

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने अमरोहा के रहने वाले क्रिकेट खिलाड़ी मोहम्मद शमी की तारीफ की. उन्होंने कहा, क्रिकेट वर्ल्ड कप में भाई मोहम्मद शमी ने जो कमाल किया वो पूरी दुनिया ने देखा है. खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए केंद्र सरकार ने उन्हें अर्जुन पुरस्कार दिया है और योगी सरकार यहां के युवाओं के लिए स्टेडियम भी बनवा रही है. उन्होंने कहा, अमरोहा की एक ही थाप है- कमल छाप ! और अमरोहा का एक ही स्वर है - फिर एक बार मोदी सरकार.

वर्चुअल रियलिटी वैन' को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने किया रवाना

दबंग हिन्द संवाददाता

रामगढ़: लोकसभा आम निर्वाचन 2023 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। रामगढ़ जिले के मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति रचनात्मक तरीके से जागरूक करने तथा लोगों को उनके मतदान के महत्व को समझाने को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा जिला समाहरणालय परिसर से वर्चुअल रियलिटी जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर उपायुक्त ने वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से लोगों को जागरूक करने हेतु तैयार किए गए कंटेंट का भी जायजा लिया वहीं उपायुक्त ने स्वयं भी वर्चुअल रियलिटी यंत्र का प्रयोग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो उपस्थित थे।

झामुमो का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

दबंग हिन्द संवाददाता

चक्रधरपुर : विधायक सह झामुमो जिलाध्यक्ष सुखराम उरांव के आवास पर शुक्रवार को झामुमो का चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ. सम्मेलन में सिंहभूम से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी जोबा माझी उपस्थित रही. इसके अलावा राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा, विधायक सुखराम उरांव उपस्थित थे. सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रत्याशी जोबा माझी ने कार्यकताओं से अपने-अपने क्षेत्र के बूथ को मजबूत बनाने में जुट जाए. उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को बोरो की संज्ञा देते हुए कहा जिनके दामन में भ्रष्टाचार का दाग है जनता का कभी हितैषी साबित नहीं हो सकता. कहा कि लोकसभा चुनाव में संविधान और अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए वोट करना है. मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा गठबंधन की प्रत्याशी को प्रत्येक बूथ से पांच सौ से अधिक वोट दिलाने का प्रयास करें. मंत्री ने मोहनपुर घटना का जिक्र करते हुए कहा कि पानी की समस्या का समाधान नहीं करने के कारण भाजपा प्रत्याशी का ग्रामीणों ने विरोध किया था. उन्होंने कार्यकताओं को लक्ष्य दिया कि जोबा माझी को दो लाख वोट के अंतर से विजयी बनाना है.

अंडर -16 क्रिकेट प्रतियोगिता के ग्रुप-ए के लीग मैच में पश्चिमी सिंहभूम ने गड़वा को किया पराजित

दबंग हिन्द संवाददाता

चाईबासा : झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में खेले जा रहे अंतर जिला अंडर -16 क्रिकेट प्रतियोगिता के ग्रुप-ए के लीग मैच में पश्चिमी सिंहभूम ने अपने बल्लेबाजों के दम पर गढ़वा को एकतरफा मुकाबले में आठ विकेट से पराजित कर पूरे चार अंक हासिल किए। गुमला के तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच के टॉस गढ़वा के कप्तान ने जीता तथा पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उनका यह निर्णय काफी सही साबित हुआ जब उनके दोनों उद्घाटक बल्लेबाज अर्पित कुमार गिरी एवं आकाश पाल ने पहले विकेट के लिए 179 रनों की बेहतरीन साझेदारी निभाकर टीम को मजबूत शुरूआत दी। अर्पित गिरी ने सोलह चौकों की मदद से 146 रनों की शानदार पारी खेली और अंत तक आउट नहीं हुआ जबकि आकाशा पॉल ने पाँच चौकों एवं एक छक्का की सहायता से 68 रन बनाए। अन्य बल्लेबाजों में सिर्फ अभिराज कुमार ने केवल 10 रन बनाए। पश्चिमी सिंहभूम की ओर से प्रिंस कुमार यादव ने 47 रन देकर दो विकेट तथा प्रिंस महाराणा ने 54 रन देकर दो विकेट हासिल किए जबकि दो खिलाड़ी रन आउट का शिकार हुआ। जीत के लिए निर्धारित पचास ओवर में 270 रनों के पहाड़ सा स्कोर का पीछा करने उतरे पश्चिमी सिंहभूम के बल्लेबाजों ने भी मजबूत इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए लक्ष्य को 37.2 ओवर में मात्र दो विकेट खोकर ही प्राप्त कर लिया। पारी की शुरूआत करने आए दोनों उद्घाटक बल्लेबाज आर्यण राणा एवं एन० कार्तिक ने 10 ओवर में 93 रन ठोक कर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए। 11वें ओवर में आठ चौकों एवं एक छक्का की मदद से 46 रन बनाकर एन कार्तिक अभिराज की गेंद पर आयुष को कैच थमा बैठा।

जेएमएस कुलदीप कोचिंग सेंटर से जेएसी 10वी रिजल्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन

दबंग हिन्द संवाददाता

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड के गाल्होवार जेएमएस कुलदीप कोचिंग सेंटर सें जारी जेएसी 2024 के 10वी बोर्ड परीक्षा परिणाम पर सत प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए। आयुषी 451, अनुराधा 436, मनीष 425, कुमारी काजल 423, विशाल 408, अमित मंडल 403, पूनम 402 , अरविंद 401, सरस्वती 400, किशोर 400, संजू कुमारी 399, नेहा 398, अनित कुमारी 397, चांदनी कुमारी 394, विनोद 393, सतीश 390, महेंद्र 387, बबीता 388, दामोदर 389, देवानंद 379, राम 379, मोनिका 378, अमीषा पटेल 374, मनोज 374, अमित साव 370, योगेश 370, नेहा 369, श्याम कुमार 365, दिव्या कुमारी 362, सूरज 358, संदीप 357, राहुल 357,प्रीति 356, चिंता कुमारी 355, अंजू 354, अजय 354, राजेश 353, पवन महतो 353, ओमप्रकाश 346, राहुल 345, रंजीत 345, योगेंद्र 343, काजल कुमारी 343, संतोष 340, ज्योति 339, स्लोक 339, लक्ष्मी 337, उमा कुमारी 335, रानी परवीन 332, अजय महतो 330, दीपक महतो 327, मनीष पाण्डेय 327 अंक के साथ प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। कोचिंग सेंटर से कुल 90 परीक्षार्थी शामिल हुए थे. जिनमें सभी परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी से पास हुए हैं। शिक्षक कुलदीप प्रजापति जी ने सभी छात्रों को बधाई देकर ईश्वर से उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। साथ ही कहा है कि किसी भी प्रकार की सफलता हासिल करना है तो मेहनत करना आवश्यक है। छात्र इसी प्रकार निरंतर मेहनत करते रहे और भविष्य में इससे बेहतर सफलता हासिल कर अपने परिवार गाँव शहर का नाम रोशन करे। उन्होंने यह भी कहा है की सेशन 2024 - 25 में नामांकन 1 मई से शुरू होगी छात्र जल्द से जल्द अपना नामांकन करवा ले।

गोंदलपूरा में बड़े धूम धाम से मनाया गया सरहुल पूजा, विधायक हुई शामिल

दबंग हिन्द संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपूरा आदिवासी करमाली समाज के तत्त्वधान में पहली बार सरहुल पूजा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता धनेश्वर करमाली सचिव मनोज करमाली व मंच संचालन प्रकाश करमाली के द्वारा किया गया। सरहुल पूजा का शुभारंभ सैकड़ों महिलाओं व पुरुषो के द्वारा कलश लेकर पूरे गांव में भ्रमण किया गया उसके बाद सरना स्थल में विधिवत तरीके से सरना प्राथना कर के सरना झंडा गड़ी किया गया ,और सरना झंडा पूरे गांव के आदिवासियों को वितरित किया गया।सरना पूजा के मुख्यातिथि बड़कागांव क्षेत्र के विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा सरना स्थल में फीता काटकर सरना स्थल का शुभारंभ किया गया। उन्होंने लोगो को संबोधित करते हुवे कहा कि बड़ी खुशी की बात है की बड़कागांव में उन्होंने कहा कि सरहुल पूजा प्राकृतिक जल, जंगल जमीन की पूजा है अगर जल जंगल बचेगा तभी हम जीवित रह पाएंगे, आगे उन्होंने सरहुल पर गाए हुवे गानों पर लोगो के साथ झूमे और लोगो को सरहुल की बधाई दिए।झारखंड प्रदेश के धर्म गुरु राजेश लिंडा ने कहा कि प्राकृतिक की मां सरना मां से प्रार्थना करते है की जिस प्रकार इस वर्ष नए पेड़ पौधे फल ,फूल पौधे आए है उसी तरह हर साल आए।वही गोंदलपूरा पंचायत के मुखिया बासुदेव यादव ने करमाली समाज को धन्यवाद देते हुए कहा कि अगर हम किन्ही को दिल से माने तो वह हमारे आत्म में बसते हैं इसलिए हमलोग को प्राकृतिक की पूजा जरूर करना चाहिए। जिससे की हमारे पूर्वजों और झारखंडी का सभ्यता बना रहे।बादम पंचायत के पूर्व मुखिया दीपक दास ने कहा कि हमारे पुरखों के इतिहास को समझा और सरहुल पूजा करने का आयोजन किया। जल जंगल और जमीन को बचाने के लिए बिरसा मुंडा,सिद्धू कान्हु ,चांद भैरव, ने जिस प्रकार अपनी बलिदानी दिया है उन्हें हम नमन करते है, और जल जंगल जमीन सरहुल पूजा हर साल मनाने का काम करेंगे। मौके पर मुख्यरूप से पाहन राजेश करमाली,विनोद करमाली,विजय करमाली, कालेश्वर करमाली,धनु करमाली, जीतन करमाली,हरी करमाली, प्रभु करमाली, सिदर करमाली, रघु करमाली,कैला करमाली,नितूलाल करमाली,रंजित करमाली,रंजन करमाली,संदीप करमाली,कोंग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वरनाथ चौबे, गोंदलपूरा पंचायत

के मुखिया बासुदेव यादव ,उपमुखिया रवि कुमार महतो,पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला जी,बादम पंचायत के पूर्व मुखिया दीपक दास, समाज सेवी आशीष चक्रवर्ती, वार्ड सदस्य सरस्वती देवी,बसंती देवी,पार्वती देवी,आरती देवी,पूनम देवी, नगिया देवी,पार्वती देवी,शीतल देवी,निशा कुमारी,सरिता देवी व सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे ।

आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के बच्चों ने मैट्रिक रिजल्ट में रह लहराया परचम

दबंग हिन्द संवाददाता

चान्हो ।आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के छात्र छात्राओं ने दसवीं की मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किए और रिजल्ट रहा सत प्रतिशत। शुक्रवार को मैट्रिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया जिसमे आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के विद्यार्थी तारिक अनवर और नवसबा प्रवीन दोनों ने 452 अंक (90.40%) लाकर स्कूल का टॉपर बने। वही प्रियंका कुमारी 433 अंक (86.60%) लकार दूसरा स्थान और खुशी कुमारी 421 अंक (84.20%)लाकर तीसरा स्थान प्राप्त की । इस स्कूल से कुल 39 छात्र छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में सामिल हुवे थे जिसमें 35 छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी से और 4 छात्र छात्राएं द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए ।स्कूल के निदेशक व प्रधानाध्यापक अमीन अंसारी एवं स्कूल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए सभी को सुभकनाए दिए।

दोदारी स्कूल टॉपर बनी संगीता सांडिल, 32 में से 27 बच्चे पास

दबंग हिन्द संवाददाता

किरीबुरु : जैक बोर्ड दसवीं की परीक्षा में बिना शिक्षक के उत्क्रमित उच्च विद्यालय दोदारी के बच्चों ने बेहतर रिजल्ट किया. विद्यालय के प्रधानाध्यापक उत्तम कुमार दास ने बताया कि हमारे विद्यालय से इस वर्ष 32 बच्चे बोर्ड परीक्षा में शामिल हुये थे. इसमें 27 बच्चे पास एवं 5 बच्चे मार्जिनल हुये. विद्यालय का रिजल्ट 84.37 फीसदी रहा. इस विद्यालय से एकमात्र छात्रा संगीता सांडिल (329 अंक) प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई. पानो बेसरा (282 अंक), गुमदी कुंटिया एवं रेशम सिद्धू (277 अंक), मंगल चाम्पिया (268 अंक) द्वितीय श्रेणी से पास हुए हैं.बच्चों में प्रथम श्रेणी से एक, द्वितीय श्रेणी से 17 एवं तृतीय श्रेणी से 9 पास हुए हैं. उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय में एक भी उच्च विद्यालय के शिक्षक की नियुक्ति नहीं है. हम सभी आपसी सहयोग से बाहरी शिक्षक को हायर कर बच्चों को पढ़ा जैसे-तैसे परीक्षा की तैयारी कराये. ऐसी स्थिति में यहां के बच्चे बेहतर किये. उल्लेखनीय है कि यह स्कूल सारंडा के नक्सल प्रभावित व सुदूरवर्ती जंगल क्षेत्र में है. यह क्षेत्र आज भी विकास से पूरी तरह वंचित है.

पुलिस ने नक्सलियों का 27 हजार रुपये व अन्य समान किया जब्त

दबंग हिन्द संवाददाता

चाईबासा : चाईबासा पुलिस व सीआरपीएफ ने भाकपा माओवादी नक्सलियों के खिलाफ विशेष सर्च अभियान चलाकर सोनुवा थानान्तर्गत ग्राम केराबीर एवं टेंडरसाई के आस-पास जंगली / पहाड़ी क्षेत्र से 27 हजार रुपए एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामान बरामद किया गया. पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है.चाईबासा पुलिस व सीआरपीएफ ने भाकपा माओवादी नक्सलियों के खिलाफ विशेष सर्च अभियान चलाकर सोनुवा थानान्तर्गत ग्राम केराबीर एवं टेंडरसाई के आस-पास जंगली / पहाड़ी क्षेत्र से 27 हजार रुपए एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामान बरामद किया गया. पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है.

एक नजर

मैट्रिक की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यार्थी अपने विद्यालय, शिक्षक व माता-पिता का किया नाम रोशन

घागरा : घागरा प्रखंड क्षेत्र के बच्चों ने मैट्रिक के परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय, शिक्षक एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है ।जिसमें राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय टोटाम्बी के छात्र अमित उरांव ने 95.80, नीरज बैठा 92.80, संत युद्ध हाई स्कूल नवडीहा की छात्रा उमा कुमारी 93.40, एसएस हाई स्कूल घाघरा के तौसीफ राजा 92.60, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र रॉकी साहू 90.60 व लकी साहू 90.60, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्रा खुशी कुमारी ने 88.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन की है. सभी शिक्षण संस्थान के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के सफलता पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना कर आगे और अधिक मेहनत कर सफलता हासिल करने की बात कही।

महायज्ञ एवं भंडारा कार्यक्रम हुआ समापन

बरकट्ठा। बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत तुईयो पंचायत के ग्राम बुचई में चल रहे श्री श्री 108 श्री शतचण्डी महायज्ञ सह दुर्गा प्राण - प्रतिष्ठा महायज्ञ 2024 के महाभंडारा का कार्यक्रम का हुआ समापन। इसको लेकर कथावाचिका कृष्ण नन्दी जी वृंदावन, यज्ञाचार्य श्री प्रकाश पाण्डेय बंडासिगां जिला हजारीबाग द्वारा प्रत्येक दिन श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया पूजा अध्यक्ष दशरथ यादव, उपाध्याय काली यादव, सचिव शंकर यादव, उपसचिव संजय यादव, कोषाध्यक्ष? बालेश्वर ठाकुर, पुजा मिडिया प्रभारी बिकाश कु यादव, पंचायत समिति प्रतिनिधि संतोष शर्मा एवं सहित सैकड़ों श्रद्धालु भक्त जन उपस्थित थे।

मैट्रिक परीक्षा 2024 में भावना विकास विद्यालय कोनकी पिठोरिया का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा

रांची: झारखंड अधिविद्य परिषद के द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा 2024 में भावना विकास विद्यालय कोनकी पिठोरिया का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। अर्शी जमी 86.60 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉपर बनीं। वहीं द्वितीय स्थान में * आशियाना परवीन 85.40 प्रतिशत, तृतीय स्थान में शहनवाज अंसारी 84.60 व चतुर्थ स्थान में निशात परवीन 83.80 प्रतिशत व पंचम स्थान में अफरोजी परवीन और अबुकलाम ने 83.60 प्रतिशत ला कर विद्यालय का नाम रौशन किए । विद्यालय से कुल 58 छात्रों में 50 प्रथम श्रेणी और 8 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। 6 छात्रों को 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हुआ। विद्यालय से अब तक कुल 1638 छात्र मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण हो चुके हैं, जिसमें 887 प्रथम श्रेणी, 593 द्वितीय श्रेणी और 158 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के निदेशक नजीब अंसारी ने छात्रों की सफलता पर छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई दी है।

कारमेल उच्च विद्यालय की छात्रा कोमल साह बनी कोल्हान टॉपर

चक्रधरपुर : झारखंड एकेडमिक काउंसिल दसवीं बोर्ड का रिजल्ट शुक्रवार को जारी हुआ. चक्रधरपुर के कारमेल उच्च विद्यालय की छात्रा कोमल साह ने 97.2 प्रतिशत अंक लाकर जैक बोर्ड के रिजल्ट में कोल्हान टॉपर के साथ-साथ जिला टॉपर बनी है.कोमल को कुल 486 अंक प्राप्त हुये हैं.इससे कारमेल उच्च विद्यालय के शिक्षकों के अलावे कोमल के परिजनों में खुशी की लहर है.कारमेल उच्च विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि कोमल ने कोल्हान व जिला टॉपर बनकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है.यह हम सभी के लिए गौरव की बात है.कोमल की कड़ी मेहनत, लगन व शिक्षकों के मागदर्शन में ही उसने यह स्थान प्राप्त किया है. कोमल को हिन्दी विषय में 95, अंग्रेजी में 97, गणित में 99, विज्ञान में 99, सामाजिक विज्ञान में 96 अंक प्राप्त हुये हैं.इधर कोमल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के अलावे कारमेल उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिस्टर जगरानी व अन्य शिक्षकों के अलावे अपनी बुआ की बेटी को दिया.कोमल ने बताया कि कक्षा पांचवीं व छठवीं में वह पढ़ाई में उतनी बेहतर नहीं थी, लेकिन अपनी दूसरों बच्चों को पढ़ाई करता देख उसका भी पढ़ाई में मन लगने लगा और शिक्षकों ने भी भरपूर सहयोग किया.कोमल ने बताया कि उसका सपना इंजीनियर बनना है.लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है.उसने कहा कि बारहवीं की पढ़ाई विज्ञान से करने के बाद वह इंजीनियरिंग की तैयारी करना चाहती है.

ज्ञान ज्योति विद्यालय गम्हरिया के मैट्रिक का रिजल्ट 100 फीसदी

आदित्यपुर : ज्ञान ज्योति विद्यालय गम्हरिया का मैट्रिक का रिजल्ट 100 फीसदी रहा है. जैक बोर्ड द्वारा जारी रिजल्ट में विद्यालय की छात्रा लक्ष्मी माना को 89% मिला है जबकि तनु कुमारी 87% एवं दीक्षा प्रधान ने 86% अंक लाकर विद्यालय की दूसरी व तीसरी टॉपर बनी है. जैक बोर्ड की माध्यमिक परीक्षा में ज्ञान ज्योति विद्यालय से 40 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया था.सभी छात्र अच्छे अंकों से सफल घोषित किए गए हैं. 35 छात्र को 75% से अधिक अंक प्राप्त हुए हैं. जबकि 2 छात्र को 55% अंक मिले हैं. इस परीक्षा परिन पर विद्यालय परिवार द्वारा सभी छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई है. विद्यालय के निदेशक श्रीराम यादव ने सभी छात्रों के सुनहले भविष्य की कामना करते हुए सभी शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया है.

सिविल सर्जन ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

साहिबगंज : साहिबगंज के सिविल सर्जन डॉ. अरविन्द कुमार ने शुक्रवार को सदर अस्पताल साहिबगंज का औचक निरीक्षण किया. उन्होंने अस्पताल के ओपीडी, आईपीडी, प्रसव कक्ष, लैब, ब्लड बैंक, डायलिसिस यूनिट का जायजा लिया. अटेंडेंस रजिस्टर, डॉक्टरों के ड्यूटी रोस्टर व अस्पताल में साफ-सफाई का मुआयना किया. उन्होंने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों व पारामेडिकल स्टाफ्स को जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए अस्पताल आने वाले मरीजों को तुरंत इलाज उपब्ध कराने को कहा गया. इस मौके डीडीएम आईडीएसपी तौसिफ अहमद, जयराम यादव समेत अन्य कर्मी मौजूद थे.

RNI NO. JHAHIN/2013/54377 मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार मिश्रा द्वारा ''मिश्रा प्रकाशन" गौरीशंकर नगर ,नया बस्ती ,कडरू ,रांची , पिन कोड -834002 से मुद्रित एवं कार्यालय हिन्दी दैनिक ''दबंग हिन्द'', गौरी शंकर नगर, नया बस्ती, कडरू, रांची-834002 से प्रकाशित।
संपादक- रामाकांत दूबे ,मो. नं0. 9771998118 समाचार संपादक : अब्दुल कुद्दुस*, पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिये उत्तरदायी। फोन नं : 0651-2480574, 9905737601, E-mail : dabanghind@gmail.com

झारखंड समेत अन्य राज्यों में लेवी वसूली मामला

पीएलएफआई सदस्य विनोद मुंडा से एनआईए कर रही पूछताछ

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। झारखंड समेत कई राज्यों में लेवी वसूली के मामले में एनआई पीएलएफआई के सक्रिय सदस्य विनोद मुंडा से पूछताछ कर रही हैं. एनआईए की रांची ब्रांच की टीम ने विनोद मुंडा को पांच दिनों की रिमांड पर लिया है और पूछताछ कर रही है. गौरतलब है कि बीते 11 अप्रैल को टेरर फंडिंग मामले में उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के खिलाफ जांच कर रही एनआईए ने झारखंड के दो और असम के दो यानी कुल चार ठिकानों पर छापेमारी की थी. इस दौरान एनआईए ने झारखंड के खूंटी जिले से विनोद मुंडा को गिरफ्तार किया था. वह पीएलएफआई के सशस्त्र मारक दस्ते का सक्रिय सदस्य है. विनोद मुंडा झारखंड के थानों में दर्ज चार कांडों का वांछित था.

कोयला कारोबारियों और ट्रांसपोर्टरों से उठा रहा था लेवी : एनआईए ने जांच में पाया है कि उग्रवादी संगठन पीएलएफआई को मजबूत बनाने के लिए संगठन के उग्रवादी विभिन्न कोयला कारोबारियों, ट्रांसपोर्टरों, रेलवे ठेकेदारों, व्यवसायियों आदि से लेवी वसूल रहे थे. लेवी वसूलने के लिए ये उग्रवादी झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के कारोबारियों-व्यवसायियों को अपना निशाना बना रहे थे. झारखंड समेत कई राज्यों में लेवी वसूली मामले में एनआईए की जांच जारी है.

न्याय उलगुलान महारैली ऐतिहासिक होगी, यह रैली झारखंड नहीं पूरे देश की दशा-दिशा तय करेगी : इंडी गठबंधन

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। राजधानी के प्रभात तारा मैदान में 21 अप्रैल को आयोजित उलगुलान रैली को लेकर गुरुवार को कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया. इस संवाददाता सम्मेलन में इंडी गठबंधन के कांग्रेस से प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, जेएमएम के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, मनोज पाण्डेय, राजद से कैलाश यादव, भाकपा माले से नदीम खान, आप से रोहित श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित थे.

इंडी गठबंधन का अन्याय के खिलाफ यह शंखनाद होगा: कांग्रेस

मीडिया को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि यह रैली ऐतिहासिक होगी. साथ ही कहा कि अन्याय के खिलाफ यह शंखनाद होगा. उन्होंने कहा कि यह रैली न केवल झारखंड की बल्कि देश की दशा और दिशा तय करेगी. झारखंड संघर्षों की भूमि रही है. इस धरती से जो आवाज उठेगी वह केंद्र की सत्ता पलटने में कारगर साबित होगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल मुद्दों से सभी का ध्यान भटकाने का काम करते हैं. वह नवरात्र में मीट और मछली की बात तो करते हैं, लेकिन महंगाई और बेरोजगारी की बात नहीं करते. वह लगातार कई दौरे पर आये, कई इवेंट हुए लेकिन उनके मुंह से एक बार भी सरना धर्म कोड की बात बाहर नहीं आयी.

न्याय उलगुलान महारैली होगी ऐतिहासिक : जेएमएम

मीडिया को सम्बोधित करते हुए जेएमएम के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राजधानी में 21 अप्रैल को प्रभात तारा मैदान में जेएमएम की न्याय उलगुलान महारैली होनेवाली है. इसके लिए इंडी गठबंधन के नेताओं को भी न्योता दिया गया है. 2001 में मोरहाबादी मैदान में रैली हुई थी. लोग रैली में शामिल होने के लिए सुबह से जुट रहे थे. झारखंड की सबसे बड़ी रैली थी. जून का महीना था और रैली समाप्त होने के बाद भी अगली सुबह तक लोग रैली में पहुंचे थे. उन्होंने कहा कि यह न्याय उलगुलान महारैली भी ऐतिहासिक होगी.

दस सालों के झूठे सपनों का होगा पदार्फाश : आरजेडी

राजद के महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि जहां पर उलगुलान महारैली होगी वह इलाका भी एचईसी में आता है. एचईसी के कर्मियों को 22 महीने से वेतन नहीं मिला है. दस साल से बीजेपी के सांसद रहे. उनकी जवाबदेही तय होगी. हमारे वरीय नेता आयेंगे उनके सामने भी इन बातों को रखा जायेगा. दस सालों में जो झूठे सपने दिखाये उसका भी पदार्फाश करेंगे. जिस तरह से हमारे लोकप्रिय नेता हेमंत सोरेन को ईडी ने साजिश के तहत जेल भेजने का काम किया है. इंडिया काफी मजबूत है. 2024 लोकसभा चुनाव में हमलोग उन्हें बेनकाब करेंगे. भारी मतों से इस चुनाव में जीत दर्ज करेंगे.

रांची के पहाड़ी मंदिर में बनेगा शिव परिक्रमा पथ, मृग विहार से बढ़ेगी पहाड़ी मंदिर की रौनक

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। राजधानी रांची के ऐतिहासिक पहाड़ी स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद भक्तों को मंदिर की परिक्रमा करने की सुविधा जल्द मिलने वाली है. इसके लिए पहाड़ी मंदिर विकास समिति ने शिव परिक्रमा पथ के निर्माण का फैसला लिया है. साथ ही योजना के लिए डीपीआर बनाने का निर्देश भी दे दिया गया है. पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सचिव और झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य राकेश कुमार सिन्हा ने इसकी जानकारी दी है. राकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि पहाड़ी मंदिर के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ मृग विहार बनाने की भी योजना है.

करीब 350 फीट ऊंची पहाड़ी हिमालय से भी है पुरानी : रांची विश्वविद्यालय में भूगर्भ शास्त्र के प्रोफेसर डॉ नीतिश प्रियदर्शी कहते हैं कि जिस पहाड़ी पर भगवान भोलेनाथ विराजते हैं वह करीब 350 फीट ऊंची पहाड़ी हिमालय से भी पुरानी है. खोंडालाइट पत्थर से बना यह पहाड़ धरती की उत्पत्ति का इतिहास भी अपने आप में समेटे हुए हैं. समुद्रतल से करीब 2140 फीट ऊंची इस पहाड़ी का पत्थर अब भुरभुरा हो गया है और इसके संरक्षण की जरूरत है.

शिवरात्रि के दिन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने की थी खास घोषणा : शिवरात्रि के दिन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पहाड़ी मंदिर के कार्यक्रम में शामिल हुए थे. उस दौरान मुख्यमंत्री ने यह घोषणा की थी कि सरकार ऐसी व्यवस्था करने जा रही है कि पहाड़ी की चोट पर अवस्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर तक बुजुर्ग भी पहुंच सकें. उन्होंने कहा था कि बुजुर्ग और दिव्यांग चाह कर भी चोटी पर स्थित भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग का दर्शन नहीं कर पाते हैं. ऐसे में सरकार ऐसी व्यवस्था करना चाहती है कि सभी लोग भगवान भोलेनाथ का दर्शन कर सकें.

पहाड़ी मंदिर परिसर में पौधरोपण भी किया जाएगा : पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सचिव राकेश सिन्हा ने बताया कि पहाड़ी मंदिर के संरक्षण के लिए जहां पहाड़ी के चारों ओर गार्डवॉल बनाया जाएगा, वहीं पहाड़ी मंदिर के पहाड़ों पर मिट्टी का अपरदन रोकने के लिए सघन पौधरोपण किया जाएगा.

नशे के कारोबार के खिलाफ केंद्र और राज्य संयुक्त रूप से चलायें अभियान : झारखंड हाईकोर्ट

रांची। झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को नक्सलग्रस्त खूंटी जिले में बड़े पैमाने पर हो रही अफीम की अवैध खेती और नशे के बढ़ते कारोबार के खिलाफ स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई हुई. इस दौरान अदालत ने केंद्रीय एजेंसी और राज्य की इंटेलिजेंस एजेंसी को संयुक्त अभियान चला कर झारखंड में ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर रोक लगाने के लिए कड़ी कार्रवाई करने निर्देश दिया है. शुक्रवार को अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि खूंटी ट्राइबल जिला है और यह अफीम का बड़ा उत्पादक क्षेत्र बनता जा रहा है. यह अच्छा नहीं है. वहीं इस मामले में कोर्ट ने राज्य के गृह सचिव, डीजीपी, डीजी सीआईडी और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को प्रतिवादी बनाते हुए राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने का निर्देश दिया है कि झारखंड को कैसे ड्रग्स से मुक्त किया जाये? इस मामले में अब अगली सुनवाई 7 मई को होगी.

नक्सल अभियान में तेजी लाने में मददगार होगी एनएच 75ई सड़क, 45.59 करोड़ का प्रस्ताव

रांची से राउरकेला जाना भी होगा आसान

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। नेशनल हाइवे 75 ई से जुड़ी ग्रामीण सड़क को अब पथ निर्माण विभाग बनायेगा. पश्चिम सिंहभूम जिला अंतर्गत टेबो एनएच 75ई पर कोटागड़ा-रायगड़ा-सिमड़ा-हलमदा- डिंडपाय-जन्ते (सोनुआ-पनसुआ-गुदड़ी पथ) पर पथ निर्माण की योजना तैयार की गयी है. 27 किमी लंबी इस सड़क को 45.59 करोड़ की लागत से निर्माण किया जायेगा. वर्तमान में इसकी चौड़ाई 3.50 मीटर हे, जिसे बढ़ाकर 3.75 मीटर तक किया जायेगा. इंजीनियरों ने बताया कि प्रस्तावित पथ पश्चिम सिंहभूम के लिए महत्वपूर्ण रोड है. यह रोड एनएच 75ई के किमी 91 में अवस्थित टेबो ग्राम से प्रारंभ होकर सोनुआ-लोदाई-गुदड़ी पथ के 26वें किमी में अवस्थित लोदाई को जोड़ता है. रांची से टेबो-लोदाई होते हुए राउरकेला के लिए यह न्यूनतम दूरी मार्ग होग. केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों,

झाखंड जगुआर, जिला पुलिस के सहयोग से नक्सलियों के विरुद्ध वृहद पैमाने पर नक्सल अभियान चलाया जा रहा है. ऐसे में इस रोड का निर्माण को आवश्यक समझा गया है. इसके बनने पूरे इलाके की कनेक्टिविटी में सुधार आयेगा. बता दें कि इस रोड में 0.00 से 0.60 मीटर तक एनआरईपी से निर्मित है. वहीं 15.60 किमी डीएलपी से निर्मित है एवं 22 किमी रोड वनभूमि है. ग्रामीण कार्य विभाग से एनओसी लेकर इसे बनाने का प्रस्ताव है.

अबुआ आवास से 25 हजार से अधिक आवासों में काम शुरू

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। राज्य में 25 हजार से अधिक अबुआ आवास योजना से आवास निर्माण का काम प्रारंभ हो गया है. वित्तीय वर्ष 2023-24 से प्रारंभ हुई इस योजना से आवास निर्माण की प्रगति की लगातार समीक्षा की जा रही है. लगभग जिलों में इसका काम प्रारंभ हुआ है, लेकिन स्वीकृत आवास के लक्ष्य से काफी धीमा है. ग्रामीण विकास विभाग ने आवास निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाने की जानकारी मांगी है, लगभग 25 हजार लाभुकों के यहां आवास निर्माण कार्य शुरू हुआ है जिसका ऑनलाइन जियो टैगिंग कर दिया गया है, फोटो भी अपलोड किया गया है.

1.90 लाख आवास हुए हैं स्वीकृत : अबुआ आवास योजना से राज्यभर में 1.90 लाख आवास की स्वीकृति की गयी है. लेकिन इनमें से करीब 30 हजार लाभुकों को पहली किस्त की राशि नहीं दी गयी है. ऐसे में राज्य भर के 1.60 लाख लाभुकों के बीच पहली किस्त की राशि आवंटित की गयी. इनमें से करीब 25 हजार लाभुकों ने आवास निर्माण का काम शुरू किया है. लिंटल तक काम करने के बाद दूसरी किस्त की राशि दी जायेगी. पहली किस्त में 30 हजार रुपये दिए गये थे. इसके लिए करीब 550 करोड़ रुपये आवंटित किए गये थे.

इन जिलों के इतने लाभुकों के आवास हुए हैं स्वीकृत : चतरा-7820, देवघर- 9847, पूर्वी सिंहभूम-8138, गढ़वा-10003, गिरिडीह-17860, गोड्डा-9972, हजारीबाग-11648, जामताड़ा-5711, खूंटी-3887, कोडरमा-4591, लातेहार-5389, लोहरदगा-3228, पाकुड़-6649, पलामू- 13681, रांची-13226, साहेबगंज-7911, सरायकेला-खरसावां- 6437, सिमडेगा- 4443, प.सिंहभूम-10252, कुलः 160693.

एनडीए एकजुट होकर लड़ेगा चुनाव : बाबूलाल

प्रदेश, लोकसभा और विधानसभा स्तर पर बनेगी समन्वय समिति

देर शाम डेढ़ घंटे तक चुनावी रणनीति पर हुआ मंथन

दबग हिन्द संवाददाता

रांची। गुरुवार को देर शाम हुई एनडीए की बैठक चुनावी रणनीति पर मंथन हुआ. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के डिबडीह आवास पर रात्रि आठ बजे से शुरू हुई बैठक रात्रि के 9- 45 बजे तक चली. बैठक में आजसू, लोजपा और जदयू के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में एनडीए के सभी घटक दल पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे.

राज्य स्तर पर बनेगी समन्वय समिति : बाबूलाल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश स्तर पर सभी दलों से दो दो प्रतिनिधियों को मिलाकर राज्य स्तर पर समन्वय समिति बनेगी. इसी तर्ज पर लोकसभा एवम विधानसभा स्तर पर भी समिति बनेगी. पूरे देश में जनता फिर एकबार मोदी सरकार बनाने को संकल्पित है. जनता के आशीर्वाद से झारखंड की सभी 14लोकसभा सीट एनडीए जीतेगा.

चार जून को 400 पार का संकल्प भी पूरा होगा : बाबूलाल ने कहा कि 4 जून को 400 पार का संकल्प पूरा होगा. फिर एक बार मोदी सरकार के साथ 400 पार का पूरा करेंगे संकल्प बैठक में बीजेपी प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू,सांसद प्रदीप वर्मा,जदयू प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो, आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत, लोजपा के वीरेंद्र प्रधान और राजकुमार राज उपस्थित थे.

खाद्य और चारा प्रसंस्करण उद्योग में निवेश होगा 1500 करोड़

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। झारखंड खाद्य एवं चारा प्रसंस्करण उद्योग नीति के तरह वर्ष 2028 तक 1500 करोड़ रुपए निवेश किया जाएगा. इसके तहत एक सक्षम ढांचा बना कर झारखंड को वैश्विक कृषि प्रसंस्करण केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा. इस नीति में किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ खाद्य और चारा प्रसंस्करण उद्योग में वृद्धि पर जोर दिया गया है. ताकि झारखंड को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कृषि व्यवसाय केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके.

- झारखंड को कृषि-व्यवसाय केंद्र के रूप में किया जाएगा स्थापित
- भोजन और चारे में तकनीकी उन्नयन और क्षमता वृद्धि को दिया जाएगा बढ़ावा
- राज्य सरकार का किसानों की आय बढ़ाने पर है जोर
- परिवहन में दी जाएगा सब्सिडी

20 हजार लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार : इस नीति के तहत भोजन और चारा क्षेत्र में कम से कम 20, 000 व्यक्तियों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार देने की बात कही गई है. नीति में यह भी कहा गया है कि झारखंड में बंदरगाह नहीं होने के कारण रेल सड़क और हवाई मार्ग से परिवहन लागत बढ़ जाती है. इस कारण निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए निर्यातकों की लागत के आधार परिवहन सब्सिडी दी जाएगी. एक निर्यातक के लिए एक वित्तीय वर्ष में सब्सिडी की राशि 20 लाख रुपए से अधिक नहीं होगी. सब्सिडी की प्रतिपूर्ति बिल ऑफ लैडिंग (बीओएल) के विरुद्ध की जाएगी.

क्या है नीति का उद्देश्य

- कृषि-व्यवसाय, खाद्य में नई आधुनिकीकृत और संवर्धित इकाइयों के माध्यम से निवेश को आकर्षित करना
- प्रसंस्करण के स्तर को बढ़ाना और मूल्यवर्धन करना
- फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करना
- निर्बाध ह्वफार्म-टू-फोर्कह्व के लिए झारखंड में टिकाऊ बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज का निर्माण
- प्रौद्योगिकी उन्नयन और परिणामी संचालन दक्षता
- खाद्य और चारा प्रसंस्करण को प्रभावित करने वाले मौजूदा बुनियादी ढांचे के अंतराल को पहचानना
- खाद्य और चारा प्रसंस्करण में रोजगार पैदा करने के लिए उद्यमशीलता का विकास
- एकीकृत कोल्ड चेन और संरक्षण बुनियादी सुविधाओं के निर्माण की सुविधा प्रदान करना
- लघु वन उपज के प्रसंस्करण और स्वदेशी उपज को मुख्यधारा में लाने को बढ़ावा देना
- जनजातीय समूहों, वनवासियों और अन्य कमजोर समुदायों की आय में वृद्धि करना

झारखंड में किस फसल का कितना उत्पादन

- रबी फसल- 13.80 लाख मीट्रिक टन
- खरीफ फसल- 59.71 लाख मीट्रिक टन
- मिलेट- 14.34 हजार मीट्रिक टन
- फल- 13.12 लाख मीट्रिक टन
- सब्जी- 38.18 लाख मीट्रिक टन
- मीट- 0.79 लाख मीट्रिक टन
- अंडा- 0.88 बिलियन यूनिट
- मछली-2.57 लाख मीट्रिक टन
- वन उत्पाद- 73.71 मीट्रिक टन
- एक जिला एक उत्पाद के तहत चिन्हित उत्पादों का प्रसंस्करण
- जिला उत्पाद
- देवघर - डेयरी प्रोडक्ट
- दुमका - डेयरी प्रोडक्ट
- पूर्वी सिंहभूम - काजू
- हजारीबाग- गुड़
- जामताड़ा- चावल
- खूंटी- इमली
- कोडरमा- रागी
- लातेहार- महुआ
- लोहरदगा- हरा मटर
- पाकुड़- मीट प्रोसेसिंग
- रांची : मधु प्रसंस्करण
- साहिबगंज- अचार
- सरायकेला-खरसांवा- चिरौंजी
- पश्चिमी सिंहभूम- शरीफा
- बोकारो- चावल
- चतरा- टमाटर
- धनबाद- चावल
- गढ़वा- मिर्चा
- गिरिडीह- मक्का आधारित उत्पाद
- गोड्डा - लोबिया
- गुमला- आम के उत्पाद
- पलामू- दाल
- रामगढ़- आलू
- सिमडेगा- कटहल

एक नजर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को एक और मामले में हाईकोर्ट ने लगाई रोक

तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी मामला

रांची। तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी मामले में रामगढ़ थाने में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई. मामले में कोर्ट ने बाबूलाल मरांडी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाते हुए शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया है. साथ ही राज्य सरकार को तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. इससे पूर्व सिमडेगा मामले में भी उन्हें हाई कोर्ट से राहत मिली थी. दरअसल, आरोप है कि एक निजी यूट्यूबय चैनल ने सोशल मीडिया में झारखंड में बाबूलाल मरांडी की ओर से तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ दिए गए साक्षात्कार को अपलोड किया गया था. इसके खिलाफ झामुमो के कार्यकताओं ने राज्य के जिलों के 6 थाना रामगढ़, सिमडेगा, लोहरदगा, रांची, मधुपुर, साहिबगंज में प्राथमिकी दर्ज की थी. मामले को रामगढ़ थाना में कांड संख्या 196/ 2023, 22 अगस्त 2023 में दर्ज किया गया था, प्रार्थी की ओर से रामगढ़ थाना में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का आग्रह किया गया है.

जमीन कारोबारी रहे कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले के मुख्य आरोपी को नहीं मिली जमानत

रांची। जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या मामले के मुख्य आरोपी डब्लू कुजूर की जमानत याचिका अपर न्याययुक्त एमसी झा की कोर्ट ने खारिज कर दी. आरोप है कि डब्लू कुजूर और राहुल कुजूर के इशारे पर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी. 5 जुलाई 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार ऑफिस से अपने घर लौट रहे थे, उसी दौरान शूटरों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी. हत्याकांड को लेकर एसआईटी गठित की गई थी. मामले में डब्लू कुजूर, पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर समेत 10 आरोपियों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 269/2023 के दर्ज कराई गई थी. मामले के सभी आरोपी जेल में है. इनपर कोर्ट में 22 अप्रैल को आरोप गठित होना है. यह भी बता दें कि कारोबारी कमल भूषण की हत्या साल 2022 में रातु रोड के गैलेक्सियां मॉल के पास ताबड़तोड़ गोली मारकर की गई थी. इस मामले में भी डब्लू कुजूर, पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर समेत कई आरोपी के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 238/2022 दर्ज कराया गया था.

130 किलो गांजा की तस्करी के आरोपी स्वेत कुमार को 10 साल की सजा

रांची। अपर न्याययुक्त एमसी झा की कोर्ट ने 130 किलो गांजा की तस्करी के आरोपी स्वेत कुमार को 10 साल की सजा सुनाई है. साथ ही उसपर 1 लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया है. जुमार्ना नहीं देने पर अभियुक्त को 1 साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी. दरअसल, सिकिदरी थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली थी की एक स्विफ्ट कार में नशीली पदार्थ (गांजा) ले जाया जा रहा है. इस सूचना के आधार पर 8 अगस्त 2021 को सड़क पर चेकिंग की गई तो पुलिस को देखकर आरोपी कार छोड़ कर भाग गया था. पुलिस ने उसकी गाड़ी की तलाशी ली तो 18 बंडल गांजा और गाड़ी का ऑनर पेपर पाया गया था. गाड़ी का ऑनर पेपर से आरोपी तक पुलिस पहुंची और गिरफ्तार कर जेल भेजा था. मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 8 गवाह पेश किए गए थे. वहीं, बचाव पक्ष की ओर से 2 गवाह पेश किया गया था.

सासाराम से रांची लाकर ब्राउन शुगर बेचने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

रांची। सासाराम से रांची लाकर ब्राउन शुगर बेचने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार हुआ है. कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई की. इस दौरान रातू रोड स्थित आकाशवाणी के पास से गिरोह के सरगना पिंटू साह को गिरफ्तार किया गया. उसके पास से पुलिस ने 26 ग्राम ब्राउन शुगर समेत कई अन्य सामान बरामद किये हैं. शुक्रवार को अपने ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसएसपी चंदन सिन्हा ने यह जानकारी दी. पूछताछ के क्रम में पिंटू साह ने बताया गया कि उसके गिरोह के लोग सासाराम से रांची में ब्राउन शुगर की सप्लाई करते हैं, और बीच-बीच में खुद रांची लाकर भी देते हैं. आज भी कुछ लोगों को सासाराम से रांची में ब्राउन शुगर लेकर देने आया था. इसी दौरान पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया.

अनुशासनात्मक कार्यवाही में सेवा बर्खास्तगी की सजा से पहले कदाचार की गंभीरता पर विचार होना चाहिए : हाईकोर्ट

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने हाल ही में दिये अपने एक आदेश में कहा है कि अनुशासनात्मक कार्यवाही में सजा देने से पहले, प्रासंगिक परिस्थितियों के साथ-साथ कदाचार की गंभीरता ध्यान में रखी जानी चाहिए. दरअसल याचिकाकर्ता समलेंद्र कुमार, जो केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में हवलदार के पद पर नियुक्त हुए थे, उन्होंने अपनी मां की बीमारी के कारण सक्षम प्राधिकारी से छुट्टी स्वीकृत करवाकर छुट्टी ली थी. छुट्टी खत्म होने के बाद याचिकाकर्ता ने उस दिन रिपोर्ट नहीं की, जिस दिन उसे रिपोर्ट करनी थी. याचिकाकर्ता के मुताबिक उसने इस आधार पर छुट्टी की अवधि बढ़ाने के लिए आवेदन भेजा था कि उसकी मां का स्वास्थ्य और भी खराब हो गया है और वह पीलिया से भी पीड़ित है, लेकिन उनके अनुरोध पर कोई विचार नहीं किया गया. दूसरी ओर, प्रतिवादी का पक्ष यह था कि याचिकाकर्ता के आवासीय पते पर कई पत्र भेजे गये, लेकिन याचिकाकर्ता उपस्थित नहीं हुए. गिरफ्तारी का वारंट भी जारी किया गया. इसके बाद एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए सेवा बर्खास्तगी की गयी. इस मामले की सुनवाई कर रहे हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एसएन पाठक के कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता छुट्टी की अवधि से अधिक समय तक मजबूरी की परिस्थितियों में रुका. हालांकि कर्मचारी का कर्तव्य है कि छुट्टी की अवधि समाप्त होने के बाद तुरंत ड्यूटी में शामिल हो. लेकिन दंड देने से पहले कदाचार के प्रमुख कारण और अन्य सभी प्रासंगिक परिस्थितियों को ध्यान में रखा जाना चाहिए.

उलगुलान रैली को लेकर रांची में लगे पोस्टर

रांची। 21 अप्रैल को रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में उलगुलान न्याय महारैली रांची में राजनीतिक गतिविधियां बढ़ गई हैं. इसे लेकर जोर-शोर से तैयारी शुरू हो गई है. झारखंड की राजधानी रांची में बड़े-बड़े पोस्टर और हॉर्डिंग्स लगाये गए हैं. पोस्टर में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन की बड़ी तस्वीर लगाई गई है. वहीं दूसरे पोस्टर में झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों का फोटो सबसे ऊपर लगाया गया है. कुछ पोस्टर में शिबू सोरेन, सीएम चंपाई सोरेन की फोटो है. इसके बाद गठबंधन दल के नेता शिबू सोरेन, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, लालू यादव, फारुख अबदुल्लाह, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवंत मान, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, संजय सिंह, सीताराम येचुरी, दीपांकर भट्टाचार्य की भी तस्वीर लगाई गई है.

गुणवत्ता युक्त विद्युत आपूर्ति व उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान के लिए डीवीसी तत्पर : अध्यक्ष डीवीसी

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। दामोदर घाटी निगम के अध्यक्ष एस सुरेश कुमार ने कहा कि दामोदर घाटी निगम देश में गुणवत्ता युक्त बिजली उत्पादन वितरण और उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान के लिए हमेशा तत्व पर है श्री कुमार आज यहां डीवीसी के विद्युत उपभोक्ताओं के साथ वातार्लाप में कहा कि उपभोक्ता की उचित सलाह पर हम उचित कार्रवाई करने के लिए प्रयासरत हैं उन्होंने कहा कि डीवीसी उत्तम बिजली उत्पादन समाज और राष्ट्र के हित में कार्य करने के लिए पूर्ण प्रयासरत है उन्होंने कहा कि डीवीसी कमांड एरिया में विद्युत उत्पादन के लिए विस्तारीकरण और सामाजिक कार्य करने के लिए कटिबद्ध है। ओके पर अपने संबोधन में सदस्य तकनीकी एम रघुराम ने कहा कि डीवीसी उपभोक्ताओं को 24 घंटा बिजली उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है इसके लिए हमें देश के लोगों के सहयोग की जरूरत है उन्होंने कहा कि डीवीसी के पास वर्तमान समय में पर्याप्त मात्रा में कोयला है विद्युत उत्पादन और वितरण में देश में अग्रणी भूमिका निभा रहा है सदस्य सचिव जॉन मथाई ने कहा कि दामोदर घाटी

निगम देश और विदेश में विद्युत किया पूर्ति कर रहा है भारत की आजादी के बाद से ही देश और समाज की उन्नति के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है उन्होंने कहा कि डीवीसी विद्युत उत्पादन के साथ शिक्षा स्वास्थ्य सहित समाज की उन्नति के लिए अग्रसर रहा है देश की उन्नति के लिए हम सभी को एक साथ मिलकर काम करने की जरूरत है सदस्य वित्त आप सरकार ने डीवीसी की कार्य प्रणाली पर प्रकाश डाला और कहा कि डीवीसी का उत्थान देश और समाज के उत्थान से जुड़ा हुआ संस्था है डीवीसी आर्थिक और सामाजिक रूप से देश और समाज को समृद्ध साली बनाने के लिए सक्षम है इसके लिए कई परियोजनाओं पर काम चल रहा है आने वाले समय में डीवीसी विद्युत उत्पादन सहित अन्य सामाजिक कार्यों को सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएगा मौके पर डीबीसी के अध्यक्ष एस सुरेश को मारने उत्तम विद्युत उपभोक्ता के रूप में कोलकाता कार्बाइड मैहर एल वाइज सुंदरम स्टील प्राइवेट लिमिटेड और सियाजी इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधियों को मोमेंटम देकर सम्मानित किया समझ में सैकड़ो विद्युत उपभोक्ताओं ने भाग लिया और डीबीसी के क्रियाकलापों की प्रशंसा की इस मौके पर कार्यपालक निदेशक वित्त संजीव श्रीवास्तव सहित कार्यपालक निदेशक निलेश कुमार सिंह राजेश कुमार अंजनी दबे सुभाष सिंह मनोज कुमार ठाकुर अभिजीत घोष राजीव रंजन सिंह उपस्थित थे संचालन सर्वजीत सिंह और अरविंद कुमार ने किया।

भगवान महावीर का उपदेश सदैव प्रासंगिक अमन चैन शांति व अहिंसा मूल मंत्र : जैन

दबंग हिंद संवाददाता

चास। भगवान महावीर के 2623 वे जन्म उत्सव के परिपेक्ष में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा के झारखंड प्रांतीय महामंत्री श्याम सुंदर जैन ने बताया कि इस वर्ष भगवान महावीर स्वामी का जन्म उत्सव 21 अप्रैल रविवार को पूरे विश्व में एक साथ मनाया जाएगा तीर्थंकर भगवान के बाल ज्ञानी होते हैं उनके ज्ञान में तीनों लोक के तीनों कल के समस्त पदार्थ के समस्त पर्याय युगपत झलकती है इसलिए उनके उपदेश पर सदैव अप टू डेट होते हैं वह सर्वकालिक होते हैं सार्वभौमिक होते हैं श्री जैन ने कहा कि अहिंसा तीन कल में हमेशा अहिंसा ही रहेगी उसका कभी स्वरूप नहीं बदलने वाला है। तूने कहा कि देवलोक मनुष्य लोक न कि सबके

लिए भगवान के उपदेश एक समान होते हैं उसमें किसी क्षेत्र विशेष का भेद नहीं होता क्योंकि वह सार्वभौमिक होते हैं भगवान महावीर ने अपने जीवन में यह कभी नहीं कहा कि हम सब एक हैं बल्कि सदैव यह कहा कि हम सब एक जैसे हैं उनके इस क्षमता मूलक उपदेश ने प्राणी मात्र के हृदय में सह अनुभूति का भाव जागृत कर दिया। भगवान ने कहा था संसार में जितने भी प्राणी है वह सब सुख से जीना चाहते हैं दुख किसी को प्रिया नहीं है इसलिए किसी भी प्राणी को कष्ट मत पहुंचाओ और दूसरों के साथ ठीक ऐसा ही व्यवहार करो जैसा तुम खुद दूसरों से अपने प्रति अपेक्षा करते हो हां भगवान ने कहा कि आप अपने लिए उतने ही वस्तुओं का संग्रह करें जितनी आपकी आवश्यकता है आवश्यकता सादिक वस्तुओं का संग्रह दूसरों के अधिकार को छींटा है जिस वर्ग संघर्ष की स्थिति उत्पन्न होती है भगवान महावीर का जन्म कोई खास नहीं था उन्होंने अपने आरंभ के 30 वर्ष अपने राज प्रसाद में बिताए 12 वर्ष तक जंगल में जाकर कठोर साधना की तथा जीवन के बाकी 30 वर्ष उन्होंने अपने ज्ञान से प्राप्त रश्मि के दिव्या आलोक में मानव मनीषा के सप्त हृदय को जगाने में लगाया उल्लेखनीय है कि भगवान महावीर का निर्माण संवत देश और दुनिया के समस्त सम्वतों में सबसे प्राचीन है 2550 वर्ष। श्री जैन ने कहा कि भगवान महावीर 50 से अधिक देशों में पद बिहार कर धर्म का उपदेश दिया भगवान महावीर का उपदेश हर काल में प्रासंगिक है मनुष्य जन्म से नहीं कम से महान बनता है जियो और जीने दो अहिंसा परमो धर्म जैसे अनेक परोपकारी संदेश सदैव जीवंत रहेंगे।

मैट्रिक की परीक्षा में नेहा ने प्राप्त किया जिले में दूसरा स्थान

दबंग हिंद संवाददाता

तालगरिया। जैक बोर्ड द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में चंदनक्यारी प्रखंड के बाट विनोर निवासी महावीर महतो की पुत्री नेहा कुमारी जिले में दूसरा स्थान प्राप्त कर श्री महावीर जी उच्च विद्यालय में टॉपर होकर अपना नाम रोशन किया है नेहा के पिता मजदूरी करते हैं नेहा ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षक और माता-पिता को दी है नेहा ने कहा है कि वह आगे की पढ़ाई पूरी कर चिकित्सक बनाकर लोगों की

सेवा करना चाहती है प्राचार्य दीपक कुमार शौर्य ने कहा कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस बार अच्छा रहा है सभी सफल विद्यार्थियों को उन्होंने बधाई दी। एक अन्य समाचार के मुताबिक पवन महतो की पुत्री वर्षा कुमारी ने जिले में पांचवा स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया उसके पिता भी मजदूरी करते हैं वर्षा कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षक और माता-पिता को दिया है कहा कि सफलता के लिए लगन और मेहनत जरुरी है वह आगे की पढ़ाई पूरी कर इंजीनियर बनकर लोगों की सेवा करना चाहती है।

वोटिंग पर मीटिंग व वोटिंग पर पीटीएम कार्यक्रम आयोजित

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। हां सूचना भवन स्थित स्वीप कोषांग कार्यालय में उन नोडल पदाधिकारी प्रभास दत्त ने आयोजित संवाददाता सम्मेलन में वोटिंग पर मीटिंग एवं वोटिंग पर पीटीएम कार्यक्रम को लेकर हम मीडिया से कहा कि कार्यक्रम में जहां जीएसएलपीएस की समूह से जुड़ी दीदी शामिल होंगी वहीं वोटिंग पर पेटीएम कार्यक्रम में विद्यालय में अध्यनरत पेरेंट्स टीचर के बीच मीटिंग होगा इसके आयोजन को लेकर स्वीप कोषांग के प्रभारी सहयोगी पदाधिकारी ने तैयारी पूरी कर ली है कहा गया है कि इसका उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को आगामी 25 में को होने वाले मतदान दिवस के प्रति जागरूक करना है तथा छूते हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ना है ताकि चुनाव का पर्व देश के गर्भ में कोई भी अपने मताधिकार से

वंचित नहीं रहे मीटिंग में सभी मतदान केंद्र पर शुद्ध पेयजल शौचालय एवं दिव्यांग जनों के लिए रैंप ट्राई साइकिल वालंटियर की व्यवस्था है वृद्ध जनों के लिए वॉलिंटियर्स के साथ औरतों की व्यवस्था है मतदान केंद्र पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए अलग कतर एवं मतदान में प्राथमिकता की सुविधा एवं शहरी मतदान केंद्र में सेड कुर्सी एवं पार्किंग की व्यवस्था होगी। मतदाताओं की सुविधा के लिए वोटर हेल्पलाइन एप सी विजुल एप मतदान से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 जारी किया गया है। बताया गया है कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन यथा किसी भी धार्मिक स्थल मंदिर मस्जिद गुरुद्वारा चर्च इत्यादि एवं बिना गृह स्वामी की स्वीकृति के चुनाव प्रचार सामग्री लगाना दीवार लेखन पर सी विजिल एप के माध्यम से शिकायत कर सकते हैं।

मेडिकल प्लान को लेकर डीईओ ने की बैठक

अस्पतालों को एंबुलेंस की सूची तैयार करने का दिया निर्देश

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। समाहरणालय में जिला निर्वाचन पदाधिकारी डीसी ने लोकसभा आम निर्वाचन के तहत मतदान दिवस 25 में को लेकर मेडिकल प्लान से संबंधित सभी प्रखंड चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी एवं आयुष मित्रों के साथ बैठक की मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर दिनेश कुमार नोडल पदाधिकारी शालिनी खाल को प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार सहित अन्य चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान दिवस को लेकर सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया और कहा कि मतदान दिवस 25 में के दिन मतदान केंद्र पर मेडिकल टीम को सुनिश्चित करने के

लिए तैयार मेडिकल प्लान पर चर्चा की उन्होंने गर्मी को देखते हुए आवश्यक दवाई ओआरएस आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं स्वास्थ्य संस्थानों को भी अलर्ट मोड में रखने को लेकर जरूरी तैयारी करने को कहा उन्होंने सभी सरकारी एवं निजी अस्पताल मैं उपलब्ध एंबुलेंस अस्पताल प्रबंधन एवं एंबुलेंस चालकों आदि का मोबाइल नंबर के साथ अपडेट सूची तैयार कर निर्वाचन कोषांग को समर्पित करने को कहा। वही जरूरी सेवा के तहत कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी एवं निर्वाचन दायित्वों को लेकर प्रतिनिधित्व स्वास्थ्य कर्मी का फॉर्म 12 हड्डी भरकर अभिलंब पोस्टल कोषांग को समर्पित करने का भी निर्देश दिया।

हंसराज के 161वे जन्मदिन पर श्रद्धांजलि

दबंग हिंद संवाददाता

बांध कथारा। डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल कथारा में आज महात्मा हंसराज के १६१वें जन्मदिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।सभी शिक्षकों एवम विद्यार्थियो ने उन्हें पुष्प अर्पित करते हुए एक बेहतरीन कोरियोग्राफी प्रस्तुत की। इसके माध्यम से उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए सन्मार्ग पर चलने के लिए सभी को प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य सह डी ए वी झारखंड जोन जी के एआरओ बिपिन राय ने महात्मा हंसराज के अतुलनीय योगदान, उनके त्याग, परिश्रम और निष्काम सेवा जैसे गुणों को वर्णन करते हुए उन्हें सभी को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर विद्यालय के सीसीए कोऑर्डिनेटर सह अंग्रेजी शिक्षक श्री बी के दसौंधी, दयानंद सदन के इंचार्ज श्रीमति बिना कुमारी, अरबिंदो सदन के इंचार्ज मधु मल्लिका उपाध्याय विवेकानंद सदन के इंचार्ज रेखा कुमारी, श्रद्धानंद सदन के इंचार्ज आराधाना, वरिष्ठ शिक्षक श्री पंकज कुमार, श्री पी एन चौधरी,सहित अन्य उपस्थित थे।

धनबाद लोकसभा से उम्मीदवार घोषित होने पर, कांग्रेसियों में हर्ष

दबंग हिंद संवाददाता

बांध कथारा। कांग्रेस तथा आरसीएमयू के सदस्यों के महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह संचालन क्षेत्रीय सचिव विल्सन ने किया जिसमे धनबाद लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह के धर्मपत्नी अनुपमा सिंह को बनाए जाने पर हर्ष प्रकट किया गया। चुनाव कैंपेनिंग में क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में यूनियन और पार्टी के पदाधिकारी घोषित प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव में भाग लेंगे। महिला और स्वच्छ छवि का प्रत्याशी होने का लाभ निश्चित रूप से गठबंधन के प्रत्याशी को विजयी दिलाएगा। धनबाद लोकसभा राजेंद्र बाबू के

समय से अनुप बाबू भी अपने ट्रेड यूनियन एवं विधायक के रूप में हमेशा धनबाद लोकसभा क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख के सहभागी रहे हैं। निरंतर सेवा भाव से अपनी अलग पहचान बनाई है। जिसका लाभ निश्चित रूप से प्रत्याशी को मिलेगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा की लोकसभा के लोग राजेंद्र बाबू के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए गठबंधन के प्रत्याशी की जीत को सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर विजय यादव इस्लाम अंसारी रणजीत सिंह चंद्रशेखर प्रसाद वकील सुरेश राम सुजीत मिश्रा प्रमोद यादव कपिल यादव संतोष सिंन्हा देवाशिष आश अर्जुन चौहान बिंदु चंद हेंब्रम संतोष राम गोड पंचराम सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

भाजपा नेता ने मरीज को एंबुलेंस मुहैया कराकर भेजा रांची रिम्स

दबंग हिंद संवाददाता

फुसरो। फुसरो नगर परिषद स्थित जवाहर नगर निवासी बसंत वर्मा के अचानक तबियत खराब होने की सूचना मिलने पर भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह ने ढ़ोरी केंद्रीय अस्पताल लाया। चिकित्सक प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु रिम्स रांची रेफर कर दिया। भाजपा नेता श्री प्रकाश ने एंबुलेंस की व्यवस्था कर बेहतर इलाज के लिए राँची रवाना किया। इस अवसर पर मजदूर नेता कुंज बिहारी प्रसाद, विकास सिंह, उज्जवल मुखर्जी व राजेश वर्मा, समासेवी प्रदीप रवानी आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

भाजपा नेतृत्व के अनुसार काम करेंगे : रवींद्र

दबंग हिंद संवाददाता

फुसरो। पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने शुक्रवार को फुसरो स्थित आवासीय कार्यालय मे प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि संसदीय चुनाव मे भाजपा नेतृत्व से उन्हे जो निर्देश मिलेगा उसके अनुसार काम करेगे। सवाल के जवाब में श्री पांडेय ने कहा वह अपना मेडिकल टेस्ट कराने के लिए दिल्ली गए थे। एक मित्र के आग्रह पर वह कुछ समय के लिए कांग्रेस ऑफिस अवश्य गए थे, लेकिन उनके कांग्रेस ऑफिस में जाने का कोई

राजनीतिक कारण नहीं था। उन्होंने कहा कि वह भाजपा में है और कभी भी भाजपा छोड़ने की बात नहीं कहीं। श्री पांडेय ने कहा कि वर्ष 2019 में भाजपा से टिकट नही मिलने पर दूसरे दल से चुनाव लड़ने का मन बनाया था लेकिन भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं के कहने से भाजपा में ही बने रहे और आज भी एक अनुशासित सिपाही के तौर पर भाजपा में ही है। यदि कभी भाजपा छोड़कर दूसरे दल मे जाना हुआ या चुनाव लड़ना हुआ तो वह विधिवत पार्टी नेतृत्व को सूचना देकर ही कोई निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक दल है। श्री पांडे ने कहा भाजपा उन्हे 6 बार लोकसभा का टिकट देकर सांसद बनने का अवसर प्रदान किया जिसमे 5 बार उन्होंने जीत हासिल करने मे सफलता प्राप्त की।कहा कि इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्य से देश में जबरदस्त उत्साह है। लोग भाजपा के पक्ष में मतदान करना चाहते हैं। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यो के आधार पर भाजपा अन्य घटक दल के साथ मिलकर 400 से अधिक सीट जीतने में कामयाब होगी।

कोयला व्यापारियों ने कारो प्रबंधन से की लोकल सेल चलाने की मांग

दबंग हिंद संवाददाता

फुसरो। सीसीएल बीएडके एरिया के कारो ओसीपी से जुड़े कोयला व्यापारियों ने गुरूवार को नए पीओ शभू कुमार झा से परियोजना कार्यालय मे लोकल सेल मे आ रही समस्याओं से अवगत कराया। कहा कि एरिया सेल प्रबंधन के द्वारा कोयले उठाव मे भेदभाव की नीति अपनाई जा रही है। मौके पर व्यापारी मिठू सिंह, मुन्ना सिंह,टिरू महतो, गोरा सिंह, पप्पू सिंह, अनिल सिंह,अमित कुमार सिंह आदि ने कारो ओसीपी मे लोकल सेल सुचारु रूप से चलाने का मांग किया। कहा कि लोकल सेल चलने से डीओ होल्डर, ट्रक मालिक, चालक, ग्रामीण, विस्थापित, मैनुअल लोड़िंग मजदूर, महिलाओं व स्थानीय बेरोजगारों को लाभ मिलता है । पीओ शंभू कुमार झा ने कहा कि डीओ होल्डर की मांगों को गंभीरता पूर्वक से लेकर समाधान किया जायेगा। इस अवसर पर सेल ऑफिसर वी सी शुक्ला सहित डी पी सिंह, मिठू सिंह, अनिल सिंह, मुकेश सिंह, सोनू सिंह ,रोहित सिंह, विमोर सिंह, हिमांशु सिंह, संजीत सिंह, बिट्टू कुमार आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

एक नजर

मतदाता पहचान पत्र नहीं होने पर वैकल्पिक दस्तावेज से कर सकेंगे मतदान

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। हम मतदाता पहचान पत्र नहीं होने पर वैकल्पिक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड मनरेगा जॉब कार्ड बैंक डाकघर द्वारा जारी फोटो युक्त पासबुक ड्राइविंग लाइसेंस पैन कार्ड भारतीय पासपोर्ट फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड एनपीआर के अंतर्गत आर जीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड राज्य सरकार केंद्र सरकार एवं लोक उपकरण पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के द्वारा जारी फोटो युक्त सेवा पहचान पत्र दिखाकर मतदान किया जा सकता है वही किशोर किशोरी 26 अप्रैल तक फॉर्म सिक्स में अपना नाम जुड़वा सकते हैं मौके पर श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार प्रभारी पदाधिकारी डीपीआरओ साकेत कुमार पांडे प्रभारी पदाधिकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी जगन्नाथ लोहार जेएसएलपीएस प्रकाश रंजन प्रभारी पदाधिकारी जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सहायक नगर आयुक्त सुश्री प्रियंका कुमारी जिला नियोजन पदाधिकारी मनोज मनजीत सहित अन्य पदाधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

पैड लीव होता है मतदान दिवस

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। मतदान दिवस को महापर्व के रूप में मनाना एवं सब की सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर सभी को प्रेरित करना है खुद मतदान करें एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें बताया गया है कि मतदान दिवस पर दिलीप होता है जानकारी दी गई है कि मतदान की तिथि को किसी समूह व्यक्ति द्वारा मतदाताओं को किसी भी प्रकार का प्रलोभन जैसे शराब या अन्य नशीला पदार्थ पैसा उपहार इत्यादि वितरण की सूचना या डराने धमकाने एवं शास्त्र के प्रदर्शन की सूचना उपयुक्त पुलिस अधीक्षक संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी को या जिला नियंत्रण कक्ष के मोबाइल नंबर 89866 033 तथा 06542 223705 पर दिया जा सकता है।

विशेष लोक अदालत को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने की बैठक

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो अनिल कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय बोकारो में एन आई एक्ट एवं इलेक्ट्रिसिटी कैसे से संबंधित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत जो मासिक लोक अदालत के साथ आगामी 27 अप्रैल को होना है के संबंध में शुक्रवार को बैठक किया जिसमें उपरोक्त धाराओं से संबंधित अधिवक्ता उपस्थित हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मिश्रा ने सभी अधिकारी गण एवं अधिवक्ता से अपील किया कि संबंधित मामलों के पक्षकार गण को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए जागरूक करें उक्त जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के प्रभारी सचिव सुरे निभार रंजन लकड़ा ने बताया कि इस विशेष लोक अदालत के माध्यम से एन आई एक्ट एवं इलेक्ट्रिसिटी कैसे से संबंधित अधिक से अधिक वादों का निपटारा करना है ताकि पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय मिल सके पक्षकारों को इसकी सूचना मोबाइल एवं अन्य साधनों के माध्यम से लगातार दी जा रही है उन्होंने पक्षकारों से अनुरोध किया कि वह किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर अपने मामलों को इस विशेष लोक अदालत में रखवा सकते हैं।

चुनाव का बहिष्कार करेंगे ग्रामीण

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। झारखंड विस्थापित समाज के सचिव अलाउद्दीन अंसारी ने उपायुक्त को पत्र लिखकर कहा है कि चास प्रखंड के अंतर्गत छूटे हुए गांव को पंचायत गठन हेतु अधिसूचना जारी नहीं करने के कारण आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे दिए गए पत्र में कहा है कि लोकसभा धनबाद विधानसभा क्षेत्र संख्या 36 बोकारो के मतदाता लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे कारण यह है कि 19 गांव के प्रस्तावित 6 पंचायत कुंडोरी पचौरा महेशपुर बैदमारा महुआर उत्तरी और दक्षिणी राज्य सरकार के समक्ष लंबित है पत्र में कहा गया है कि पंचायत का गठन नहीं होने की वजह से राज्य एवं केंद्र सरकार से मिलने वाली सभी योजनाओं से वे लोग वंचित रहते हैं पंचायत गठन के लिए ग्रामीण जन संगठन एवं विभिन्न राजनीतिक पार्टी द्वारा मांग की जाती रही है लेकिन राज्य सरकार द्वारा टालमटोल की नीति अपनाई गई है जिसके वजह से ग्रामीणों में आक्रोश है सभी ग्रामीणों ने एक ही विकल्प चुना है कि वह लोग लोकसभा और विधानसभा के चुनाव का बहिष्कार करेंगे पत्र में प्रयुक्त से यह मांग की गई है कि समय रहते उपरोक्त प्रस्तावित जिला से राज्य सरकार को भेजा गया है उसे अभिलंब अधिसूचना और जिला गजट में प्रकाशित की जाए। यह जानकारी सचिव अलाउद्दीन अंसारी ने दी।

उलगुलान न्याय महारैली में आम आदमी पार्टी की होगी सशक्त भागीदारी : राकेश

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो सिटी। आगामी 21 अप्रैल को रांची के प्रभात तारा मैदान में इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव एलाइंस द्वारा आयोजित उलगुलान न्याय महा रैली में अन्य घटक दलों के साथ आम आदमी पार्टी सशक्त भागीदारी निभैगी रांची में आपके राष्ट्रीय नेता पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सुनीता केजरीवाल और सांसद संजय सिंह शामिल होंगे आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक देवनाथ सिंह के नेतृत्व में झारखंड के सभी 24 जिलों से हजारों कार्यकर्ता महारैली में शामिल हो गई यह जानकारी आपके प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने देते हुए बताया कि सभी जिलों के जिला संयोजक और प्रदेश पदाधिकारी ने तैयारी बैठक कर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति सुनिश्चित कर लिया है विशेष तौर पर बोकारो में जिला संयोजक विधान चंद्र राय और धनबाद में जिला संयोजक अशोक महतो के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में आप कार्यकर्ता महारैली में भाग लेंगे।

बाबा चौहर मल मंदिर परिसर में जयंती को लेकर हुई समीक्षा बैठक

दबंग हिंद संवाददाता

बोकारो। सेक्टर 4 स्थित जय बाबा चौहरमल मंदिर प्रांगण में पूजा समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम पासवान की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें 21 अप्रैल को राहु पूजा एवं चौहरमल जयंती की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की गई जिसमें उन्होंने पासवान समाज के लोगों से ज्यादा से ज्यादा संपर्क कर पूजा को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की। इसके अलावा सभी सेक्टर में कमेटी बनाई गई और सभी को जिम्मेदारी दी गई मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में पूजा को सफल बनाने का निर्णय लिया बैठक में मुख्य रूप से सचिव वीरेंद्र पासवान कोषाध्यक्ष डॉ इंद्रदेव पासवान उपाध्यक्ष सुनील कुमार मंजय पासवान संजय पासवान महावीर पासवान बैजनाथ पासवान सुमन पासवान विनोद भारती पुरोहित लाल बाबा एवं समाज के दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

अखंड भारत ने किया राम नवमी पर राम भक्तो का भव्य स्वागत, वितरित किए पुरस्कार

तनीम न्यूज संवाददाता

रांची। राम नवमी के शुभ अवसर पर अखंड भारत ने राजेंद्र चौक पर स्टॉल लगा कर राम भक्तो का स्वागत एवम प्रसाद वितरण किया। अध्यक्ष श्री ब्रजेश सिंह की निरीक्षण मे जुलूस में आए अनेकों झंडो, डंको, झांकियो को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया। इनमे श्री श्री महावीर मंडल, संकट मोचन मंदिर समिति लालपुर, श्री महावीर मंडल फूलवारा समिति, बिरसा चौक महावीर स्थान बजरंग सेना, लोअर हिनू महावीर मंडल, श्री लक्ष्मण सेना पत्थर रोड, श्री राम सेना चुटिया, भवानी महावीर मंडल लोहाडीह, सत्यभामा ग्रैंड कुसई महावीर समिति, पहाड़ी मंदिर भोले की फौज आदि शामिल थे। प्रथम पुरस्कार (झंडा में) श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर विद्यानगर, (डंका में) पंडरा महावीर मंडल, (झांकी में) केतारी बगान चुटिया ने जीता। इसी बीच महिला शक्ति को भी चुंदड़ी एवम शॉल से सम्मानित किया गया एवम समाज सुधार के लिए प्रोत्साहित किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में अनेकों कार्यकताओं ने पिछले १२ वर्षो से सहयोग किया है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद के निदेर्शानुसार आसन्न लोकसभा आम चुनाव को लेकर बलियापुर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह द्वारा अलकडीहा, मुकुंदा एवं सुरुंगा पंचायत के कुल 13 मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण एवं सत्यापन किया गया। मुकुंदा पंचायत अवस्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुकुंदा के मतदान केंद्र संख्या 286, 287 में शौचालय की मरम्मत कर ली गई है और नया दरवाजा लगा लिया गया है। मतदान केंद्र संख्या 290 नया प्राथमिक विद्यालय हरिबोल थान मुकुंदा में रैंप का सुदृढ़ीकरण कराया जा रहा है। इस संबंध में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक को

अविलंब एएमएफ सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। सुरूंगा पंचायत स्थित मतदान केंद्र संख्या 302, 303, 304, 305 उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुरुंगा में चापाकल खराब था, जिसकी मरम्मत करा दी गयी है। मतदान केंद्र संख्या 306 प्राथमिक विद्यालय जगनकोच का भी निरीक्षण कर एएमएफ सुदृढ़ीकरण के संबंध में किया जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र अवस्थित संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता, परिसर की सफाई, शौचालय की सफाई करने का विशेष निर्देश दिया गया। इस दौरान संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक उपस्थित थे।

बेहतर कार्यालयीय कार्य के लिए 6 डीवीसी कर्मी सम्मानित

दबंग हिंद संवाददाता

मैथन। मैथन डीवीसी परियोजना स्थित मिश्रित भवन के प्रेक्षागृह में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक असैनिक सह परियोजना प्रधान अंजनि कुमार दुबे थे। इस दौरान मार्च में बेहतर ढंग से कायार्लीय कार्य निष्पादित करने हेतु कुल 6 सर्वश्रेष्ठ कार्मिकों को सम्मानित किया गया। सभी को परियोजना प्रधान द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। सम्मानित कर्मियों में वरिष्ठ महाप्रबंधक टीएससी कार्यालय प्रबंधक विद्युत तरुण कुमार, उप महाप्रबंधक विद्युत कर्णपुरा सब स्टेशन ट्रांस भूषण सिंह, सहायक प्रबंधक मानव संसाधन मैथन तापस राय, वरिष्ठ कॉस्ट लेखापाल यूएओ मैथन देबमालय दास, सहायक नियंत्रक विद्युत रामगढ़ सब स्टेशन ट्रांस आसित मंडल, स्किल्ड खलासी टीएससी-1 दुगार्पुर निर्मल घोष शामिल थे। परियोजना प्रमुख ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र में बेहतर सेवा देना राष्ट्र की उन्नति में बेहतर योगदान है। मौके पर वरिष्ठ महाप्रबंधक संतोष सिन्हा महापात्र, संगीत कुमार सिन्हा, अभिजीत चक्रवर्ती, रामस्नेह शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक बीसी कुमार, हिंदी अधिकारी सह उप जनसंपर्क पदाधिकारी अरविंद कुमार सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

गोरगा बस्ती में मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन लाख की शराब जब्त

दबंग हिंद संवाददाता

निरसा। उत्पाद विभाग ने आज निरसा थाना क्षेत्र के गोरगा बस्ती में छापेमारी कर अंग्रेजी शराब की अवैध मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए अंग्रेजी शराब जब्त की। विभाग द्वारा जब्त शराब में 14 पेटी में 124 लिटर विभिन्न ब्रांडों की शराब, गैलन में रखा 350 लिटर स्प्रिट, 4 लिटर केरोमिल, अलग अलग ब्रांड के लेबल, रैपर भी बरामद किये गये हैं। मैकडॉवेल, बी 07 ब्रांड की शराब भी बरामद की गयी है। इन अवैध शराब की कीमत लगभग तीन लाख रूपया बतायी जा रही है। बताया जाता है कि अवैध शराब मामले मे पहले से आरोपी विकास साहनी मुख्य धंधेबाज है, जिसने स्थानीय एक आदिवासी के घर के पास अवैध शराब निर्माण के लिए किराये पर घर ले रखा था। अवैध शराब चुनाव के समय खपाने के लिए बनायी गयी थी। शराब माफिया विकास साहनी फरार बताया जा रहा है। उसके विरुद्ध क्राइम कंट्रोल एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग ने वरीय पुलिस अधिकारी से अनुशंसा की है। सहायक उत्पाद आयुक्त संजय कुमार मेहता के अनुसार डीसी, एसएसपी और चुनाव आयोग के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ लगातर छापेमारी चल रही है। चुनाव शुरू होने से पूर्व अभी तक 10 लाख रुपए की शराब जब्त की जा चुकी है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

धार्मिक स्थलों में पोस्टर लगा बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण का आह्वान

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण के लिए झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा धनबाद जिला में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सहयोग से सघन अभियान चलाया जा रहा है। जिला के करीब 300 मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारा, गिरिजाघरों में बाल विवाह मुक्त भारत का पोस्टर लगाया गया है। ट्रस्ट के संस्थापक प्रो॰ शंकर रवानी ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण के लिए धनबाद जिला के 150 गांवों में सघन जागरूकता कार्य किया जा रहा है। श्री रवानी ने कहा कि अक्षय तृतीया के अवसर पर बड़े पैमाने पर विवाह होते हैं, जिसमे बाल विवाह भी शामिल है। इसलिए ट्रस्ट द्वारा धनबाद जिला के सभी धार्मिक स्थलों के पंडित, पुजारी,

मुलवी, पादरी, ग्राम प्रधान को बाल विवाह नहीं कराने की शपथ दिलाई जा रही है एवं धार्मिक स्थलों में पोस्टर के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। श्री रवानी ने सभी धार्मिक गुरुओं से बाल विवाह मुक्त समाज बनाने में सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण अभियान के तहत धनबाद जिला में अभी तक 2,68000 लोगों को शपथ दिलायी जा चुकी है। अभियान को सफल बनाने में ट्रस्ट के बिनोद महतो, नईमुद्दीन अंसारी, सीता कुमारी, बेला कुमारी, दीपा रवानी, भागीरथ सिंह, मुमताज अंसारी, सुमित्रा देवी, चंदा कुमारी, असरफ अंसारी, मोहन रजक, योगेश्वर रवानी, कामेश्वर महतो, निजामुद्दीन अंसारी, नितेश कुमार वर्मा, सागर रवानी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

महात्मा हंसराज को दी गयी श्रद्धांजलि

दबंग हिंद संवाददाता

जोड़ापोखर। टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा की प्रार्थना सभा में प्राचार्य ने महात्मा हंसराज के चित्र पर माल्यार्पण किया और शिक्षकों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्राचार्य ने महात्मा हंसराज के जीवन दर्शन के बारे में बताया और बच्चों को उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। बच्चों ने भजन, नृत्य और भाषण के माध्यम से महात्मा हंसराज की महानता को साझा किया। स्कूल के 600 छात्रों ने महात्मा हंसराज के सम्मान में शोभायात्रा में भाग लिया। बच्चों ने महात्मा हंसराज की वेशभूषा में सम्मिलित होकर शोभायात्रा की सुंदरता बढ़ायी। इस दौरान टाटा अस्पताल द्वारा एक एम्बुलेंस की व्यवस्था की गयी थी। जोड़ापोखर पुलिस भी उपस्थित रही।

बासंती दुर्गा पूजा में डांस प्रतियोगिता और प्रतिमा विसर्जन

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। बलियापुर प्रखंड अंतर्गत बाघमारा पंचायत की कुंवरडीह बस्ती में बासंती दुर्गा पूजा के अवसर पर बुगी वुगी डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में श्रेया दे, राखी महतो, सारथी कुमारी, श्वेता महतो, पूर्वा दे, कोयल कुमारी, मंदिरा कर्मकार, अभिजीत गोराईं, लक्ष्मी गोराईं, सोमनाथ सरकार, अष्टमी बनर्जी, अनन्या सरकार, आराध्या सरकार, रूपाली दे, ज्योति कुमारी, देव कुमार, विवेक कुमार, तृप्ति कुमारी, शशि गोराईं, दिव्या सरकार, राखी मुखर्जी सहित दर्जनों बाल कलाकारों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा दिखा कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। प्रतियोगिता में

रूपाली दे प्रथम, द्वितीय अराध्या सरकार, एवं अनन्या सरकार को तृतीय विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी उपस्थित हुई। उन्होंने कलाकारों के प्रदर्शन को सराहा और कहा कि इस तरह का कार्यक्रम हर जगह होना चाहिए। इससे ग्रामीण बच्चों को प्रतिभा दिखाने का मौका तथा मंच मिलता है। अभिभावक भी बच्चों की रुचि के अनुसार उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास करें। इस अवसर पर विजेताओं के अलावा सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही विजया दशमी के अवसर पर महिलाओं ने सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा को विदाई दी तथा प्रतिमा को विसर्जित किया गया। मौके पर पुजारी जय बनर्जी, पंचायत समिति सदस्य गीता देवी, अनिमा देवी, संतोष महतो, रवींद्र नाथ सरकार, निमाई सरकार, गौतम सरकार, गणेश गोराईं, भोजोहोरी गोराईं, प्रबोध गोराईं, रासु महतो, पवन महतो, आशीष चटर्जी, आलोक चटर्जी, सत्यनारायण गोराईं, मोती महतो, नियति सरकार, सुमित्रा गोराईं, लक्ष्मी गोराईं, छाया रानी सरकार, सीमा रानी सरकार, अनूप गोराईं, विमल सरकार, काजल सरकार आदि उपस्थित थे।

कार्मल स्कूल डिगवाडीह में नयी कैबिनेट का गठन

दबंग हिंद संवाददाता

जोड़ापोखर। कार्मल स्कूल डिगवाडीह में के सभागार में आज सत्र 2024-2025 के लिए नई कैबिनेट का गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वर का स्मरण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान लगभग 26 छात्राओं को बैज और सैश देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्या सिस्टर शिल्वी और उप प्राचार्या सिस्टर प्रिस्का द्वारा विद्यालय की कप्तान कनक कुमारी और उप कप्तान हेतल शाह को बैज और सैश देकर सम्मानित किया गया। कैबिनेट ने शपथ ली कि वह अपने दायित्व का निर्वाह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करेगा। कार्यक्रम में कैबिनेट प्रभारी

अविनाश कौर और सोम चक्रवर्ती के साथ सभी शिक्षक और छात्राएं उपस्थित थीं।

शहीद जवान प्रज्ञानंद सिंह को विधायक पूर्णिमा और ढुल्लू ने दी श्रद्धांजलि

दबंग हिंद संवाददाता

जोड़ापोखर। जामाडोबा जीतपुर निवासी सेवानिवृत टिस्को कर्मी व भूतपूर्व सेना के जवान गजेन्द्र सिंह के छोटे पुत्र जम्मू कश्मीर के उधमपुर कैंप में बलिदान हुए आर्मी के 34 वर्षीय प्रज्ञानंद सिंह को आज जीतपुर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में झरिया विधायक सह सत्तारूढ़ दल की सचेतक पूर्णिमा नीरज सिंह व भाजपा विधायक सह सांसद प्रत्याशी ढुल्लू महतो सहित सैकड़ों लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह व सांसद प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने शहीद जवान की माता, पिता तथा पत्नी को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। विधायिका पूर्णिमा ने बलिदानी प्रज्ञानंद की प्रतिमा स्थापित करने का आश्वासन देते हुए कहा कि शहीद की मूर्ति ऐसी जगह स्थापित की जायेगी, जिससे लोगों को देश सेवा की प्रेरणा मिलती रहे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, भाजपा नेता योगेन्द्र यादव, उचित महतो, मृणालकांत सिंह, विकाश सिंह, सिंटु सिंह, रवि थापा, अमित आर्यन, हरेंद्र यादव, त्रिलोचन तिवारी, विकाश सिंह, गौरव चक्रवर्ती आदि उपस्थित थे।

कोयला उत्पादन और डिस्पैच में बीसीसीएल ने रचा इतिहास : सीएमडी

बरोरा क्षेत्र के सभी कर्मियों को समारोह में किया गया सम्मानित

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। कोयला राजधानी धनबाद में देश को कोयला उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रही भारत कोकिंग कोल लिमिटेड की बात ही निराली रही है। वर्ष 2023- 24 में बीसीसीएल ने कोयला उत्पादन के क्षेत्र में इतिहास रखते हुए 41.10 मिलियन टन कोयल उत्पादन करते हुए डिस्पैच और ओबीआर में शानदार प्रदर्शन कर कृतिमान स्थापित किया है। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए बीसीसीएल के बरोरा एरिया अग्रणी रहा अर्थात सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के तहत 5.4 मिलियन टन उत्पादन के साथ डिस्पैच में रेल द्वारा 1122 रैक डिस्पैच किया। इसमें रोड सेल से 190.0 प्रतिशत डिस्पैच किया।

बरोरा क्षेत्र के कुल उत्पादन विशेष रूप से एमपी कोलियरी का 4.8 मिलियन टन, 4.76 मिलियन टन डिस्पैच तथा 6.8 मिलियन टन ओबीआर के साथ सर्वश्रेष्ठ भूमिका निभाई। एएमपी कोलियरी के साथ सभी कर्मियों को सम्मानित कर उनके उत्साह वृद्धि के लिए बरोरा क्षेत्र द्वारा कोलियरी में समारोह आयोजित कर सभी कर्मियों को सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कंपनी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) समीरन दत्ता के साथ निदेशक कार्मिक मुरली कृष्ण रमैया, निदेशक तकनीकी संचालध संजय कुमार सिंह, बरोरा क्षेत्र के महाप्रबंधक पीयूष किशोर ने अहम् भूमिका निभाई। सीएमडी समीरन दत्ता ने बेहतर उपलब्धि के लिए महाप्रबंधक पीयूष किशोर को धाकड़ महाप्रबंधक कहकर उनका उत्साहवर्धन किया। विदित हो कि बीसीसीएल की कार्यशैली में भूमि अधिग्रहण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसके तहत बीसीसीएल ने 16.455 एकड़ भूमि 2023-24 में अधिग्रहण किया, जो बड़ी चुनौती थी। इसके लिए उन्होंने पीयूष किशोर की जोरदार प्रशंसा की। मौके पर बीसीसीएल के तमाम अधिकारी व कर्मी सहित आम जनता उपस्थित थी।

बाहरी उम्मीदवार के खिलाफ कांग्रेस नेता ललन चौबे ने दिया इस्तीफा

दबंग हिंद संवाददाता

जोड़ापोखर। कांग्रेस के विधायकों को तोड़कर झारखंड सरकार गिराने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले विधायक अनूप सिंह कि पत्नी अनुपमा सिंह को धनबाद से सांसद प्रत्याशी बनाने से नाराज कांग्रेस के झारखंड प्रदेश कांग्रेस सदस्य सह इंटक नेता ललन चौबे ने आज भागा स्थित अपने आवास पर प्रेस कांफ्रेंस कर कांग्रेस के सभी पदों एवं प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया। श्री चौबे कांग्रेस के दिग्गज नेता

हैं, जिन्होंने इस्तीफा देकर चुनावी वक्त में कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है। श्री चौबे ने संवाददाता सम्मेलन कर कांग्रेस के प्रदेश एवं केंद्रीय नेताओं पर करोड़ों रुपया लेकर टिकट बेचने का आरोप लगाया तथा एक पेपर के न्यूज क्लिप का हवाला देते हुए कहा कि विधायक अनूप सिंह कोयले के अवैध धंधे में रोजाना एक करोड़ की अवैध कमाई करने के आरोपित हैं। उनके दिवंगत पिता राजेन्द्र सिंह भी रिम्स पास घोटाला के आरोपी थे। इसके बाद भी कांग्रेस ने जिले के समर्पित लोगों की उपेक्षा कर घरेलु महिला, जिन्होंने घर की चौखट तक कभी नहीं लांघी, को टिकट देकर कांग्रेस ने धनबाद सीट खो दी है। लगता है कि कांग्रेस ने जानबूझ कर भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए अनुपमा सिंह को प्रत्याशी बनाया है। उनको उमीदवार बना कर कांग्रेस ने पार्टी के समर्पित कार्यकताओं का अपमान किया है। ललन चौबे ने कहा कि धनबाद लोकसभा सीट से 11 लोगों ने टिकट की दावेदारी की थी, मगर वरीय नेताओं ने करोड़ों रुपए लेकर टिकट बेचा और कार्यकताओं को अपमानित कर कांग्रेस का बेडा गर्क कर दिया है। पार्टी के निर्णय से आहत होकर वे हजारों समर्थकों के साथ आज उन्होंने अपना त्यागपत्र प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और प्रभारी को भेज दिया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही समर्थकों के साथ बैठक कर आगे की रणनीति की घोषणा करेंगे। अब देखना यह है कि विरोध के स्वर को धनबाद कांग्रेस, प्रत्याशी अनुपमा सिंह व विधायक अनूप सिंह कैसे नियंत्रित कर पाते हैं। पत्रकार वार्ता में इंटक नेता धर्मेंद्र सिंह, रोहित सिंह, कृष्णकांत तिवारी, सोनू सिंह, विजय चौबे आदि उपस्थित थे।

एक नजर

वाहन जांच के दौरान 5.50 लाख रुपए सहित कार जब्त

दबंग हिंद संवाददाता

मैथन। आसन्न लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त कराने को लेकर झारखंड-बंगाल अंतरराज्यीय सीमा पर चलायी जा रही सघन वाहन जांच के क्रम में मैथन डैम पर पुलिस ने 5.50 लाख रुपये के साथ एक लग्जरी कार जब्त की है। कार झारखंड से पश्चिम बंगाल के लेफ्ट बैंक जा रही थी। कार चालक पैसा का सही स्त्रोत नहीं बता पाया। पुलिस ने बताया कि झारखंड से बंगाल जा रहे एसयूबी कार नम्बर जेएच 10 आरवाई 2487 को रोककर जांच की गयी, तो पांच लाख पचास हजार रुपये बरामद किये गये। कार सवार व्यक्ति पश्चिम बंगाल के लेफ्ट बैंक का रहने वाला विनोद यादव बताया जा रहा है। मैथन पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मनाया गया महात्मा हंसराज का जन्मदिवस

दबंग हिंद संवाददाता

जोड़ापोखर। डीएवी बनियाहीर में देश के महान शिक्षाशास्त्री, त्याग की प्रतिमूर्ति व अद्वितीय व्यक्तित्व के धनी महात्मा हंसराज का जन्मदिवस मनाया गया। प्राचार्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर महात्मा हंसराज के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। तत्पश्चात शिक्षक जयप्रकाश सिंह ने महात्मा हंसराज के आदर्शोन्मुखी जीवन पर प्रकाश डाला। इस क्रम में बच्चों ने अपने अभिभाषण में उनके जीवन के स्मरणीय पलों को याद कर सबको भावुक कर दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रचार्य ने बच्चों और शिक्षकों से त्याग की प्रतिमूर्ति महात्मा हंसराज के जीवन के उच्च आदर्शो को अपने जीवन में उतारने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डीके पाणिनी, शुभांकर सरकार, असीम प्रियदर्शी, वरिष्ठ शिक्षिका सोमा बनर्जी आदि उपस्थित थे।

मैट्रिक परीक्षा में नेहरू बालिका उच्च विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। तेतुलमारी के सुभाष चौक स्थित नेहरू बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने जैक मैट्रिक के परिणाम में शत-प्रतिशत सफलता पाकर विद्यालय का नाम रौशन किया है। शिवानी कुमारी ने 94 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान पाकर विद्यालय में टॉप पर रही, जबकि सिमरन कुमारी 93 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय, जूही कुमारी सिंह 81 प्रतिशत व छाया कुमारी 81 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय से कुल 86 में 49 प्रथम व 37 ने द्वितीय स्थान लेकर विद्यालय का मान बढ़ाया है। विद्यालय प्रबंध कमिटी व प्रधानाध्यापिका पूर्णिमा सिंह सहित अन्य से सफल छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

रक्तदान-महादान के क्षेत्र में ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स टीम को मिला सम्मान

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स टीम को रक्तदान-महादान के क्षेत्र में अव्वल कार्य और जरूरतमंदों को लगातार रक्तदान कर जीवन बचाने एवं हर महीने की दो तारीख को दो यूनिट रक्तदान करने सर्वश्रेष्ठ योगदान देने को लेकर आज सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का आयोजन शहीद निर्मल महतो मेमोरियल कॉलेज हॉस्पिटल के सभागार में आयोजित सभा में मुख्य अतिथि धनबाद विधायक राज सिन्हा, सीआईएसएफ डीआईजी विनय काजला, डॉ. प्रतिभा राय, डॉ. यूके ओझा, डॉ. बीके पांडेय द्वारा ह्यूमैनिटी टीम के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल एवं टीम को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर धनबाद, बोकारो, गिरिडीह की सामाजिक संस्थाओं के साथ समाजसेवी, ब्लड बैंक के अधिकारी एवं अन्य मौजूद थे।

ब्लड डोनर ऑगेर्नाइजेशन अभिनंदन समारोह में जेपी हास्पिटल सम्मानित

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। शहीद निर्मल महतो मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के कांफ्रेंस हॉल में धनबाद के ब्लड डोनर संगठन के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाइपास रोड बलियापुर स्थित धनबाद के अग्रणी चिकित्सा केंद्र जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के मैनेजिंग डायरेक्टर नित्यानंद मंडल को मुख्य अतिथि सीआईएसएफ के डीआईजी विनय काजला द्वारा एसएनएमएमसीएच से जारी प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। नित्यानंद मंडल ने कहा रक्तदान और रक्त संग्रह की जागरूकता वर्तमान समाज में बहुत ही आवश्यक है, ताकि गंभीर रोगियों की जान तत्काल बचाई जा सके। किसी भी देश में जरूरतमंद मरीजों को पर्याप्त और सुरक्षित रक्त की आपूर्ति के बिना चिकित्सा अधूरा है। इस संदर्भ में जेपी हॉस्पिटल सदैव तत्पर था, है एवं रहेगा। समारोह में एसएनएमएमसीएच के प्रिंसिपल, सीनियर डॉक्टर, ब्लड बैंक के सभी पदाधिकारी एवं धनबाद तथा झारखंड के अन्य जिलों के रक्त संग्रहण संस्था के सदस्य और समाजसेवी उपस्थित थे।

जैक बोर्ड परीक्षा में डीवीसी प्लस टू उच्च विद्यालय मैथन का उत्कृष्ट प्रदर्शन

दबंग हिंद संवाददाता

मैथन। दामोदर घाटी निगम के डीवीसी प्लस टू उच्च विद्यालय का झारखंड एकेडमिक काउंसिल 2024 की परीक्षा में कुल 214 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी। इनमें 76 प्रथम श्रेणी, 91द्वितीय श्रेणी, 12 तृतीय श्रेण तथा 35 मार्जिनल रहे। विद्यालय का कुल परीक्षाफल 83.6 प्रतिशत रहा। प्रकाशित परीक्षाफल में कृष्णा मरांडी 91.2 प्रतिशतअंक पाकर विद्यालय टॉपर रहे, जबकि संध्या बाउरी 91 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान तथा रोहित मरांडी 90.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। उपरोक्त जानकारी विद्यालय के प्राचार्य आईबी झा ने दी।

इंडिया गठबंधन की बैठक में उलगुलान रैली सफल बनाने का निर्णय

दबंग हिंद संवाददाता

सिंदरी। सिंदरी के राजद कार्यालय में इंडिया गंठबंधन की बैठक संपन्न हुई, जिसमें आगामी 21 अप्रैल को रांची में न्याय उलगुलान रैली को सफल बनाने का फैसला लिया गया। बैठक में गठबंधन के घटक दलों ने एक स्वर में भाजपा की गलत नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि मोदी सरकार सत्ता का दुरुपयोग करते हुए विपक्ष के नेताओं को परेशान कर रही है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को झूठे केस में साजिश के तहत फंसा कर जेल भेजा गया है। बैठक में मोदी सरकार द्वारा सिंदरी रेलवे स्टेशन को हटाने के फैसले की कड़े शब्दों में निंदा की गई और कहा गया कि यदि इस फैसले को वापस नहीं लिया गया, तो सिंदरी की जनता को गोलबंद कर आंदोलन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के सिंदरी नगर अध्यक्ष अजय कुमार ने और संचालन माकपा के सिंदरी सचिव गौतम प्रसाद ने किया। इस अवसर पर जेएमएम के नगर अध्यक्ष अशोक कुमार महतो, राजद के नगर अध्यक्ष मुनेश्वर यादव, भाकपा माले के नगर सचिव कृष्णा प्रसाद महतो, जेएमएम के केंद्रीय सदस्य सुखलाल मरांडी, महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल, सीपीआईएम सिंदरी-बलियापुर लोकल कमिटी के सचिव विकास कुमार ठाकुर, शिबू राय, माले नेता मजीद खान, सागर मंडल, विमल कुमार रवानी, सुधीर महतो, कांग्रेस के मनोज घोष, सियाकांत दुबे, जेएमएम के फागू प्रामाणिक, अर्जुन प्रमाणिक, सुशील हेम्ब्रम, राकेश कुमार, रोहित मंडल, विश्वजीत गोराईं, शुभंकर मंडल, सामू सोरेन, नाइक सिंह, कृष्णा कुंभकार, जय सोरेन, राजद के बंगाली यादव, प्रदीप पाल, कांग्रेस के सत्येंद्र सिंह, सोमनाथ दुबे, सनातन मोदक आदि मौजूद थे।

यूपीएससी परीक्षा में बीआईटी सिंदरी के पूर्व छात्रों ने लहराया परचम

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। संघ लोक सेवा आयोग-2023 की परीक्षा में बिरसा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) सिंदरी के पूर्ववर्ती छात्रों ने परचम लहराया है। असैनिक अभियंत्रण विभाग के सत्र 2013 के छात्र अंकुर कुमार ने यूपीएससी, 2023 की प्रतिष्ठित परीक्षा में बीआईटी का नाम रोशन किया है। अंकुर ने ऑल इंडिया रैंकिंग में 283वां स्थान हासिल किया है। साथ ही असैनिक विभाग के सत्र 2013 के छात्र आतिफ वकार ने यूपीएससी परीक्षा में 819 वां रैंक हासिल किया है। इसके अलावा बीआईटी सिंदरी के रासायनिक अभियंत्रण विभाग के सत्र 2009 की पूर्ववर्ती छात्रा मोनिका पटेल ने 708वां स्थान हासिल किया है। संस्थान के निदेशक डॉ. पंकज राय ने सफल छात्रों की सराहना की और इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम संस्थान के लिए गर्व का विषय है और बीआइटी छात्रों के लिए सभी सफल छात्र प्रेरणास्त्रोत हैं। झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डीके सिंह ने छात्रों की कड़ी मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि तीनों छात्रों ने सफलता का नया मुकाम हासिल किया है और झारखंड का मान बढ़ाया है। बीआईटी असैनिक अभियंत्रण विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ब्रह्मदेव यादव ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि अगर किसी विद्यार्थी के पास दूरदर्शिता के साथ अनुशासन, कड़ी मेहनत और पक्का इरादा हो, तो सभी कुछ संभव है।

उपायुक्त ने कहा कि चुनाव कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी

ऐसा करते पाये जाने पर पदाधिकारी व कर्मियों पर हर हाल में कार्रवाई की जायेगी

दबंग हिन्द संवाददाता

लातेहार। बिना किसी पूर्व सूचना व अनुमति के चुनाव प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने वाले एसबीआई (भारतीय स्टेट बैंक) लातेहार के सहायक अविनाश एक्का पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।कार्मिक कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी उदय कुमार ने लातेहार थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी है।आपको बता दें कि एसबीआई के सहायक अविनाश एक्का को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रथम मतदान पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके प्रशिक्षण का पहला चरण 13 अप्रैल को बनवारी साहू कॉलेज, लातेहार में निर्धारित किया गया था। लेकिन एसबीआई लातेहार के सहायक अविनाश एक्का ने बिना किसी पूर्व सूचना और अनुमति के प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहकर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 26 और आईपीसी की धारा 187 और 188 का उल्लंघन किया है और उनका यह कृत्य चुनाव कार्य को बाधित करने के समान है। कानूनी कार्रवाई करते हुए भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार के सहायक अविनाश एक्का के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134, आईपीसी की धारा 187, 188 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।उपायुक्त के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी लापरवाही करता पाया गया तो उसके खिलाफ हर हाल में कार्रवाई की जायेगी। चुनाव कार्य को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है।

झारखंड के टॉप टेन में लातेहार की तीन छात्राएं व एक छात्र शामिल

दबंग हिन्द संवाददाता

लातेहार : शुक्रवार को झारखंड अधिविध परिषद ने मैट्रिक का रिजल्ट जारी कर दिया है. सफल छात्रों की संख्या में लातेहार जिला स्टेट में चौथा नंबर हासिल किया है. इतना ही नहीं लातेहार की तीन छात्राएं व एक छात्र स्टेट के टॉप-10 में शामिल हैं. सभी छात्र शहर के सरस्वती विद्या मंदिर के हैं. स्टेट में टॉप-10 के पांचवें स्थान में शांभवी सुहाना रही है. शांभवी ने 98 प्रतिशत अंक हासिल किया है. जबकि टॉप-10 के सातवें नंबर जयदीप कुमार व नम्रता सेन गुप्ता शामिल है. दोनों ने 97.60 प्रतिशत अंक हासिल किया है. टॉप-10 के नौंवें स्थान पर अनन्या कुमारी रही है. अनन्या से 97.20 प्रतिशत अंक हासिल किया है. चारों ने जिले में क्रमशः पहला से तीसरा स्थान प्राप्त किया है. जबकि जिले में चौथे स्थान पर प्रोजेक्ट बालिका हाई स्कूल की पूनम कुमारी और पांचवें स्थान पर खिस्त राजा उच्च विद्यालय चंदवा के आदित्य कुमार हैं.इस वर्ष लातेहार जिला का रिजल्ट 93.23 प्रतिशत रहा है. जबकि पिछले वर्ष का रिजल्ट 91.753 प्रतिशत रहा था. इस वर्ष भी लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है. परीक्षा के लिए कुल 10652 छात्रों ने अपना निबंधन कराया था. जिसमें 10592 छात्रों ने परीक्षा दी थी. इनमें से 9875 विद्यार्थियों ने सफलता पायी है. इसमें लड़कों की संख्या 4450 और लड़कियों की संख्या 5425 है. जिले में 4986 परीक्षार्थी फर्स्ट डिवीजन से पास हुए. इसमें लड़कों की संख्या 2204 और लड़कियों की संख्या 2782 है.

एक नजर

चंदौरी बरमसिया हाई स्कूल का छात्र राहुल 473 अंक लाकर बना तिसरी प्रखंड का टॉपर

गिरिडीह : शुक्रवार को झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा मैट्रिक परीक्षा का परिणाम घोषित हो कर दिया गया. जिसमें तिसरी प्रखंड के चंदौरी बरमसिया उच्च विद्यालय का छात्र राहुल कुमार 473 अंक लाकर प्रखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है. वहीं बरहमसिया उच्च विद्यालय की ही रिया कुमारी ने 470 अंक लाकर द्वितीय और अग्रवाल उच्च विद्यालय तिसरी की छात्रा तनवी सिंह ने 465 अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है. इसके अलावे माही सिंह ने 458, जानवी कुमारी ने 456, आरती कुमारी 456, मनीष कुमार 453, शुभंकर कुमार 453, तृप्ति कुमारी 451 और सीता कुमारी ने 449 अंक लाकर प्रखंड स्तर पर टॉप 10 में जगह बनाई है. बताया जाता है कि प्रखंड टॉप करने वाले राहुल कुमार के पिता एक प्रवासी मजदूर हैं और उनकी माता एक गृहणी है. उनके पिता मुंबई में रहकर काम करते हैं. वहीं बेटे की मेहनत और लगन से हासिल परिणाम से उनके परिवार समेत पूरे गांव में हर्ष का माहौल है. वहीं प्रखंड स्तर पर टॉप 10 में जगह बनाने वाले छात्र-छात्राओं के परिवार में भी खुशी का माहौल है.

ड्रीम ट्यूशन सेंटर बनासो 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

विष्णुगढ़। जैक द्वारा आयोजित दसवीं की बोर्ड परीक्षा 2024 में गूंजा कुमारी 471 अंक लाकर ड्रीम ट्यूशन सेंटर बनासो की प्रथम टॉपर बनी है। साथ ही परियोजना उच्च विद्यालय बनासो की प्रथम स्कूल टॉपर भी बनी है। वही 463 अंक लाकर कृष्णा कुमार बने द्वितीय टॉपर और 457 अंक लाकर जाहिदा खातून बनी स्कूल व इस कोचिंग संस्थान की तृतीय टॉपर। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अन्य विद्यार्थी सूरज कुमार ठाकुर 451अंक, राहुल कुमार पांडेय 450 अंक, प्रिंस राज शर्मा 433 अंक, मुस्कान प्रवीण 427 अंक, मनीषा कुमारी 409 अंक, अजय कुमार महतो 403 अंक, डूमरचंद कुमार साव 402 अंक, अशोक कुमार साव 402 अंक लाकर अपने कोचिंग संस्थान का नाम रोशन किया है।इस कोचिंग संस्थान से कुल 51 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। इनमें से 44 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से और 07 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं।इस कोचिंग संस्थान के संचालक सह शिक्षक उमेश कुमार साव ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। साथ ही उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों का सहयोग एवं कोचिंग के शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन से रिजल्ट बेहतर हुआ है। बताते चले कि पिछले 13 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अलग पहचान बना चुके इस कोचिंग संस्थान के विद्यार्थी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते आ रहे हैं।

परियोजना बालिका उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 का परीक्षाफल का कुल प्रतिशत 95% रहा

विष्णुगढ़। परियोजना बालिका उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ का बार्षिक माध्यमिक परीक्षा में राशि टॉपर बनी। परीक्षा छात्राओं की संख्या 295 थी, जिसमें प्रथम श्रेणी में 151, द्वितीय श्रेणी में 119 तथा तृतीय श्रेणी में 10 छात्राएं उत्तीर्ण हुई। कुल उत्तीर्ण छात्राओं की संख्या 280 है। विद्यालय में प्रथम स्थान राशि कुमारी 468 अंक 93.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान नेहा कुमारी 454 अंक 90.8 प्रतिशत तृतीय स्थान नंदनी कुमारी 453 अंक 90.6 प्रतिशत, चौथा स्थान भूमि कुमारी 452 अंक 90.प्रतिशत एवं पांचवां स्थान स्नेहा कुमारी और गुड़िया कुमारी ने 451 अंक क्रमश 90.2प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया।इसके अलावा पूजा कुमारी मिश्रा प्रथम श्रेणी 342 अंक 68.40 प्रतिशत प्राप्त किया।इनके साथ समस्त सभी उत्तीर्ण छात्राओं की इस सफलता के लिए परियोजना बालिका उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार, एसएमसी अध्यक्ष संजय कुमार, सहायक शिक्षक राजदेव प्रसाद, अजय कुमार वर्मा, मनोज कुमार, पवन कुमार, सुनील कुमार, रवि भूषण कुमार, शिक्षिका मंजू कुमारी, सुश्री शालिनी गुप्ता, लिपिक शांति कुमारी एवं शुभम प्रसाद आशीष ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

शादी में जाना पड़ गया महंगा, बंद घर में चोरों ने किया हाथ साफ

लातेहार : घर बंद कर शादी में जाना बबलू चंद्रवंशी को महंगा पड़ गया. इधर वे घर बंद कर सपरिवार शादी में गये, उधर चोरों ने घर सुनसान पाकर चोरी कर ली. घटना बरवाडीह थाना क्षेत्र के गढ़वाटांड की है. सौम्या ब्यूटी पार्लर व किराना दुकान चलाने वाले बबलू चंद्रवंशी गुरूवार को पलामू जिला के चैनपुर में अपने एक रिश्तेदार के घर पूरे परिवार के साथ शादी में गये थे. शुक्रवार की सुबह जब वह अपने घर लौटे तो देखा कि मेन गेट व सभी कमरों का ताला टूटा हुआ है. अंदर प्रवेश किया तो देखा कि आलमारी का भी ताला टूटा हुआ है. चंद्रवंशी ने बताया कि इस चोरी में तकरीबन चार लाख रुपए नगद समेत स्वणार्भूषणों की चोरी चोरो ने कर ली है. उन्होने तत्काल इसकी सूचना बरवाडीह थाना को दी. सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर तफ्शीश शुरू कर दी है.

मंडरो के किताझोड़ में 1 मई से खुल जाएगा कल्याण आवासीय विद्यालय

साहिबगंज : साहिबगंज के जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद ने शुक्रवार को मंडरो प्रखंड के किताझोड़ व बरहेट के आरगोरी स्थित कल्याण आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया. उन्होंने बताया कि कल्याण आवासीय विद्यालय किताझोड़ को 1 मई से चालू कर दिया जायेगा. आदिवासी कल्याण आयुक्त के निर्देश पर वह विद्यालय का निरीक्षण करने आए हैं. स्कूल में सभी जरूरी सुविधाएं अगले 10 दिनों में दुरुस्त कर ली जाएंगी. बरहेट के आरगोरी स्थित कल्याण आवासीय विद्यालय पहले से चल रहा है. जिला कल्याण पदाधिकारी ने स्कूल का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था देखी. विद्यार्थियों से मिलकर सुविधाओं के बारे में जानकारी ली. उन्हें अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया. उन्हें नियमित पढ़ाई और स्वस्थ रहने के टिप्स भी दिए. उन्होंने विद्यार्थियों को मिलने वाले भोजन की शुद्धता व गुणवत्ता का भी जायजा लिया. स्टोर रूम में जाकर वहां रखी खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच भी की.

9790 मतदानकर्मियों का द्वितीय चरण का चुनाव प्रशिक्षण सम्पन्न

दबंग हिन्द संवाददाता

पलामू : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू श्री शशिरंजन के आदेशानुसार एवं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्री रवि आनंद के निदेर्शानुसार 9790 मतदान कर्मियों को पीठासीन, प्रथम, द्वितीय व तृतीय मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह, अमरेन्द्र पाठक, प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम, सहायक सौरव कुमार सिन्हा, दिनेश चंद्र पासवान के द्वारा प्रशिक्षण का अनुसमर्थन किया गया। प्रशिक्षण का अनुश्रवण छतरपुर एलआरडीसी श्री विजय कुमार केरकेट्टा ने किया। मास्टर ट्रेनर अनीश सिंह, नितेश कुमार, आशीष रंजन, संजय राम, सुमंत सिंह, ब्रजेश कुमार, अजय सिंह, सरोज कुमार आजाद, दूधनाथ साहू, निखिल सिंह, निशिकांत नीरव, शशिभूषण सिंह, अविनाश रंजन, संजय पाण्डेय, अर्जुन राम, विजय कुमार, जितेन्द्र सिंह, गौतम प्रसाद, विकास सिंह, महताब खान, सुजीत कुशवाहा, मनोज कुमार द्विवेदी, विनोद दीक्षित आनंद मोहन सिंह सहित अनेक मास्टर प्रशिक्षक के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। पलामू लोकसभा चुनाव की निर्धारित तिथि 13.05.2024 एवं चतरा लोकसभा की तिथि 20.05.2024 के मद्देनजर निष्पक्ष, त्रुटिरहित व भयमुक्त चुनाव के लिए मतदान कर्मियों को पूरी तरह से प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू श्री शशिरंजन ने मतदानकर्मियों के समुचित प्रशिक्षण सुनिश्चित करने का आदेश दिया है।

एमएसए स्कूल में नए प्राचार्य एम.एस मण्डल ने किया पदग्रहण

दबंग हिन्द संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर से सटे पोखराहा खूर्द स्थित एम.एस.ए पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को नए प्राचार्य एम.एस मण्डल ने पदभार ग्रहण किए। इस दौरान स्कूल के चेयरमैन शिक्षाविद् शफीक अंसारी सर, पूर्व प्राचार्या सुनिता प्रसाद, उप प्राचार्य अफजल शफीक सहित सभी शिक्षकों ने मण्डल सर को फूलों की माला, गुलदस्ता और बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान उत्साहित बच्चों ने स्वागत करते हुए नृत्य, स्वागत गीत और भाषण जैसे अनेकों कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए और मण्डल सर में खूब फूलों की वर्षा किए।इस दौरान नए प्रधानाचार्य एम.एस मण्डल सर ने कहा कि एम.एस.ए पब्लिक स्कूल के बच्चों को ऐसी शिक्षा देने का प्रयास करूंगा कि यहां के बच्चों का हर क्षेत्र में विशेष पहचान बन जाएगा। उन्होंने कहा इस स्कूल के संस्थापक शफीक अंसारी सर निरक्षर गरीब किसान का बेटा होते हुए इस मुकाम तक पहुंच सकते हैं और गरीबी झेलते हुए शिक्षा क्षेत्र की उच्चतम डिग्री नेट जेआरएफ जुनियर रिसर्च फेलोशिप परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं तो आप सब इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चें भी अपने लक्ष्य को परिश्रम और मेरे मार्गदर्शन के बदौलत आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षकों संग पहली बैठक लेते हुए स्कूल में बेहतर इंग्लिश मीडियम शिक्षा मुहैया कराने पर बल दिए और 80 फीसदी उपस्थिति पूरा करने का भी निर्देश दिए।इस दौरान स्कूल संस्थापक सह अध्यक्ष मों शफीक ने कहा मेदिनीनगर के बच्चों को कम फीस में बेहतर शिक्षा मुहैया कराना हमारा शुरू से लक्ष्य रहा है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा मण्डल सर काफी अनुभवी प्रिंसिपल है इनके मार्गदर्शन में स्कूल और स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का जरूर विकास होगा, जरूरत है ।

एम.के.डी.ए.वी में मनाई गई महात्मा हंसराज की 161वीं जयंती

दबंग हिन्द संवाददाता

पलामू : एम.के.डी.ए.वी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में डी.ए.वी संस्थान के संस्थापक एवं प्रथम अवैतनिक प्राचार्य महात्मा हंसराज जी का की 161वीं जयंती मनाई गई।विद्यालय के प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य सह डी.ए. वी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जी. एन. खान ने वरिष्ठ शिक्षकों की उपस्थिति में महात्मा हंसराज जी के चित्र के समक्ष वेद मंत्रोचार के बीच दीप जलाकर एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आज की प्रार्थना सभा की समस्त गतिविधियां महात्मा हंसराज पर आधारित थी । छात्र- वार्ता गतिविधि में बोलते हुए विद्यालय के नवम स के छात्र अक्षत ने बताया कि महात्मा जी का जन्म बछवारा, होशियारपुर, पंजाब में 19 अप्रैल 1834 को को हुआ। मिशन स्कूल में अध्ययन के दौरान जाति भेद देखकर दुखी हुए और महर्षि दयानंद से प्रभावित होकर आर्य समाजी बन गए । उन्होंने 1 जून 1886 को लाहौर में डी.ए.वी का प्रथम विद्यालय प्रारंभ किया, जिसमें कुल 300 बच्चे थे । आज यह संस्थान वटवृक्ष बनकर सभी को शिक्षा की शीतल छाया प्रदान कर रहा है। उन्होंने इस संस्था की 25 वर्षों तक सेवा कर 74 वर्ष की आयु में सन 1938 में मृत्यु को प्राप्त किया ।महात्मा हंसराज का योगदान महात्मा गांधी के समान ही महान एवं आदरणीय है।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल्स क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जी. एन. खान ने अपने उद्बोधन में बताया कि महात्मा हंसराज जी ने आजीवन एक त्यागी का जीवन बिताया।25 वर्षों तक डी.ए.वी की सेवा कर इसे विस्तार दिया। शिक्षा का दीप जलाकर तत्कालीन समाज को एक नई दिशा प्रदान की । आज हंसराज जी हमारे बीच नहीं है,किंतु 750 से अधिक डी.ए.वी संस्थान उनके जीवित स्मारक के रूप में हमारे बीच हैं । आज इस वटवृक्ष की शीतल छाया में लाखों छात्र पुष्पित- पल्लवित हो रहे हैं।इस संस्थान ने महात्मा जी के याद में कई वर्षों तक अपनी खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन महात्मा हंसराज आर्य क्षेत्रीय टूनार्मेंट के नाम से किया, जो अब डी.ए.वी नेशनल स्पोर्ट्स के नाम से जानी जाती है ।इस वर्ष,इस प्रतियोगिता में इस विद्यालय के चार छात्र राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके हैं, जिसमें से आदर्श कुमार और आर्यन सिंह डी.ए.वी पब्लिक स्कूल थर्मल कॉलोनी पानीपत एवं रिया कुमारी और प्रिया कुमारी डी.ए.वी पब्लिक स्कूल सोनीपत गई है ।

कृमि दिवस पर बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल की गोली

दबंग हिन्द संवाददाता

लातेहार : कृमि मुक्ति दिवस पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय के सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों में एक वर्ष से 19 वर्ष तक के आयु के बच्चों को एल्बेंडाजोल (कृमिनाशक) दवा खिलाई गई. दवा लेने से छूटे बच्चों को मॉपअप के तहत 26 अप्रैल को दवा दी जाएगी. डीआरसीएचओ डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि एल्बेंडाजोल दवा एक सुरक्षित दवा है. इस दवा का कोई भी साइड-इफेक्ट नहीं है. एल्बेंडाजोल दवा पेट में कीड़ों को खत्म करने के लिए दी जाती है. चिकित्सकों को बताया कि पेट में अधिक कीड़े होने की स्थिति में यह दवा देने पर बच्चे को हल्के से चक्कर जैसा लग सकता है या उल्टी हो सकती है. ऐसी स्थिति से बच्चों को घबराने की आवश्यकता नहीं है. ऐसी स्थिति में बच्चे को थोड़े समय के लिए खुली हवा में लिटा दें व पानी का सेवन कराएं. इसके बाद 5-7 मिनट में ही बच्चा अपने सामान्य अवस्था में आ जाता है. डॉ. सुनील भगत ने इस दौरान कहा कि एल्बेंडाजोल दवा अनिवार्य रूप से बच्चों को दी जानी है. पेट में होने वाले कीड़े या कृमि से बच्चे के शरीर में खुराक नहीं लगती और बच्चों का शारीरिक व मानसिक रूप से विकास सही से नहीं हो पाता है.

जंगली हाथी का उत्पात जारी, ग्रामीण भयभीत

दबंग हिन्द संवाददाता

चांडिल : चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथी का उत्पात बदस्तूर जारी है. रोज शाम ढलने के बाद गांव की ओर जंगली हाथी के पहुंचने के बाद अब ग्रामीण भयभीत है. गुरुवार की रात एक हाथी जंगल से निकलकर गांव में पहुंच गया. नीमडीह प्रखंड के रामनगर में गुरुवार की रात फिर जंगली हाथी पहुंचा और फसलों को अपना निवाला बनाया. देर रात जंगली हाथी ने रामनगर के रघुनाथ महतो और मनोजित महतो नामक किसान के खेत में लगी फसल को चट कर गया. हाथी ने खेत में लगे फसल को रौंदकर भी नुकसान पहुंचाया. बताया गया कि हाथी ने दोनों किसानों के लगभग दस कट्ठा के खेत में लगी धान की फसल को खाकर और रौंदकर नष्ट किया. जंगली हाथी शाम ढलते ही गांव के पास स्थित खेतों में पहुंच जा रहा है और खेत में लगे गरमा धान, सब्जी आदि को खाकर व पैरों से रौंद कर नष्ट कर रहा है.रोज शाम ढलने के बाद जंगली हाथी के आबादी वाले क्षेत्र में पहुंचने के बाद अब ग्रामीणों को अनहोनी होने का भय सता रहा है. हाथी के आने के कारण अंधेरा होने के बाद लोग खेतों की ओर जाना बंद कर दिए है. वैसे इस क्षेत्र में जंगली हाथी का आगमन और जान व माल की क्षति पहुंचाना नई बात नहीं है. जंगली हाथियों की समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र के ग्रामीण वन विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाते हुए थक चुके हैं. वन विभाग भी जंगली हाथियों को आबादी वाले क्षेत्र से जंगल में वापस ले जाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है. लेकिन हाथियों का झुंड भोजन, पानी की तलाश में वापस गांव की ओर अपना रूख कर रहे हैं. इन दिनों चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड अंतर्गत रामनगर, होदागोड़ा, सीमा, गुंडा, काशीडीह समेत आसपास के गांवों में जंगली हाथी की उपस्थिति देखी जा रही है.

गर्मी में पशु पक्षियों के लिए भी करें पानी की व्यवस्था : मुकेश

दबंग हिन्द संवाददाता

मेदिनीनगर। समाज सेवी मुकेश कुमार गुप्ता ने तेज धूप व गर्मी को देखते हुवे पशु पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था करने का लोगो से आग्रह किया है।उन्होंने बताया की गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है, मनुष्य को प्यास लगती है तो वह कहीं भी मांग कर पी लेता है, लेकिन मूक पशु पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है, हालांकि जब वे प्यासे होते हैं तो लोगो के घर के सामने दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग पानी पिला देते हैं तो कुछ लोग भगा भी देते है। इस गर्मी में पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लोगों को प्रयास करना चाहिए।गर्मियों में कई परिंदों व पशुओं की मौत पानी की कमी के कारण हो जाती है। लोगों का थोड़ा सा प्रयास घरों के आस पास उड़ने वाले परिंदों की प्यास बुझाकर उनकी जिंदगी बचा सकती है। सुबह आंखें खुलने के साथ ही घरों के आस-पास गौरेया, मैना व अन्य पक्षियों की चहक सभी के मन को मोह लेती है। घरों के बाहर फुदकती गौरेया बच्चों सहित बड़ों को भी अपनी ओर आकर्षित करती है। गर्मियों में घरों के आसपास इनकी चहचहाहट बनी रहे, इसके लिए जरूरी है कि लोग पक्षियों से प्रेम करें और उनका विशेष ख्याल रखें। जिले में गर्मी बढे लगी है।गर्मी में मनुष्य के साथ-साथ सभी प्राणियों को पानी की आवश्यकता होती है। मनुष्य तो पानी का संग्रहण कर रख लेता है, लेकिन परिंदे व पशुओं को तपती गर्मी में यहां-वहां पानी के लिए भटकना पड़ता है। पानी न मिले तो पक्षी बेहोश होकर गिर पड़ते हैं। इसलिए हम सभी को जरूरी समझते हुए पशु पक्षियों के लिए पानी की उचित व्यवस्था करनी चाहिए।

विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए शहर का हुआ भ्रमण पानी और शर्बत की रही व्यवस्था

समस्तीपुर। श्री खाटू श्याम बिहारी मंदिर के 57वां वार्षिक महोत्सव सह श्याम महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को चिलचिलाती धूप के बीच भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का नेतृत्व मंदिर से सचिव निर्मल केडिया कर रहे थे। गाजे-बाजे के साथ गोला रोड स्थित मंदिर प्रांगण से निकाली गई शोभा यात्रा शहर के गोला रोड, पुरानी पोस्ट आफिस रोड, स्टेशन रोड, रामबाबू चौक, मारवाड़ी बाजार होते हुए निकली। जुलूस में बड़ी संख्या में मारवाड़ी समाज की महिलाएं, पुरुष बच्चे ने उत्साह के साथ भाग लिया। चिलचिलाती धूप के बावजूद लोगों का उत्साह कम होने का नाम नहीं ले रहा था। धूप को देखते हुए पूजा समिति की ओर

से जुलूस के आगे-आगे सड़क पर पानी डाला जा रहा था। जगह-जगह जुलूस में शामिल लोगों के लिए पानी और शर्बत की भी व्यवस्था की गई थी। शुक्रवार शाम से भजनों की अमृत वर्षा का आयोजन होगा। जिसमें भजन गायक राजू मेहरा, भजन गायिका दीक्षा राठोड़ भजन पेश करेंगी। इस दौरान नृत्य नाटिका का भी आयोजन होगा। नृत्य नाटिका श्री अभिजीत कोहर ग्रुप के कलाकार पेश करेंगे। 20 अप्रैल को महाभंडारा का भी आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में शहर के मारवाड़ी समाज के लोगों की भागीदारी के साथ शहर के लोग हिस्सा ले रहे हैं। मंदिर कमेटी के सुनील अग्रवाल के साथ ही मारवाड़ी महिला मोर्चा के सदस्य भी हिस्सा ले रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में अलौकिक श्रृंगार का कार्यक्रम होगा। ईत्र की वर्षा की जाएगी। पिछले वर्ष भी तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें राजस्थान के उदयपुर की भजन गायिका केमिता राठोर, कोलकाता के विनोद सिंह समेत कई राज्यों के कलाकारों ने भाग लिया था।

बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए नेशनल अर्बन हेल्थ मिशन के तहत बनेंगे स्वास्थ्य केंद्र

पटना। प्रदेश में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने की दिशा में बड़ी पहल की गई है। इसके लिए पहले चरण में राज्य के सात शहरों में 10 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की मंजूरी मिली है। नेशनल अर्बन हेल्थ मिशन के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को बनाने के लिए 11.69 करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी मिल चुकी है। यह प्रक्रिया लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के पहले ही पूरी कर ली गई थी। एक स्वास्थ्य केंद्र बनाने में करीब 1.16 करोड़ रुपए की लागत आएगी। अन्य शहरों के साथ राजधानी पटना में भी एक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाएगा। वार्ड-38 के दरियापुर भट्ठी में इसके लिए नगर निगम की ओर से जमीन उपलब्ध कराई गई है। इन भवनों के निर्माण की जिम्मेदारी बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड को दी गई है। इन शहरी प्राथमिक स्वास्थ केंद्रों को हेल्थ वेलनेस सेंटर के तौर भी जाना जाएगा। कहां-कहां बनेंगे त्रऔरंगाबाद, कथौरा-1 त्रआरा के धरहरा और अनाईट-2 त्रभागलपुर के चंपानगर- 1 त्रगया के एकता नगर और रामसागम में- 2 त्रपूर्णिया के मधुबनी वार्ड-12- 1 त्र सासाराम के हातीमपुर और सागर - 2 त्र पटना के दरियापुर भट्ठी वार्ड-38-1 इलाज के लिए नहीं भटकेंगे इन शहरी स्वासथ्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के बन जाने से ग्रामीण इलाके के लोगों को इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। उन्हें समय पर और बेहतर इलाज मिलेगा। वेलनेस सेंटर बनाए जाएंगे।

पीएमसीएच आईजीआईएमएस एनएमसीएच में जेई-एईएस के इलाज की व्यवस्था दुरुस्त

पटना। आते ही जापानी इंसेफ्लाइटिस और एईएस का प्रकोप शुरू हो जाता है। अमूमन बच्चे इससे पीड़ित होते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने इनकी इलाज की व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश सभी सरकारी अस्पतालों को दिया है। इससे राज्य के 12 जिले पटना, वैशाली, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा, सारण, सीवान, गोपालगंज, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी और शिवहर

प्रभावित हैं। पीएमसीएच, आईजीआईएमएस और एनएमसीएच ने इसकी व्यवस्था कर रखी है। पीएमसीएच के अधीक्षक डॉ.आईएस ठाकुर के मुताबिक जेई और एईएस मरीजों के लिए नीकू और पीकू में इलाज की व्यवस्था रखी गई है। पीएमसीएच के शिशु विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. निगम प्रकाश नारायण ने कहा कि यदि बच्चे को अचानक तेज बुखार, बेहोशी या चमकी हो तो तुरंत अस्पताल ले जाकर इलाज कराना चाहिए। ये तीनों एईएस के लक्षण हैं। आते ही जापानी इंसेफ्लाइटिस और एईएस का प्रकोप शुरू हो जाता है। अमूमन बच्चे इससे पीड़ित होते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने इनकी इलाज की व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश सभी सरकारी अस्पतालों को दिया है। इससे राज्य के 12 जिले पटना, वैशाली, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, दरभंगा, सारण, सीवान, गोपालगंज, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी और शिवहर प्रभावित हैं। के लिए नीकू और पीकू में इलाज की व्यवस्था रखी गई है।

युवक को पीटकर मार डाला पुलिस पर पथराव गाड़ी जलाने का

मोकामा। घोसवरी में प्रेम प्रसंग में लोहे के रॉड से मारकर 24 वर्षीय युवक प्रशांत कुमार की हत्या कर दी गई। घटना घोसवरी थाने से सटे मोहल्ले की है। इस घटना में घायल एक अन्य युवक गौतम कुमार की हालत गंभीर बनी है। इसके विरोध में ग्रामीणों ने गुरुवार की शाम थाना के सामने एनएच-82 पर जमकर हंगामा किया। शांत कराने गई पुलिस पर पत्थरबाजी भी की गई। ग्रामीणों की आड़ में असामाजिक तत्वों ने पुलिस वाहन में आग लगाने की कोशिश की। लेकिन,

पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर किसी तरह एनएच से ग्रामीणों को हटाया। करीब तीन घंटे यातायात ठप रहा। इस घटना में छह पुलिसकर्मी को हल्की चोटें आई हैं। मंगलवार की रात 10 बजे प्रशांत पर जानलेवा हमला कर दिया गया था। उसके सिर और पेट में गंभीर चोटें आई थीं। उसे बचाने के चक्कर में गौतम घायल हुआ था। घायल अवस्था में दोनों युवकों को बेगूसराय में निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया। वहां उपचार के दौरान प्रशांत की मौत हो गई। प्रशांत का शव एनएच पर रखकर ग्रामीणों ने बवाल काटना शुरू कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजने का प्रयास किया तो ग्रामीण पत्थर चलाने लगे। हाथीदह थाने से पुलिस बल मंगाया गया।

आंखों के सामने फसल जलती रही बचाने की हिम्मत नहीं जुटा सके

पटना। तेज पछुआ हवा ने गुरुवार की दोपहर बिक्रम में जमकर तांडव मचाया। आग से करीब 800 बीघा में लगी गेहूं और रबी की फसल जलकर राख हो गई और किसान कुछ नहीं कर सके। इस अगलगी में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की फसल क्षति का अनुमान है। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि 500 मीटर तक किसी को सटने नहीं दे रही थी। प्रखंड के मोरियावां, दतियाना, शिवगढ़, खोरैठा आदि गांवों में मातम की स्थिति है। बताया जाता है कि बिहटा के सिकंदरपुर गांव के

बधार से गुरुवार की दोपहर समय आग की लपटें शुरू हुईं। तेज हवा के कारण आग इतनी तेजी से फैल गई कि उसे काबू पाना मुश्किल हो गया। तीन घंटे के अंदर आग की लपटें में मोरियावां, शिवगढ़ और दतियाना की लगभग 800 बीघा गेहूं और रबी की फसल जल कर राख हो गई। ग्रामीण, प्रशासन और अग्निशमन की 11 दमकल की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग की लपटों से दतियाना गांव के रुदल राम, झूलन राम, जोगिंद्र राम, विनय राम, भोला राम, राम लड्डू एवं राम पुकार के घरों में भी आग लग गई, जिससे भारी नुकसान हुआ है। सिंह सुनील सिंह सहित सैकड़ों किसान शामिल हैं।

एनडीए प्रत्याशी शांभवी चौधरी ने किया नामांकन

समस्तीपुर। सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी के रूप में लोजपा रामविलास उम्मीदवार शांभवी चौधरी ने अपना नामांकन दर्ज किया। नामांकन के दौरान उनके साथ राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर, महिला आयोग की अध्यक्ष अश्वमेघ देवी, जदयू जिला अध्यक्ष दुर्गेश राय शामिल हुए। उन्होंने निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह के समक्ष अपना नामांकन भरा। नामांकन दाखिल करने के बाद बाहर निकली एनडीए प्रत्याशी शांभवी चौधरी ने कहा कि उन्होंने अपना नामांकन कर लिया है। उनके दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान समस्तीपुर में हैं। उन्हीं की सभा में वह शामिल होने के लिए जा रही हैं। उन्होंने कहा कि समस्तीपुर में उन्हें प्यार और सम्मान मिल रहा है। इस मौके पर उन्होंने लोगों से आशीर्वाद भी मांगा और विक्ट्री सीन भी दिखाया। शांभवी चौधरी ने कहा कि चिराग पासवान की सभा के साथ ही वह आज से विधिवत जनसंपर्क अभियान शुरू करेंगी।

संक्षिप्त डायरी

दादी को गोद में उठाकर पोलिंग बूथ पहुंचा पोता साइकिल पर मंत्री-रिक्शे पर कैंडिडेट तस्वीरों में मतदान

बिहार। में लोकसभा के पहले चरण की चार सीटों के लिए वोट डाले जा रहे हैं। शांतिपूर्ण तरीके से मतदान राने को लेकर बड़ी संख्या में सुरक्षा बलो को मतदान केंद्रों पर तैनात किया गया है। इस दौरान वोटिंग की ऐसी कई तस्वीरें कैमरे में कैद हुई है, जो लोकतंत्र की खूबसूरती को बयां करने के लिए काफी है। बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण की चार सीटों के लिए वोटिंग हो रही है। 6,097 पोलिंग बूथ पर वोट डाले जा रहे हैं। बूथों पर वोटर्स की लंबी कतार है। सुबह 11 बजे तक चार सीटों पर 16.63% वोट डाले गए हैं। ावादा में बूथ संख्या 234 से एक सिपाही की एसएलआर रायफल और 20 गोलियां चोरी हो गई। जिसके बाद उसे सस्पेंड कर दिया गया। वहीं जिले के दनिया कौआकोल बूथ पर एक भी वोट नहीं पड़ा है।

औरंगाबाद गया नवादा और जमुई सीट से चुनाव मैदान में 38 प्रत्याशी

पटना। राज्य के पहले चरण के लिए शुक्रवार की सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो जाएगा। इन चार लोकसभा क्षेत्र के 7903 मतदान केंद्रों पर 76,01,629 मतदाता वोटिंग करने के बाद अंगुली पर काला टीका लगाएंगे। चुनाव मैदान में खड़े 38 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद हो जाएगा। इसमें औरंगाबाद के 9, गया के 14, नवादा के 8 और जमुई के 7 उम्मीदवार शामिल हैं। इस फेज में गया से पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, नवादा से पूर्व केंद्रीय मंत्री सीपी ठाकुर के बेटे विवेक ठाकुर, जमुई पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के दामाद अरुण भारती व औरंगाबाद के वर्तमान सांसद सुशील सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर है। पहले चरण में कुल 7903 मतदान केंद्र है। इसमें शहरी क्षेत्र में 1087 और ग्रामीण क्षेत्र में 6816 मतदान केंद्र शामिल है। ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र में क्रिटिकल मतदान केंद्र हैं। इन 1975 क्रिटिकल मतदान केंद्रों में केंद्रीय अर्ध सैनिक बल की तैनाती की गई है। बिहार को इनकी कुल 295 कंपनियां मिली है। औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के इमामगंज विधानसभा अंतर्गत छकरबंधा नक्सली गतिविधियों का केंद्र रहा है। यहां मतदान व सुरक्षा कर्मियों को जिला प्रशासन ने पहली बार हेलीकॉप्टर से पहुंचाया है।

बीबीसी के एडिटर की जगह राजस्थान का छोटू अमीर बनाने के नाम पर फ्रॉड

पटना। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग दुनिया भर में चर्चा में रही। सोशल मीडिया पर हर जगह अनंत और राधिका से जुड़ी तस्वीर ही देखी जा रही थी। साइबर अपराधियों ने इस मौके में भी अपने लिए अवसर ढूंढ़ निकाला और लोगों से साइबर ठगी का नया खेल शुरू हो गया। यह अपने तरह का साइबर फ्रॉड का अनूठा मामला है। साइबर वर्ल्ड में तकनीकी तौर पर इसे सोशल इंजीनियरिंग कहा जाता है और इसी की मदद से लोगों से ठगी की जा रही है। इसका मोडस ऑपरेंडाई सबसे दिलचस्प है। इस फ्रॉड के लिए अनंत अंबानी के एक पुराने इंटरव्यू का कंटेंट बदल फर्जी इंटरव्यू में तब्दील किया गया और फर्जी रिपोर्टर भी खड़ा किया गया। इतना ही नहीं लोगों को शक न हो इसलिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के एक नामचीन मीडिया हाउस का फर्जी बेवसाइट भी तैयार किया गया है। पड़ताल के दौरान हमने बीबीसी जैसी दिखने वाली वेबसाइट पर दिए गए न्यूज आर्टिकल को खोला तो पता चला कि वह बीबीसी के नाम पर तैयार की गई एक फर्जी वेबसाइट है। एडिटर के बैंक स्टेटमेंट और नंबर की जांच की तो पता चला कि उसमें दिया गया मोबाइल नंबर राजस्थान में रहने वाले छोटू नाम के एक शख्स का है। यभी पता चला कि वह एडिटर की नहीं बल्कि वर्ष 2017 में ली गई एक रिसर्च स्टूडेंट की तस्वीर है। ठगों ने बीबीसी की फर्जी वेबसाइट पर अनंत अंबानी के एक टीवी चैनल पर दिए गए लाइव इंटरव्यू ह्यवंतारा स्टार ऑफ फॉरेस्टह्न की तस्वीर लगाई और एक नकली न्यूज आर्टिकल डाली। इसमें लिखा था कि दिए गए इंटरव्यू के दौरान अनंत अंबानी ने एंकर को करोड़पति बनने का आसान तरीका बताया है। उन्होंने ऑनलाइन ट्रेडिंग करने वाली वेबसाइट पर 26 हजार रुपए डाले। जो कुछ ही देर में दोगुने हो गए। लोगों को इसका यकीन दिलाने के लिए कहा गया कि न्यूज एडिटर अमीर पालेकर ने वेबसाइट पर इन्वेस्ट किया तो उनके भी पैसे में इजाफा हुआ। साथ ही बैंक स्टेटमेंट और ट्रेडिंग वेबसाइट की लिंक भी दिया गया। हमने सच्चाई सामने लाने के लिए दिए गए ट्रेडिंग वेबसाइट पर एक अकाउंट बनाया। अकाउंट बनाने के 10 मिनट बाद हमें एक इंटरनेशनल नंबर से कॉल आया।

घर में घुस महिला-युवक को पीटा फिर कपड़े फाड़ वीडियो बना वायरल किया

मुजफ्फरपुर। पारू थाना क्षेत्र के एक गांव के घर में दर्जन भर लोगों ने घुस कर अधेड़ महिला और युवक की पिटाई की। फिर महिला और युवक के कपड़े फाड़ कर वीडियो बनाया। इसके बाद वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तीन-चार और लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। महिला को नंगा कर वीडियो बनाने की घटना सप्ताह भर पहले की है, लेकिन इसका वीडियो गुरुवार को पुलिस को मिला। महिला भी इस कदर दहशत में थी कि उसने किसी के सामने जुबान खोलने की हिम्मत नहीं जुटाई। वीडियो बनाने वाले लोगों ने समाज में यह बात फैला दी कि महिला का नाजायज संबंध था। हमने रंगे हाथ पकड़ कर महिला व युवक की पिटाई की। महिला का कहना है कि यह सब गलत आरोप है। घर में बिजली खराब थी। जिसे बनाने के लिए हम एक बिजली मिस्त्री को घर बुलाए थे। इस दौरान मेरे घर पर एक दर्जन लोग आ धमके। मेरे और बिजली मिस्त्री के साथ मारपीट की। हमारे कपड़े फाड़ कर वीडियो बनाया। पारू पुलिस ने मो. जाहिर, मो. अली हसन, मो. अब्दुल मनान, मो. जफर, मो. जिलानी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गुरुवार को जेल भेज दिया। महिला का कहना है कि यह सब गलत आरोप है।

भोजपुर में तिलक से लौट रहे 12 लोग गंभीर स्पीड ब्रेकर की वजह से हादसा

भोजपुर। में गुरुवार देर रात सड़क हादसे में जीजा-साले समेत 3 लोगों की मौत हो गई। 12 से ज्यादा लोग घायल हैं। चरपोखरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव में मुकुंदपुर छोटी नहर के पास तिलक से लौट रही ट्रैक्टर ट्रॉली नहर में पलट गई। इस ट्रैक्टर पर 20 से 25 मजदूर बैठे हुए थे। सभी मुकुंदपुर गांव के रहने वाले विनोद की बेटी फूला कुमारी के तिलक समारोह में गए थे। घायलों ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली की स्पीड ज्यादा थी। स्पीड ब्रेकर पर चढ़ते ही ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और नहर में पलट गया। हादसा चरपोखरी थाना क्षेत्र के

मुकुंदपुर गांव के पास हुआ। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई और रेस्क्यू कर सभी

घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भेजा गया है। घायलों को आरा सदर अस्पताल में कराया गया है। मरने वालों में अगिआंव बाजार क्षेत्र के तिवारीडीह के खैरी गांव निवासी स्वर्गीय अघानु मुसहर का 60 साल का बेटा भदई मुसहर, अगिआंव बाजार के तिवारिडीह खैरी गांव के जगदीश मुसहर का 40 साल का बेटा निर्मल मुसहर और गड़हनी थाना क्षेत्र के नतमपुर गांव निवासी टेंगारी मुसहर का 40 साल का बेटा जगत मुसहर शामिल हैं। जगत मुसहर और निर्मल मुसहर आपस में जीजा-साले थे। अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए ले आई। जहां सभी शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। बताया कि सभी लोग तिलक समारोह से लौट रहे थे।

'इसलिए' लोगों को पसंद हैं नरेन्द्र मोदी

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

डेमोक्रेसी के नए रूप ऑटोक्रेसी में एक ही चेहरा-एक ही नाम पर लड़ा जाता है। इस लोकसभा चुनाव में भी यही हालात है। कहने को भले ही यह कहा जा रहा है कि 2024 के चुनाव की दशा और दिशा नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, शरद पवार, एमके स्टालिन, तेजस्वी यादव, असदुद्दीन औवेसी तय करने वाले हैं। मगर जमीनी हकीकत तो यह है कि 2024 का चुनाव एक ही चेहरा-एक ही नाम नरेन्द्र मोदी के इर्द-गिर्द है। नरेन्द्र मोदी बनाम समूचा विपक्ष चुनाव आकार ले चुका है।

देश में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में फरवरी में आई अमेरिकी थिंकटैंक प्यू रिसर्च सेंटर की लोकतांत्रिक देशों को लेकर जारी सर्वेक्षण रिपोर्ट समीचीन हो गई है। यह रिपोर्ट कुछ लोगों के लिए चौंकाने वाली हो सकती है। वह इसलिए कि देशवासियों को डेमोक्रेसी का ऑटोक्रेसी मॉडल अधिक लुभा रहा है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार देश की लोकतांत्रिक सरकार की कार्य व्यवस्था को लेकर स्वीडन के बाद दूसरे नंबर पर भारत के लोग संतुष्ट है। स्वीडन में जहां 75 फीसदी लोग वहां लोकतांत्रिक सरकार के काम करने के तौर तरीके से संतुष्ट हैं वहीं भारत में 72 प्रतिशत लोग लोकतांत्रिक सरकार के काम करने के तौर-तरीकों को पसंद करते हैं। इस साल भारत समेत दुनिया के करीब 50 देशों में चुनाव होने जा रहे हैं। इस मायने में 24 देशों में किया गया यह सर्वेक्षण लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर खास महत्व रखता है। मजे की बात यह है कि सर्वेक्षण में शामिल देशों में केवल 33 फीसदी अमेरिकी ही अपने यहां की लोकतांत्रिक सरकार के कार्य करने की व्यवस्था को लेकर संतुष्ट है। खैर यह तो अलग बात हुई। मगर सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि दुनिया के अधिकांश देशों की आम जनता बोल्ड निर्णय करने वाले नेता को अधिक पसंद करने लगी है। भारत के संदर्भ में यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। 2017 में 55 प्रतिशत देशवासी ऑटोक्रेसी को पसंद करते थे। अब उसका ग्राफ तेजी से बढ़ा है। आज 67 प्रतिशत लोगों को ऑटोक्रेसी (अधिनायकवादी नेता) पर अधिक विश्वास है। ऑटोक्रेसी पर विश्वास बढ़ने वाले देशों में भारत के अलावा केन्या, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, पोलैंड सहित कई देश हैं। सर्वेक्षण में शामिल 24 में से आठ देशों में ऑटोक्रेसी के प्रति रुझान बढ़ा है।

दरअसल लोग निर्णय करने वाले नेता को पसंद करते हैं। कुछ करने का जज्बा ही देशवासी नेता में खोजते हैं। विपक्ष के लाख आरोप-प्रत्यारोपों के बीच नरेन्द्र मोदी पिछले दो चुनाव में लगातार जनता की पसंद बने रहे और 2024 का चुनाव भी लगभग उसी दिशा में बढ़ रहा है। विपक्षी दल मुद्दे

बनाने के प्रयास करते हैं पर वहीं मुद्दे सेल्फ गोल में परिवर्तित होने लगते हैं। हालिया इलेक्शन बॉन्ड को लेकर जिस तरह से भाजपा को घेरने का प्रयास किया गया वह अभी तक तो सिरे नहीं चढ़ता नहीं नजर आ रहा है। समझने वाली एक महत्वपूर्ण बात यह हो जाती है कि चंदा देने वाले कौन हैं? साफ है पैसे वाले अमीर लोग। इलेक्शन बॉण्ड में पैसा तो अमीर लोगों से आ रहा है और उनका प्रतिशत इतना नहीं है कि वह चुनाव परिणाम को प्रभावित कर सके। इसके विपरीत सत्तारूढ़ दल को गरीब आम मतदाताओं का समर्थन प्राप्त है। यानी कि इसे मुद्दा बनाने के बावजूद नरेन्द्र मोदी या भाजपा आम मतदाता को अपने पक्ष में साधने में पूरी तरह सफल है। दूसरा यह कि कोई भी पार्टी हो उसके अधिकांश टिकट पैसे वाले लोगों को ही मिलते हैं।

जहां तक लोकतंत्र के ऑटोक्रेसी मॉडल की बात है आज नरेन्द्र मोदी पर यह आरोप खुले आम विपक्ष लगाता आ रहा है पर विगत के पन्ने खोलें तो नरेन्द्र मोदी का गुजरात मॉडल ही उन्हें केन्द्र की सत्ता दिलाने में सहायक रहा है। दरअसल देश को हमेशा सख्त मिजाज मजबूत नेता की आवश्यकता महसूस होती रही है। किसी भी दल से सख्त मिजाज नेता सामने आया है तो आमजन ने उसे हाथों हाथ लिया है। नेहरू को उस समय के संदर्भ में लोगों द्वारा महत्व दिया गया तो नेहरू के बाद लाल बहादुर शास्त्री को ईमानदार और दबंग नेता के रूप में आज भी याद किया जाता है। जय जवान-जय किसान जो आज एक कदम आगे बढ़कर जय जवान-जय किसान-जय विज्ञान हो गया है। 1971 की भारत-पाक लड़ाई और बांग्लादेश के गठन के चलते इंदिरा गांधी को देशवासियों ने सिर चढ़ाया।

इस सर्वेक्षण रिपोर्ट में ऑटोक्रेसी को पसंद करने वाले लोगों की 12 प्रतिशत बढ़ोतरी से साफ समझ में आ जाना चाहिए कि लोग परिणाम पर नहीं जाते, आलोचना-प्रत्यालोचना को भी खारिज कर देते हैं जब कोई निर्णय लेने में हिचकता नहीं है। नरेन्द्र मोदी के पक्ष में यही बात जाती है। नरेन्द्र मोदी पर विपक्ष तानाशाही और जुमलेबाज जैसे आरोप लगाते हैं पर 2014 और 2019 के चुनाव परिणाम तो विपक्ष के आरोपों को सिरे से नकार रहे हैं। 370, राम मंदिर, तीन तलाक, पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक जैसे बोल्ड निर्णय और विदेशी नेताओं के बीच बॉस की भूमिका को देशवासी अपना गौरव समझने लगे हैं। दरअसल इस तरह के अनेक उदाहरण मिल जाएंगे। यही कारण है कि यह चुनाव भी मोदी बनाम विपक्ष के बीच लड़ा जा रहा है। लोकसभा के पिछले दो चुनाव भी मोदी के नाम से ही लड़े गए और जनता ने भारी बहुमत देकर सब कुछ साफ कर दिया। कुछ समय पहले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव भी भाजपा ने क्षेत्रीय क्षत्रपों के स्थान पर मोदी की गारंटी के नाम से लड़े। परिणाम सामने हैं।

दरअसल डेमोक्रेसी के नए रूप ऑटोक्रेसी में एक ही चेहरा-एक ही नाम पर लड़ा जाता है। इस लोकसभा चुनाव में भी यही हालात है। कहने को भले ही यह कहा जा रहा है कि 2024 के चुनाव की दशा और दिशा नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, शरद पवार, एमके स्टालिन, तेजस्वी यादव, असदुद्दीन औवेसी तय करने वाले हैं। मगर जमीनी हकीकत तो यह है कि 2024 का चुनाव एक ही चेहरा-एक ही नाम नरेन्द्र मोदी के इर्द-गिर्द है। नरेन्द्र मोदी बनाम समूचा विपक्ष चुनाव आकार ले चुका है। पहले चरण की 102 लोकसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होना है। अब राजनीतिक दलों को यह समझ लेना होगा कि आमजन को मुखर और निर्णय लेने की क्षमता वाला नेता चाहिए। सत्ता में आना है तो आमजन तक यह संदेश जाना जरूरी है। आज विपक्ष में ऐसा कोई नेता नजर नहीं आ रहा।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

संपादकीय

उम्मीदों की संकल्प पत्र

लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनात पार्टी (भाजपा) ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया, जिसे वे संकल्प पत्र कहते हैं। यह युवाओं, महिलाओं, किसानों व गरीबों पर केंद्रित है। संकल्प पत्र जारी करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम परिणाम लाने के लिए काम करते हैं। हमारा फोकस निवेश से लेकर नौकरी तक का है। मुफ्त राशन योजना जारी रहेगी। पांच लाख तक मुप्त इलाज जारी के रहने के साथ ही इसके दायरे में अब ट्रांसजेंडर भी आएंगे। पाइप के जरिए घर-घर गैस पहुंचाई जाएगी। तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने व महिलाओं को लखपति दीद बनाने की भी बात दोहराई। उन्होंने का जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हें मोदी पूजता है।गरीबों को लूटने वाले जेल जा रहे हैं, भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई चालू रहने की बात भी उन्होंने की। विपक्ष ने इसे भाजपा का केंद्र से विदाई का घोषणापत्र बताया। एक

राष्ट्र-एक चुनाव समान नागरिक संहिता लाने जैसे मुद्दों को दोहराने के साथ ही भाजपा ने तीन तलाक, अनुच्छेद 370 हटाने व राम मंदिर बना मर अपना वायदा निभाने की गारंटी देने का प्रयास भी किया है। घोषणा पत्र की अमूमन बातें प्रधानमंत्री अपने भाषणों में पहले ही करते रहे हैं। इसलिए इसमें कुछ नया तो नहीं कहा जा सकता। मुफ्त योजनाओं के जारी रखने की बात से जनता को यह आासन जरूर मिल जाता है कि सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में भी इन्हें बंद नहीं कर देगी।कांग्रेस अपने घोषणा को न्याय पत्र का नाम देकर इसी रास्ते पर नजर आ रही है। पार्टी ने महिलाओं को सरकारी नौकरियों में आरक्षण, गरीब लड़कियों को आर्थिक मदद, मुफ्त स्वास्थ्य बीमा, युवा-नारी-किसान-श्रमिक-आर्थिक व पर्यावरणीय न्याय के बूते सभी को समेटने के प्रयास किया है। यह सच है कि मतदाता को लुभाने वाले ये घोषणा पत्र कुछ तक प्रभावी होते हैं। मगर देश में इस वक्त युवा मतदाताओं की बढती दर ने राजनीतिक दलों को संकट में ला खड़ा किया है।इस नए मतदाता को प्रभावित करना उतना आसान भी नहीं है। जिन्हें शिक्षा, रोजगार व बेहतर भविष्य की आशाएं हैं। काफी हद तक वे मुफ्त योजनाओं व बड़े-बड़े वायदों से प्रभावित हुए बगैर नहीं रह सकते। मगर उनके भीतर अपने बेहतर भविष्य व सुकून भरे जीवन को लेकर आस्त रहने के सवाल भी हैं। राजनीतिक पार्टियां घोषणाएं कितनी भी कर लें मगर सच तो यह है कि मतदाता को प्रभावित कर पाना आसान भी नहीं है। इनका भरोसा जीतना वाकई दुष्कर कार्य है।

चिंतन-मनन

भौतिकवाद से उपजी दुर्गति

ऊंचा महल खड़ा करने के लिए किसी दूसरी जगह गड्ढे बनाने पड़ते हैं। मिट्टी, पत्थर, चूना आदि जमीन को खोदकर ही निकाला जाता है। एक जगह टीला बनता है तो दूसरी जगह खाई बनती है। संसार में दरिद्रों, अशिक्षितों, दुःखियों, पिछड़ों की विपुल संख्या देखते हुए विचार उठता है कि उत्पादित सम्पदा यदि सभी में बंट गई होती तो सभी लगभग समान स्तर का जीवन जी रहे होते।

अभाव एक ही कारण उत्पन्न हुआ है कि कुछ लोगों ने अधिक बटोरने की विज्ञान एवं प्रत्यक्षवाद की विनिर्मित मान्यता के अनुरूप यह उचित समझा है कि नीति, धर्म, कर्त्तव्य, शालीनता, समता, परमार्थ परायणता जैसे उन अनुबंधों को मानने से इंकार कर दिया जाए जो पिछली पीढ़ियों में आस्तिकता और धार्मिकता के आधार पर आवश्यक माने जाते थे। पशुओं को जब नीतिवान परोपकारी बनाने के लिए बाधित नहीं किया जा सका, तो बन्दर से मानव रूप में विकसित मनुष्य को यह किस आधार पर समझाया जा सके कि उसे उपार्जन तो करना चाहिए पर उसको उपभोग में ही समाप्त नहीं कर देना चाहिए।

विज्ञान के साथ सज्ञान का समावेश यदि रह सका होता तो भौतिक और आत्मिक सिद्धान्तों पर आधारित प्रगति का लाभ हर किसी को समान रूप से मिलता पर किया क्या जाए? भौतिक विज्ञान जहां शक्ति व सुविधा प्रदान करता है, वहीं प्रत्यक्षवादी मान्यताएं नीति, धर्म, संयम, स्नेह, कर्त्तव्य आदि को झुठला देती हैं। ऐसी दशा में उद्दंडता अपनाए हुए समर्थ का दैत्य-दानव बन जाना स्वाभाविक है।

औद्योगीकरण के नाम पर बने कारखानों ने संसार भर में वायु और जल प्रदूषण भर दिया है। ऊर्जा के अत्यधिक उपयोग ने संसार का तापमान इतना बढ़ा दिया है कि हिम प्रदेश पिघल जाने पर समुद्रों में बाढ़ आने और ओजोन

इजराइल का ईरान पर हमला विश्व में मचेगा हाहाकार

सनत जैन

इजरायल ने ईरान के ऊपर जबाबी हमला कर दिया है। इस जवाबी हमले के बाद सारी दुनिया के देशों में हाहाकार मचना तय है। इजराइल ने ईरान के कई शहरों और एयरपोर्ट पर खतरनाक मिसाइलों से हमला किया है। ईरान के इसाफहान शहर के एयरपोर्ट पर जबरदस्त धमाका सुना गया है। यहीं पर ईरान की न्यूक्लियर साइड भी मौजूद है। इस हमले के दो महत्वपूर्ण प्रभाव सारी दुनिया के देशों में होंगे। पहला कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने से तेल के दाम बड़ी तेजी के साथ बढ़ेंगे। इसमें दुनिया के वह देश जो इस लड़ाई में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं हैं, उनके ऊपर भी इस युद्ध का असर होगा। दूसरा जो देश प्रत्यक्ष रूप से इस युद्ध में भाग लेंगे या समर्थन दे रहे हैं उन देशों को भी इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा। भारत के लिए यह बड़ी चिंता का विषय है। भारत के संबंध ईरान और इजराइल दोनों के साथ हैं। गुरुवार की रात को इजराइल ने ईरान के इसाफन प्रांत में हमला किया है। यहां पर ईरान के परमाणु ठिकाने और यूरेनियम संवर्धन प्रमुख केंद्र हैं। ईरान और इजरायल के बीच चल रहे तनाव का मामला संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में भी उठा था। सुरक्षा परिषद भी दोनों देशों के तनाव को कम करने में कोई सार्थक भूमिका नहीं निभा पाई। इजराइल के जवाबी हमला करने के बाद भारत को आर्थिक और सामरिक दृष्टि से बड़ा नुकसान होना तय है। ईरान की फौज ने इजराइल का एक माल वाहक जहाज जप्त करके रखा है। इसमें 25 चालक दल में 17 भारतीय थे। ईरान ने मात्र एक महिला चालक को छोड़ा है। शेष सभी ईरान की हिरासत में हैं। इजराइल और ईरान लंबे समय से एक दूसरे के ऊपर छुटपुट हमले करते रहे हैं। लेकिन अब इस युद्ध में अमेरिका, यूरोपीय देशों के साथ-साथ रूस और चीन भी हस्तक्षेप कर रहे हैं। इस कारण तीसरे विश्व युद्ध की आशंका बन गई है। 1 अप्रैल को इजराइलियों ने दमिशक में एक ईरानी काउंसलेट पर हमला किया था। इस हमले में ईरान के साथ वरिष्ठ अधिकारी मारे गए थे। इस हमले के बाद ईरान को इजराइल के खिलाफ सीधी जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। बदले में गुरुवार की रात इजराइल ने भी ईरान पर सीधा जबाबी हमला कर दिया है। जिसके कारण सारी दुनिया के देशों में तनाव की स्थिति बन गई है। ईरान के हमले से बचाव के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जॉर्डन और सऊदी अरब इजराइल की मदद में खड़े हुए हैं। दूसरी ओर ईरान की सहायता के लिए रूस और चीन खुलकर सामने आ गए हैं। इजराइल द्वारा गाजा में जिस तरीके का विनाश हमास से युद्ध करने के नाम पर फिलिस्तीनी नागरिकों का किया है। संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद की बात को इजराइल ने नहीं माना। उसके बाद से ही स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती चली जा रही है। 7 अक्टूबर को इजराइल ने हमास के ऊपर हमला किया था। उसके बाद भारत ने सऊदी अरब, ईरान, इजराइल, मिश्र और फिलिस्तीन के नेताओं से युद्ध को रोकने के लिए अपने स्तर पर सभी ने प्रयास किए, लेकिन भारत के कोई भी प्रयास सफल नहीं हुए। इजराइल लगातार हमास पर हमला करता रहा। हजारों लोगों की मौत हो गई। अक्टूबर से अभी तक चल रहे इस युद्ध में इजराइल के हाथ भी कुछ नहीं आया है। फिलिस्तीन और गाजा में भारी नुकसान हुआ। वहां की आम जनता को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा। ऐसा नरसंहार इसके पहले कभी दुनिया के किसी भी देश में देखने को नहीं मिला। इजराइल और हमास के युद्ध में एक साथ हजारों बच्चों और महिलाओं की मौत हुई है। वहां पर भुखमरी फैली हुई है। रेड क्रॉस और अन्य संस्थाएं वहां मदद नहीं पहुंचा पा रही हैं। भारत के ईरान और इजरायल के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। भारत ने इजराइल से 2। 9 अरब डालर मूल्य के मिसाइल, रडार, निगरानी ड्रोन, लड़ाकू विमान इत्यादि खरीदे हैं। अमेरिका का प्रतिबंध होते हुए भी भारत ने तेल, गैस ईरान से बड़ी मात्रा में खरीदा है। ईरान से कच्चे तेल का सबसे बड़ा आयातक भारत है। जिस तरह से ईरान और इजरायल एक दूसरे के ऊपर हमले कर रहे हैं। इसका बड़ा असर कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति पर होगा। कच्चे तेल और गैस की कीमतें बड़ी तेजी के साथ बढ़ सकती हैं। इसका असर सारी दुनिया के देशों में होगा। जल मार्ग भी बाधित होगा। जिसके कारण आयात और निर्यात को लेकर बहुत बड़ी बाधा उत्पन्न होगी। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते हुए तनाव से तीसरे विश्व युद्ध की आशंका से सारी दुनिया के देश भयाक्रांत हैं। आश्चर्य की बात यह है, कि संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं शांति बहाल करने में अपना योगदान नहीं दे पा रही हैं। इसने चिंता को और भी बढ़ा दिया है। यूक्रेन और रूस के बीच में पहले ही युद्ध चल रहा है इजराइल और हमास के बीच में भी पिछले 7 महीने से भयंकर युद्ध हो रहा है दुनिया के देश दो भागों में बट रहे हैं परमाणु हमले की आशंका जताई जा रही है ऐसी स्थिति में यदि तृतीय विश्व युद्ध हुआ तो यह अभी तक के विनाश का सबसे बड़ा कारण बनेगा। प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध के समय लड़ाई के इतने संसाधन और नए-नए तौर तरीके विकसित नहीं थे, लेकिन वर्तमान संदर्भ में एक से एक बढ़कर विनाशकारी हथियार दुनिया के अधिकतर देशों के पास हैं इससे स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

भारत का सकल घरेलू उत्पाद अगले 50 वर्षों में 52 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाने की सम्भावना

प्रहलाद सबनानी

गोल्डमेन सेच्स नामक अंतरराष्ट्रीय निवेश संस्थान ने अपने एक रिसर्च पेपर में बताया है कि आगे आने वाले 50 वर्षों में भारत का सकल घरेलू उत्पाद 52 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा। इस प्रकार भारत इस संदर्भ में अमेरिका को भी पीछे छोड़ते हुए विश्व में प्रथम स्थान पर आ जाएगा। वर्तमान में भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं विश्व बैंक आदि विभिन्न वित्तीय संस्थानों ने भी आगे आने वाले समय में भारत की आर्थिक वृद्धि दर को 7.2 प्रतिशत रहने की प्रबल संभावनाएं जताईं हैं। जबकि, आज विश्व के कई देश, विशेष रूप से ब्रिटेन, जर्मनी आदि, आर्थिक संकुचन के दौर से गुजर रहे हैं। रूस यूक्रेन युद्ध के चलते कई विकसित देश तो ऊर्जा की कमी के संकट से जूझ रहे हैं। भारत के विदेशमंत्री, डॉक्टर एस जयशंकर भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व के लगभग समस्त सशक्त देशों के साथ अच्छे सम्बंध बनाने में सफल रहे हैं। आज रूस को भी भारत की आवश्यकता है तो अमेरिका को भी। रूस, भारत को कच्चे तेल एवं सुरक्षा के लिए भारी मात्रा में शस्त्र उपलब्ध कराता है। वर्ष 2022 में भारत ने रूस से 4,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सामान आयात किया था। वर्ष 2023 में यह बढ़कर 5,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर होने की प्रबल सम्भावना है। वहीं अमेरिका, भारत को अपना स्ट्रेटेजिक सहयोगी मानता है। आज विश्व की समस्त बड़ी शक्तियां भारत के साथ सौहार्द पूर्ण सम्बंध चाहती हैं। रूस, अमेरिका, यूरोपीयन देश एवं अरब देश भारत के साथ अपने व्यापार को विस्तार देना चाहते हैं। रूस भी भारत के साथ अच्छे सम्बंध चाहता है तो यूक्रेन भी। उधर इजराईल भी भारत के साथ अच्छे सम्बंध चाहता है तो इरान भी। भारत जी-20 समूह का सदस्य है तो भारत यू2आई2 एवं ब्रिक्स का भी सदस्य है। इस प्रकार कुल मिलाकर भारत का डंका आज पूरे विश्व में बज रहा है। आज भारत के पास विश्व की चौथी सबसे बड़ी फौज है। पश्चिमी बॉर्डर पर चीन से युद्ध की स्थिति में भारत आज इससे निपटने को पूर्णतः तैयार है।

भारत के पास आज युवा जनबल है। भारत की 66 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष की कम आयु की है। 40 प्रतिशत जनसंख्या 13 से 35 वर्ष के बीच में है। भारत के पास 35 वर्ष से कम आयु की जनसंख्या अमेरिका की कुल जनसंख्या से भी अधिक है। इसके विपरीत चीन, जापान, इटली, फ्रान्स आदि कई देशों की जनसंख्या अब धीमे धीमे कम हो रही है। इन देशों में आर्थिक गतिविधियों को बनाए रखने के लिए आज युवाओं की सख्त आवश्यकता है जो पूरे विश्व में केवल भारत ही उपलब्ध करा सकता है। वर्ष 2064 तक भारत की जनसंख्या बढ़ती रहेगी, ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस प्रकार वैश्विक स्तर पर भारत विश्व में विकास के इंजन के रूप में अपनी भूमिका लम्बे समय तक निभाता रहेगा।

उक्त संदर्भ में दूसरा सबसे बड़ा कारण बताया गया है, भारत में हाल ही के समय में किया गया डिजिटलीकरण। इससे देश के ग्रामीण इलाकों में भी नागरिकों की दक्षता एवं उत्पादकता बढ़ गई है। भारत में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग की वित्तीय एवं बैंकिंग संस्थानों द्वारा भरपूर आर्थिक सहायता की जा रही है इससे यह उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहे हैं एवं देश में रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित कर रहे हैं। पूर्व में केवल बड़े उद्योगों को ही बैकों द्वारा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती रही है परंतु भारत में अब यह ट्रेंड बदला है। कोविड महामारी के बाद से तो इस सम्बंध में बड़ा बदलाव देखने में आया है। डिजिटलीकरण के कारण छोटे छोटे व्यवसाईयों की क्रेडिट हिस्ट्री निर्मित हो रही है जिसके कारण बैकों को इन छोटे छोटे व्यापारियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने में आसानी हो रही है। ह्यआधारह्न ने तो देश के समस्त नागरिकों की एक अलग पहचान ही बना दी है। यूपीआई प्लेटफोर्म ने भी इस संदर्भ में ग्रामीण इलाकों में रोकड़ के उपयोग को कम कर डिजिटल प्लेटफोर्म पर वित्तीय व्यवहारों को हस्तांतरित किया है। छोटे छोटे व्यवसाईयों, किसानों, सामान्य नागरिकों को भी वित्तीय प्लेटफोर्म पर लाने में यह डिजिटलीकरण बहुत सफल रहा है। इससे वित्तीय समावेशन का कार्य भी आसान बन पड़ा है। भारत में डिजिटल व्यवहारों की संख्या आज संयुक्त रूप से अमेरिका, चीन एवं यूरोप से भी अधिक है। जबकि अमेरिका, चीन एवं यूरोप के देश भारत से अधिक विकसित देश हैं। इससे यह झलकता है कि भारत ने डिजिटलीकरण के मामले में पूरे विश्व को पीछे छोड़ दिया है। अब तो भारत का यूपीआई सिस्टम अमेरिका के स्विफ्ट पेमेंट सिस्टम को भी पीछे छोड़कर वैश्विक स्तर पर डिजिटलीकरण के मामले में अपनी धाक जमाने की ओर आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत का यूपीआई सिस्टम सिंगापुर, फ्रान्स, श्रीलंका एवं यूएई में लागू किया जा चुका है। भारत के प्रधानमंत्री ने फ्रान्स में भारतीय यूपीआई सिस्टम का उद्घाटन किया था, ताकि फ्रान्स में जाने वाले पर्यटक यूपीआई सिस्टम के माध्यम से फ्रान्स में वित्तीय व्यवहार कर सकें। न्यूजीलैंड में भी यूपीआई को लागू किए जाने पर विचार किया जा रहा है।

उक्त संदर्भ में तीसरा सबसे बड़ा कारण है चीन के, विस्तरवादी नीतियों के चलते, विश्व के अन्य देशों के साथ लगातार खराब होते सम्बंध। आज विश्व के कई देश चीन के साथ आर्थिक व्यवहार करने से कतराने लगे हैं। यह स्थिति भारत के आर्थिक विकास को गति दे सकती है क्योंकि चीन+1 की नीति का अनुपालन विश्व के कई विकसित देश आज करने लगे हैं एवं ये देश भारत में विनिर्माण के क्षेत्र में अपनी इकाईयों को स्थापित करते जा रहे हैं। ताईवान आदि देशों पर चीन की नीति की पूरे विश्व में भर्त्सना हो रही है। चीन के अपने बॉर्डर पर लगने वाले लगभग समस्त देशों के साथ चीन के सम्बंध अच्छे नहीं हैं। इन देशों का चीन पर अब भरोसा समाप्त सा होता जा रहा है। ऐपल एवं टेस्ला जैसी कम्पनियां अब भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयां स्थापित कर रही हैं। ऐपल ने तो अपने आईफोन-15 का उत्पादन भारत में चालू भी कर दिया है। इससे भारत में न केवल रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं बल्कि विदेशी निवेश भी बढ़ रहा है। आज भारत में विदेशी मुद्रा भंडार 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास रिकार्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। साथ ही, आज भारत का पूंजी बाजार (स्टॉक मार्केट) विश्व में चौथे स्थान

पर आ गया है।

भारत द्वारा अपने बुनियादी ढांचे को विकसित करने में भारी भरकम राशि खर्च की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 11.11 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का बजट बुनियादी ढांचे के लिए निर्धारित किया गया है, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि इस मद पर खर्च की गई थी। अयोध्या, वाराणसी, उज्जैन, हरिद्वार, जम्मू कश्मीर जैसे अन्य कई धार्मिक स्थलों को विकसित किया जा रहा है ताकि धार्मिक पर्यटन को भारत में बढ़ावा दिया जा सके। इन शहरों के बुनियादी ढांचे का अतुलनीय विकास किया जा रहा है। जिससे रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। एयरपोर्ट की संख्या पिछले 10 वर्षों में दुगने से भी अधिक होकर 150 तक पहुंच गई है और इसे वर्ष 2025 तक 200 की संख्या तक ले जाया जा रहा है। रेल्वे का विद्युतीकरण किया गया है। रेलगाड़ियों की स्पीड बढ़ाई गई है, जिससे देश में कार्यक्षमता के स्तर में सुधार हो रहा है। भारत के बड़े शहरों में मेट्रो रेल का जाल बिछाया जा रहा है। आज भारत का रोड नेट्वर्क चीन से भी अधिक होकर विश्व में केवल अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर आ गया है। भारत सरकार की वर्ष 2024 से वर्ष 2030 के बीच देश के बुनियादी ढांचे को विकसित करने पर 2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि खर्च करने की योजना है। इस प्रकार भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देशों की श्रेणी में शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्ष 2027 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, ऐसी सम्भावना भी व्यक्त की जा रही है।

मध्य तुर्किये में महसूस किए गए भूकंप के तेज झटके

अंकारा ह्य। मध्य तुर्किये में भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया। देश की आपदा प्रबंधन एजेंसी ने इसकी जानकारी दी। भूकंप की वजह से कुछ इमारतों को नुकसान पहुंचा है, लेकिन किसी भी मौत या गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। आपदा प्रबंधन एजेंसी के मुताबिक, अंकारा से 450 किलोमीटर पूर्व में स्थित सुलुसराय शहर में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। आपदा प्रबंधन एजेंसी ने बताया कि भूकंप का झटका योजगाट सहित पड़ोसी प्रांतों में महसूस किया गया, जहां दो मंजिला इमारत ढह गई। टोकाट के गवर्नर नुमान हातिपोग्लू ने बताया कि सुलुसराय के पास बुगदायली गांव में ईंट और लकड़ी के कई घर हो गए। इससे पहले दिन में सुलुसराय में भूकंप के दो झटके महसूस किए गए थे जिनकी तीव्रता क्रमश-4.7 और 4.1 थी।

बिक रहा है दुनिया का सबसे महंगा घर, कीमत लगभग 4 हजार करोड़

पेरिस। ये घर इतना महंगा है कि उसकी कीमत में शाहरुख खान के 'मन्नत' जितने करीब 18 बंगले खरीदे जा सकते हैं। मन्नत जैसे 20 घरों की बात कर रहे हैं, तो इस मकान का दाम कितना होगा। इस घर की कीमत 363 मिलियन पाउंड, यानी 37,83,81,76,200 रुपये (3 हजार 783 करोड़ रुपये से ज्यादा) के करीब है। इस लिहाज से आप शाहरुख जैसे करीब 18-19 घरों को खरीद सकते हैं। ये घर पैरिस के बाहरी इलाके में स्थित है। इसका निर्माण 19वीं सदी में हुआ था और जो एक 12वीं सदी के किले पर बना था। 1980 के दशक में इसे किंग हसन द्वितीय ने ले लिया था, उससे पहले रॉथ्सचाइल्ड बैंकिंग एंपायर के अंडर में ये घर था। घर में 100 कमरे हैं, 2500 स्क्वायर मीटर के एरिया में लोग रह सकते हैं। 1000 हेक्टेयर की जमीन है और प्राइवेट तालाब भी है। हसन द्वितीय के बेटे ने अपने पिता की मौत के बाद साल 2008 में मिडिल ईस्ट के एक खरीदार को ये घर बेच दिया था। अब ये फिर मार्केट में खरीदे जाने के लिए आ चुका है।रिपोर्ट्स के मुताबिक फ्रांस में स्थित एक किला बिकने वाला है जो कभी मोरक्को के राजा का प्राइवट घर हुआ करता था। इसे दुनिया का सबसे महंगा प्राइवेट रेसिडेंस माना जा रहा है। आपको जब इसकी कीमत पता चलेगी तो आपके होश उड़ जाएंगे। कोईमोई वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार भारत के दिग्गज अभिनेता शाहरुख खान ने साल 2001 में मुंबई में अपना घर, मन्नत खरीदा था। उस वक्त उनके घर की कीमत थी 13.5 करोड़ रुपये। मगर प्रॉपर्टी से जुड़ी कई वेबसाइट्स के अनुसार अब शाहरुख के घर की कीमत 200 करोड़ हो चुकी है।

अमेरिका ने कहा, कोई चुनाव पर्यवेक्षक नहीं भेज रहा

वाशिंगटन। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने भारत में लोकसभा चुनावों के बीच कहा कि वह कोई चुनाव पर्यवेक्षक नहीं भेज रहा है, लेकिन वह भारत में साझेदारों के साथ अपने सहयोग को गहरा और मजबूत करने के लिए उत्सुक है। विदेश मंत्रालय के उपप्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा, मुझे अमेरिका द्वारा कोई पर्यवेक्षक भेजने की जानकारी नहीं है। हम भारत जैसे उन्नत लोकतांत्रिक देशों में चुनावों के मामले में आम तौर पर ऐसा नहीं करते हैं।'' उन्होंने कहा, हम भारत में अपने साझेदारों के साथ अपने सहयोग को गहरा और मजबूत करने के लिए उत्सुक हैं। भारत में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत देश की 102 सीट पर मतदान हो रहा है। उन्होंने रूस-यूक्रेन संघर्ष या गाजा में जारी युद्ध के मद्देनजर शांति स्थापित करने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित विश्व के नेताओं द्वारा भूमिका निभाने के विचार का स्वागत किया।

तेहरान जाने वालीं सभी उड़ानें निलंबित

- ईरानी दूतावास पर एयर स्ट्राइक के बाद खराब होते जा रहे हैं पश्चिम एशिया में हालात

तेहरान। सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरानी दूतावास पर एयर स्ट्राइक के बाद पश्चिम एशिया में हालात लगातार खराब होते जा रहे हैं। कुछ दिनों पहले ईरान ने 300 से ज्यादा ड्रोन और मिसाइल से इजरायल पर हमला कर दिया था। इजरायल ने इनमें से 99 फीसद ड्रोन और मिसाइल को निष्क्रिय करने का दावा किया था। अब इजरायल ने इसका जवाब दिया है। मित्र राष्ट्रों के संयम बरतने की अपील को दरकिनार करते हुए इजरायल ने ईरान पर मिसाइल से हमला किया है। मीडिया रिपोर्ट में ईरान के पावर और न्यूक्लियर प्लांट को निशाना बनाने का दावा किया जा रहा है। हालांकि, ईरान ने इन रिपोर्ट्स को खारिज किया है। दूसरी तरफ, तेहरान और शिराज जाने वाली फ्लाइट्स को सस्पेंड कर दिया गया है। ईरान की सरकारी मीडिया के हवाले से बताया है कि तेहरान, इस्?फहान और शिराज जाने वाली फ्लाइट्स को सस्पेंड कर दिया गया है। इस्?फहान एयरपोर्ट के पास धमाके की सूचना के बाद उड़ानों को सस्?पेंड करने का फैसला किया गया है। इस्फहान एयरपोर्ट के समीप स्थित कहजवारिस्तान में धमाका हुआ। यह उत्तर-पश्चिम इस्फहान में स्थित एयरपोर्ट और 8वीं शेखरी आर्मी एयरफोर्स बेस के बीच मौजूद है। सामरिक और रणनीतिक रूप से इस जगह को बेहद संवेदनशील माना जाता है। ईरान के परमाणु संयंत्र को नुकसान पहुंचने की खबरों के बीच ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कोर ने देश के न्यूक्लियर प्लांट को पूरी तरह से सुरक्षित बताया है। एक न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार आईआरजीसी के एक वरिष्?ठ कमांडर ब्रिगेडियर जनरल अहमद हजतलब ने परमाणु संयंत्रों को पूरी तरह से सेफ बताया है। ब्रिगेडियर जनरल अहमद हजतलब आईआरजीसी की उस यूनिट के चीफ हैं, जिसके पास न्यूक्लियर प्लांट की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उनकी अंगुलियां हमेशा ट्रिगर पर रहती हैं, ताकि किसी भी तरह के दुस्साहस का माकूल जवाब दिया जा सके।

पाकिस्तान में आत्मघाती हमले में दो लोगों की मौत, तीन घायल

- आतंकियों ने जापानी नागरिकों को किया टारगेट

कराची। पाकिस्तान में सुदूर इलाकों से लेकर शहरों तक आतंकी हमले हो रहे हैं। शुक्रवार की सुबह कराची के लांधी इलाके में एक आत्मघाती हमला हुआ। यह हमला जापानी नागरिकों को लेकर जा रही एक गाड़ी पर किया गया। इस हमले में दो लोगों की मौत हुई है, जबकि पांचों जापानी नागरिक सुरक्षित हैं, जो कार में सवार थे। मिली जानकारी के अनुसार पाकिस्तानी पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आत्मघाती हमलावर और दो आतंकवादी मारे गए हैं। पाकिस्तानी टीवी चैनल ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया कि धमाके के बाद एक आतंकी गाड़ी को निशाना बनाकर फायरिंग कर रहा था। सिंध के गवर्नर ने इस हमले की निंदा की है और मौके पर आईजी को जांच के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि कराची जैसे शहर में आतंकवाद को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पाकिस्तान पुलिस के प्रवक्ता अबरार हुसैन ने बताया कि जापानी नागरिकों को सुरक्षित ठिकाने पर भेजा गया है। फिलहाल पुलिस उनकी सुरक्षा में तैनात है। फिलहाल किसी आतंकी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पाकिस्तान में आए दिन ऐसे आतंकी हमले होते रहे हैं, जिनमें पाले तालिबान और अलकायदा जैसे संगठन शामिल रहे हैं। इसके अलावा अलगाववादी उग्रवादी समूह बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी की ओर से भी पाकिस्तान पर हमले किए जाते हैं। यह पहला मौका है, जब जापानी नागरिकों को टारगेट किया गया है। कराची पुलिस ने कहा है कि यह आत्मघाती हमला था। इस हमले में एक और वाहन को नुकसान पहुंचा है।

दक्षिण कोरिया में टूलिप समारोह के दौरान सेल्फी लेते हुए लोग।

ईरान पर हुआ इजराइली हमला

-नहीं माने नेतन्याहू! ईरान के कई शहरों पर दागीं खतरनाक मिसाइलें, एयरपोर्ट पर हुए धमाके

तेलअवीव (एजेंसी)। युद्ध की आशंकाओं के बीच खबरें हैं कि इजरायल मिसाइलों ने ईरान में हमला कर दिया है। इसके चलते ईरान के ईसाफहान शहर के एयरपोर्ट पर जबरदस्त धमाका सुना गया। हालांकि, इसकी वजह अब तक साफ नहीं हो सकी है। खास बात है कि ईसफहान में कई न्यूक्लियर साइट मौजूद हैं। कुछ दिन पहले ही ईरान ने भी इजरायल के खिलाफ कार्रवाई की थी।

बीते दिनों ईरान ने इस्राइल पर 300 से ज्यादा मिसाइलों और ड्रोन्स से हमला किया था। हालांकि ये मिसाइलें और ड्रोन्स इस्राइल की हवाई सुरक्षा को नहीं भेद पाईं थी। दरअसल ईरान के दमिश्क स्थित दूतावास पर हमला हुआ था। इस हमले में ईरान की सेना के दो शीर्ष कमांडर्स समेत सात लोगों की मौत हुई थी। ईरान ने इस हमले का आरोप इस्राइल पर लगाया था। इसी हमले के जवाब में ईरान ने इस्राइल पर हमला किया था। हमले के बाद ईरान ने चेतावनी दी थी कि अगर इस्राइल ने उन पर हमला किया तो वे और ताकत के साथ पलटवार करेंगे। अमेरिका के शीर्ष अधिकारियों के हवाले से अमेरिकी मीडिया ने यह जानकारी दी है। ईरान के एयरपोर्ट पर तेज धमाके की आवाज सुनी गई है। ईरान की मीडिया ने भी दावा किया है कि ईरान के शहर इसाफान के एयरपोर्ट में धमाके की आवाज सुनी गई है। हालांकि विस्फोट की वजह का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। गौरतलब है कि ईरान के कई परमाणु ठिकाने इसाफान प्रांत में ही स्थित हैं, जिनमें ईरान में यूरेनियम संवर्धन का प्रमुख केंद्र भी यहीं पर मौजूद है। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान के हवाई क्षेत्र में कई फ्लाइट्स के मार्ग बदले गए हैं।

ईरान और इस्राइल के बीच तनाव का यह मामला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी उठा था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में इजरायल ने मांग की थी ईरान की सेना को आतंकी संगठन घोषित किया जाए। वहीं ईरान ने इजरायल को चेताया था कि अगर उसने ईरान पर हमले की कोशिश की तो उसके नतीजे गंभीर होंगे। ईरान ने अमेरिका से भी दोनों देशों के बीच न आने की चेतावनी दी थी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने दोनों देशों से अपील की थी कि वे शांति से मामला निपटाएं क्योंकि पश्चिम एशिया एक और युद्ध झेलने की स्थिति में नहीं है। कई विशेषज्ञों ने आशंका जताई है कि अब इजरायल हमास युद्ध के बाद इजरायल ईरान तनाव से पूरे अरब क्षेत्र में तनाव बढ़ सकता है।

भारतीय मूल के प्रोफेसर को जापानी विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय फेलो के रुप में चुना

ह्यूस्टन (एजेंसी)। ह्यूस्टन विश्वविद्यालय के 'कुलेन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग' में सेवारत, 'ग्लोबल एनर्जी पुरस्कार विजेता, भारतीय मूल के प्रोफेसर कौशिक राजशेखर को जापान की इंजीनियरिंग अकादमी के अंतरराष्ट्रीय फेलो के रूप में चुना गया है। विश्वविद्यालय ने इसकी जानकारी दी।

इस संबंध में कहा गया कि मूल रूप से कर्नाटक के एक छोटे से गांव के रहने वाले प्रोफेसर राजशेखर को बिजली रूपांतरण और परिवहन के विद्युतीकरण में उनके योगदान के लिए चुना गया हैं अकादमी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय फेलो के रूप में राजशेखर का चयन विशेष रूप से ''उस ऊर्जा में उनके उत्कृष्ट वैज्ञानिक अनुसंधान और वैज्ञानिक-तकनीकी क्षेत्र में उनके योगदान का सम्मान करता है जो संपूर्ण मानव जाति के हित में पृथ्वी पर ऊर्जा स्रोतों के लिए अधिक दक्षता और पर्यावरणीय सुरक्षा को बढ़ावा देती है।'' राजशेखर ने कहा, ''जापान की इंजीनियरिंग अकादमी के अंतरराष्ट्रीय फेलो के रूप में चुने जाने पर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह एक ऐसी उपलब्धि है जिसका मैं बहुत सम्मान करता हूं।राजशेखर को 2022 में 'ग्लोबल एनर्जी एसोसिएशन ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा के क्षेत्र के सर्वाधिक प्रतिष्ठित पुरस्कार 'ग्लोबल एनर्जी पुरस्कार' से सम्मानित किया था।

पाकिस्तान को आर्थिक स्थिति से उबारने और स्थिर करने आईएमएफ करेगा मदद

-वर्तमान में गंभीर आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा पाकिस्तान

वाशिंगटन (एजेंसी)। पाकिस्तान को आर्थिक स्थिति से उबारने और स्थिर करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) मदद करने को तैयार है। आईएमएफ में पश्चिम एशिया व मध्य एशिया विभाग के निदेशक जिहाद अज़ोर ने आईएमएफ और विश्व बैंक की एक बैठक में पत्रकारों से कहा कि कुछ प्रमुख चुनौतियों से निपटने में मदद के लिए एक नए कार्यक्रम बनाया जाएगा। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब आईएमएफ की बैठकों में भाग लेने के लिए अमेरिकी में हैं। पाकिस्तान गंभीर आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है। आईएमएफ अधिकारी ने आशा व्यक्त की कि पिछली समीक्षा सफल रही थी और इसे निदेशक मंडल के सामने रखा जाएगा। इससे उस कार्यक्रम को समाप्त कर दिया जाएगा जिसने पाकिस्तान को आर्थिक असंतुलन को दूर करने और उसकी आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में मदद की थी। 10 महीने पहले शुरू किए गए मौजूदा कार्यक्रम के दम पर पाकिस्तान ने आर्थिक स्थिरता के मामले कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। निदेशक अज़ोर ने कहा कि उन उपायों ने पाकिस्तान को अपना भंडार बढ़ाने की अनुमति दी। वर्तमान में अधिकारियों ने पाकिस्तान को कुछ प्रमुख चुनौतियों से निपटने में मदद करने के लिए एक नए कार्यक्रम में रुचि व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इनमें से एक है व्यापक आर्थिक स्थिरता को बनाए रखना। इसके लिए बजट घाटे के स्तर को कम करने तथा राजस्व स्थिति में सुधार करके राजकोषीय स्थिति को मजबूत करने के वास्ते राजकोषीय पक्ष पर काम जारी रखने की जरुरत होगी, जो अतीत में मुख्य चुनौतियों में से एक थी। राजस्व बढ़ने से सरकार को न केवल ऋण की स्थिति का समाधान करने में मदद मिलेगी बल्कि अतिरिक्त सामाजिक सहायता प्रदान करने की भी गुंजाइश होगी।

इजरायल के एयरस्ट्राइक के बाद ईरान ने इमरजेंसी बैठक बुलाई

- अमेरिका ने कहा हम इसका समर्थन नहीं करते

तेहरान (एजेंसी)। इजरायल ने ईरान पर एयरस्ट्राइक कर उसके कई शहरों को निशाना बनाया है। ईरान हमले का जवाब इजरायल की ओर से दिया गया है। कुछ दिन पहले ईरान ने इजरायल के कई शहरों पर हमले का दावा किया था। अब इजरायल के अटैक के बाद ईरान ने इमरजेंसी बैठक बुलाई है। ईरान ने साफ किया था कि जवाबी कार्रवाई का कोई हमला होता है, तब ईरान चुप नहीं बैठेगा। मीडिया रिपोर्ट में अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों के हवाले से कहा कि इजरायली मिसाइलों ने ईरानी साइट पर हमला किया था, जिसके कुछ घंटों बाद मीडिया ने बताया कि ईरान की हवाई सुरक्षा ने केंद्रीय शहर इस्फहान के ऊपर तीन छोटे ड्रोनों को मार गिराया। ईरानी मीडिया ने इस्फहान में विस्फोटों की सूचना दी, क्योंकि हवाई सुरक्षा सक्रिय कर तेहरान और इस्फहान सहित कई क्षेत्रों में उड़ानें निलंबित कर दी गई थीं।

इस्फहान ईरान का रणनीतिक तौर पर अहम शहर है। जिस पर इजरायल की तरफ से अटैक हुआ है। ईरान के सैन्य अनुसंधान भी इसी शहर में हैं। इसके बाद इस्फहान शहर पर इजरायल के अटैक से तमाम अनुसंधान को नुकसान पहुंचाना मकसद है।

अमेरिकी मीडिया ने बताया कि अमेरिका को इजरायल के कथित हमले के बारे में पहले ही जानकारी थी। हालाँकि, उन्होंने ऑपरेशन का समर्थन नहीं किया या इसमें भाग नहीं लिया। अमेरिका ने कहा था कि वह इजरायल की रक्षा का समर्थन करेगा लेकिन किसी भी आक्रामक अभियान में भाग नहीं लेगा। देश ने ईरान के खिलाफ नए आर्थिक प्रतिबंधों की भी घोषणा की थी। एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया, हमने प्रतिक्रिया का समर्थन नहीं किया। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान ने इस्फहान में एयर डिफेंस बैटरियों का इस्तेमाल किया। इजरायली सेना और व्हाइट हाउस ने अब तक आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है।

राष्ट्रपति जरदारी ने संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए राग कश्मीर अलापा

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित कर कश्मीर मुद्दा उठाया और दक्षिण एशिया में शांति और विकास सुनिश्चित करने के लिए इसका समाधान करने की आवश्यकता पर जोर दिया। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के सांसदों द्वारा सरकार के खिलाफ की जा रही नारेबाजी के बीच, राष्ट्रपति जरदारी ने राजनीतिक नेताओं से नकदी संकट से जूझ रहे देश के समक्ष चुनौतियों से निपटने के लिए ध्रुवीकरण की राजनीति छोड़ने का आग्रह किया।

राष्ट्रपति जरदारी ने कश्मीर को लेकर कहा कि भारत को पांच अगस्त, 2019 के बाद से उठाए गए सभी कदमों को वापस लेना चाहिए और कश्मीर के लोगों को अपना भविष्य तय करने अनुमति देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया क्षेत्र में विकास के लिए

शांति का माहौल आवश्यक है, और कश्मीर मुद्दे का समाधान शांति की कुंजी है। उधर भारत ने पाकिस्तान को स्पष्ट कह दिया हैं कि संपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख देश के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से हैं।

दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गए जरदारी ने कहा कि वह एकजुट होकर सभी चुनौतियों से निपटने में राष्ट्र की ताकत में विश्वास करते हैं। जरदारी ने कहा, ''देश को अब ध्रुवीकरण से हटकर समसामयिक राजनीति की ओर बढ़ने की जरूरत है। इस संयुक्त सदन को संसदीय प्रक्रिया में जनता का विश्वास बहाल करने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए।''

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष जरदारी गठबंधन सरकार के उम्मीदवार थे और उन्होंने पिछले महीने 14वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। जरदारी ने सभी प्रांतों के लिए अवसरों की समानता पर आधारित एक समावेशी विकास मॉडल विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेश को आकर्षित करना देश का प्राथमिक उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने सरकार से मौजूदा नियमों को सरल बनाने और घरेलू और विदेशी निवेशकों के लिए एक माहौल बनाने के लिए कहा।

रूस ने यूक्रेन के पांच गुब्बारों को गिराने का दावा किया

मास्को। फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से यूक्रेन की सेना युद्ध में नयी नयी तरकीब अपना रही है। रूसी सेनाओं के खिलाफ ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। रूसी मीडिया संस्थानों की खबरों के अनुसार, यूक्रेन के गुब्बारे जीपीएस मॉड्यूल और विस्फोटक से लैस होते हैं। इनका पता लगाना कठिन होता है और ये छोटे ड्रोन की तुलना में ज्यादा हथियार ढो सकते हैं। ऐसे ही गुब्बरों को लेकर रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा करते हुए कहा कि रूसी वायु सैन्य बलों ने यूक्रेन के पांच गुब्बारों को नष्ट कर दिया। जबकि इस मामले में दोनों ही देशों ने विस्तृत विवरण नहीं दिया है। यह स्पष्ट नहीं है कि क्या हीलियम या गर्म हवा से इन गुब्बारों का संचालन होता है। ये गुब्बारे हवा में ज्यादा देर तक उड़ने में सक्षम नहीं हैं। यदि गुब्बारा किसी विशिष्ट क्षेत्र में छोड़ा जाता है, तो जीपीएस मॉड्यूल का उपयोग विस्फोटकों को गिराने के लिए किया जाता है, जिसका उद्देश्य जमीन पर दहशत फैलाना और रूसी वायु रक्षा प्रतिष्ठानों का ध्यान भटकाना है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन के तीन गुब्बारे और एक ड्रोन वोरोनिश क्षेत्र में नष्ट कर दिए गए। दो गुब्बारों को रूस के बेलगोरोड क्षेत्र में नष्ट कर दिया गया। रूस ने यह भी दावा किया कि उसने रात के दौरान यूक्रेन की दो मिसाइल, कई रॉकेट लॉन्चर से दागे गए 19 रॉकेट और 16 ड्रोन को गिरा दिया। रक्षा मंत्रालय ने यह भी कहा कि दक्षिणी रूस के रोस्तोव क्षेत्र में तीन ड्रोन नष्ट कर दिए गए। खबरों में कहा गया है कि इस सप्ताह की शुरुआत में लिपेत्स्क और कुर्स्क क्षेत्रों में रूसी वायु रक्षा बलों द्वारा गिराए गए गुब्बारे मोर्टार बम से लैस थे। यूक्रेन को रूस की मजबूत सेना के खिलाफ युद्ध के मैदान में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि पश्चिमी देशों से उसे सैन्य हथियारों का सहयोग मिलना कम हो गया है।

दुबई में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने भारी बारिश से प्रभावित, गैर-जरूरी यात्रा को फिर से निर्धारित करने की दी गई सलाह

नई दिल्ली (एजेंसी)। संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय दूतावास ने दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से यात्रा करने वाले या वहां से जाने वाले भारतीय यात्रियों को शहर में परिचालन सामान्य होने तक गैर-जरूरी यात्रा को पुनर्निर्धारित करने की सलाह दी है, जहां इस सप्ताह के शुरू में अभूतपूर्व बारिश के कारण बाढ़ आ गई थी। अबू धाबी में भारतीय दूतावास ने कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में संयुक्त अरब अमीरात में अभूतपूर्व मौसम की स्थिति के कारण व्यवधान के कारण, दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने अस्थायी रूप से आने वाली उड़ानों की संख्या सीमित कर दी है।

एडवाइजरी में कहा गया है कि दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से यात्रा करने वाले या वहां से आने वाले भारतीय यात्रियों को परिचालन सामान्य होने तक गैर-जरूरी यात्रा को पुनर्निर्धारित करने की सलाह दी जाती है। दूतावास ने सलाह में आगे कहा कि यूएई अधिकारी ऑपरेशन को सामान्य बनाने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। इस बीच, दुबई में हवाईअड्डे के अधिकारियों को सलाह दी गई है कि यात्री उड़ान की प्रस्थान तिथि और समय के संबंध में संबंधित एयरलाइंस से अंतिम पुष्टि के बाद ही हवाईअड्डे की यात्रा कर सकते हैं।

बयान में कहा गया कि दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए, दुबई में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर चालू किए हैं जो 17 अप्रैल से काम कर रहे हैं। आपदा के बाद दुबई में फंसे भारतीयों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। संयुक्त अरब अमीरात इस सप्ताह रिकॉर्ड-सेटिंग बारिश होने के बाद वापसी करने की कोशिश कर रहा है, जिसके कारण दुबई और आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर बाढ़ आ गई है।

दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे जलमग्न हो गए, जिसके परिणामस्वरूप उड़ानें रद्द कर दी गईं। रिकॉर्ड बनाए गए 75 वर्षों में संयुक्त अरब अमीरात में हुई भारी बारिश सबसे भारी थी।

90 के दशक की अभिनेत्रियां रूढ़िवादी थीं : रवीना टंडन

बालीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन का सिनेमा जगत में 90 के दशक में जलवा था और तब उन्होंने कई हिट फिल्में दी है। हाल ही में, रवीना ने 90 के दशक से जुड़े कई राज खोले हैं। रवीना टंडन अपने करियर को ईमानदारी से आत्मनिरीक्षण के साथ देखती हैं। रवीना टंडन का कहना है कि 90 के दशक की अभिनेत्रियां रूढ़िवादी थीं, उन्हें खुद को स्थापित करने में समय लगा। उस दौर में एक हीरो एक फिल्म में जितना कमाता था, वो अभिनेत्रियों को 15 के साल बाद मिला। अभिनेत्री ने बताया 90 के दशक में जब उन्होंने अपनी बॉलीवुड यात्रा शुरू की, तब उन्हें एक धारणा की लड़ाई लड़ने के लिए प्रेरित किया। दरअसल, उस वक्त उन्होंने खुद को ऐसी फिल्मों में पाया जो फार्मूलाबद्ध व्यावसायिक फिल्मों होती थीं और इनमें वे स्टीरियोटाइप रूढ़िबद्ध हो रही थी। रवीना टंडन का कहना है कि 90 के दशक में हालत ऐसी थी कि अभिनेत्रियों के पास बड़े अवसर होते थे लेकिन अपने ही करियर की रणनीति बनाने का मौका नहीं मिलता था। उनके पास अपना काम चुनने की आजादी बहुत ही कम थी। जब वे फिल्में रिलीज होने लगती थी, जिनमें 6 सुपरहिट गाने और वही एक जैसे सीन होते थे तो इस तरह की और भी फिल्मों में काम मिलने लगता था। ऐसी स्थिति में एक्ट्रेस को आंख मूंदकर फिल्मों को साइन कर लिया जाता था और करियर प्लानिंग नाम की कोई चीज थी ही नहीं। रवीना ने 90 के दशक में हम एक वक्त में एक या दो फिल्मों में काम नहीं करते थे। हम एक साथ 10 से 12 फिल्में किया करते थे। कुछ फिल्मों के बारे में ऐसा कहा जाता था कि अगर उसमें कोई बड़ा अभिनेता और बड़ा निर्देशक है तो फिल्म सुपरहिट साबित होगी और तब प्रोजेक्टस को लेकर ज्यादा चयन नहीं होता था। बातचीत के दौरान रवीना टंडन ने कहा कि उन दिनों अभिनेत्रियों को अभिनय करने के ज्यादा पैसे नहीं मिलते थे। उस दौरान फिल्म का एक लीड हीरो एक फिल्म से जितना कमा लेता था, एक अभिनेत्री उतना पैसा 15 से 16 फिल्मों में काम करने के बाद ही कमा पाती थी। ये सब स्टीरियोटाइपिंग यानी रुढ़िवादि सोच का कारण होता था, क्योंकि हमें अपने को स्थापित करने में वक्त लगा। आगे रवीना ने कहा, सौभाग्य से, यह अब बदल गया है। समय ऐसा है कि ओम शांति ओम के बाद, दीपिका पादुकोण को पांचवीं-छठी फिल्म के रूप में बाजीराव मस्तानी मिलती है, जिससे उन्हें ऐसी भूमिकाएं करने का मौका मिलता है जो वो करना चाहती हैं, जो हमें लंबे समय तक काम करने के बाद 20 वीं फिल्म में मिला है। हमारी इंडस्ट्री की अभिनेत्रियों को सौभाग्य से उनकी चौथी-पांचवीं फिल्म में ऐसा करने को मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा, स्टूडेंट ऑफ द ईयर के बाद सीधे आलिया भट्ट को इम्तियाज जैसे अच्छे निर्देशक के साथ हाईवे करने का मौका मिला और वो काफी शानदार है। उन दिनों हमें खुद को स्थापित करने में निश्चित रूप से समय लगा। ऐसा नहीं था कि हम सावधानीपूर्वक सोचेंगे, ओह, मैं इसे आगे करूंगी। बेशक, ओटीटी ने इसे हर तरह की फिल्म बनाने के लिए भी खोल दिया है। रवीना को लगता है कि अब ऐसा नहीं है, क्योंकि वो इस बात पर जोर डालती हैं कि कैसे फीमेल स्टार आज खुद को बेहतर स्थिति में पाती हैं, उनके करियर की शुरुआत में ही मनोरंजक फिल्में आ रही हैं और स्ट्रीमिंग शो का अवसर उन्हें सोचने का एक और मौका दे रहा है।

जूनियर एनटीआर पहनते है 9 करोड़ की घड़ी

ऑस्कर विनिंग फिल्म आरआरआर के स्टार अभिनेता जूनियर एनटीआर काफी महंगी घड़ी पहनने के शौकीन हैं। हाल ही में उन्हें ऋतिक रोशन की वॉर 2 की शूटिंग के लिए मुंबई में देखा गया था। उन्होंने मुंबई के कलिना हवाई अड्डे पर अपनी उपस्थिति के दौरान अपनी वेशकीमती घड़ी रिचर्ड मिल को प्लॉन्ट किया था। पैपराजी अकाउंट द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, आरआरआर अभिनेता एक ग्रे डोल्से और गब्बाना शर्ट, काली टोपी, धूप का चश्मा और एक आकर्षक रिचर्ड मिल्ली कलाई घड़ी में दिखाई दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार, जूनियर एनटीआर को इससे पहले 1.37 करोड़ रुपये की एक और प्रीमियम घड़ी पहने देखा गया था जो कि पटेक फिलिप ब्रांड की थी। लेकिन हाल ही में वे 8.7 यानी लगभग 9 करोड़ रुपए की घड़ी पहने देखे गए थे।इतना ही नहीं, महंगी एक्सेसरिज में आरआरआर स्टार के पास लेम्बोर्गिनी उरुस से लेकर पोर्शे तक का एक शानदार कार कलेक्शन भी है। वो मर्सिडीज-बेंज जीएलएस, रेंज रोवर वोग और बीएमडब्ल्यू 7-सीरीज के भी मालिक हैं। जूनियर एनटीआर की नेटवर्थ 571 रुपए से ज्यादा है। अभिनेता पहले एक फिल्म से 40 करोड़ लेते थे और उन्होंने आरआरआर के लिए 45 करोड़ की मांग की थी लेकिन अब उनका मेहनताना बढ़ गया है। तारक अब एक फिल्म से 50 से 100 करोड़ रुपए ले रहे हैं। फिल्म का बजट कम है तो 50 और ज्यादा है वो 100 करोड़ रुपए ले रहे हैं।आपको बता दें कि अभिनेता की वाइफ भी एक अमीर कानदान से आती हैं। तारक ने किसी हीरोइन से नहीं बल्कि रियाल्टार और बिजनेसमैन नार्ने श्रीनिवास राव की बेटी लक्ष्मी प्रणथी से शादी की है। बता दें कि लक्ष्मी आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू की भतीजी हैं। इस बीच काम के मोर्चे पर बात करें तो जूनियर एनटीआर निर्देशक कोरातला शिवा की देवरा मेंबिजी हैं, जो दो भागों में रिलीज होगी। कोरातला शिवा द्वारा लिखित और निर्देशित देवरा- भाग 1 एक एक्शन ड्रामा है जिसमें जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में हैं। यह मूवी जान्हवी कपूर की दक्षिण फिल्म इंडस्ट्री में पहली फिल्म भी है। उनके अलावा सैफ अली खान, प्रकाश राज, श्रीकांत, शाइन टॉम चाको और नारायण कलाकारों का हिस्सा हैं। बता दें कि भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में ऐसे कई स्टार्स हैं जो महंगी एक्सेसरिज के शौकीन हैं। किसी को महंगे सन ग्लास का शौक होता है तो कोई महंगे बूट खरीदते है।

मोंटी शर्मा का कहना है कि शान हॉलीवुड बॉलीवुड मूवी स्वेटपैंट्स में मुख्य पार्श्व गायक हैं

शान ने बॉलीवुड में प्लेबैक के लिए कई फिल्मफेयर और जी सिने पुरस्कार जीते हैं

बहुप्रतीक्षित बॉलीवुड हॉलीवुड सिलिकॉन वैली थ्रिलर फिल्म स्वेटपैंट्स के सह-निर्माता मोंटी शर्मा, सह-निर्माता, संगीत निर्देशक और डॉ. रानू सिन्हा, निर्देशक, स्क्रीन प्ले और गीतकार, ने उत्साहपूर्वक सोशल मीडिया वैश्विक समाचारों में खुलासा किया कि ब्लॉकबस्टर बॉलीवुड पुरस्कार विजेता गायक शान मुखर्जी मुख्य भूमिका में हैं। फ़िल्म स्वेटपैंट्स के लिए पुरुष पार्श्वगायन शान ने बॉलीवुड में प्लेबैक के लिए कई फिल्मफेयर और ज़ी सिने पुरस्कार जीते हैं, उन्हें मोंटी शर्मा की सावरिया फिल्म 'जब से तेरे नैना卐 गाने के लिए जाना जाता है, उन्हें बॉलीवुड प्लेबैक में कई प्रशंसाओं के साथ-साथ फिल्म फना के 'चांद सिफ़ारिश' गाने के लिए भी जाना जाता है। फिल्म की सह-निर्माता और अभिनेत्री अन्ना शर्मा ने प्रेस और मीडिया को उत्साहपूर्वक बताया कि मोंटी शर्मा का संगीत, शान का पार्श्वगायन और डॉ. रानू सिन्हा के गीत समसामयिक, मधुर हैं और हर संस्कृति के दिलों को चुराने के लिए तैयार हैं। बॉलीवुड के संचारी सेनगुप्ता और एक प्रतिभाशाली बे एरिया गायिका और आइकन अदिति श्री जैसे युवा प्रतिभाशाली गायकों की कंफ़ेटी पूर्व पश्चिम प्रतिभाओं के सहयोग की पहचान है। सितंबर 2024 के बाद प्रत्याशित फिल्म की रिलीज को लेकर टीम स्वेटपैंट्स बहुत उत्साहित है।

धमाकेदार अवतार में नजर आएंगे सुपरस्टार रजनीकांत

जेलर के बाद दक्षिण भारत के सुपर सितारे रजनीकांत इन दिनों अपनी अगली फिल्मों को लेकर खासी चर्चाओं में हैं। बताया जा रहा है कि रजनीकांत इन दिनों दो फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। इनमें से एक फिल्म जय भीम देने वाले निर्देशक टीजे ज्ञानवेल की वेट्टियान है। इस फिल्म को लेकर तमिल सिनेमा में लगातार बज बना हुआ है। जिसमें सुपरस्टार रजनीकांत धमाकेदार अवतार में नजर आएंगे। इस फिल्म को लेकर चर्चा है कि निर्माताओं ने रजनीकांत की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म के लिए खलनायक की खोज पूरी कर ली है। यह विलेन कोई और नहीं बल्कि बाहुबली का भल्लालदेव यानी राणा दग्गुबाती है। हालांकि अभी तक निर्माताओं की ओर से आधिकारिक तौर पर ऐलान नहीं किया गया है। मगर तमिल सिनेमा के गलियारों में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि रजनीकांत की इस फिल्म में राणा दग्गुबाती की एंट्री होने वाली है। फिल्म की कहानी क्रिमिनल एक्टिविटीज की थीम पर बुनी हुई है। जो एजुकेशन सिस्टम को कैसे बर्बाद करता है। इसमें राणा दग्गुबाती का किरदार एक ऐसे विलेन का होगा जो गैजेट्स लवर है और मॉर्डन टेक्नोलॉजी का मिसयूज करता है। फिल्म में रजनीकांत एक बार फिर पुलिस अधिकारी के किरदार में दिखाई देंगे। यह फिल्म इसी साल अक्टूबर 2024 तक सिल्वर स्क्रीन पहुंचने की तैयारी में हैं। इसमें रजनीकांत के साथ अमिताभ बच्चन भी नजर आने वाले हैं। इससे पहले इन दोनों ने अपने समय में आखिरी बार गिरफ्तार में स्क्रीन्स शेयर किया था। गिरफ्तार में कमल हासन ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी। वो फिल्म में अमिताभ के छोटे भाई बने थे। अमूमन एक वक्त पर एक ही फिल्म पर काम करने वाले रजनीकांत ने वेट्टियान के साथ ही निर्देशक लोकेश कनगराज की अगली फिल्म को लेकर भी हाथ मिला लिया है। उनकी अगली फिल्म थलाइवा 171 के टाइटल का खुलासा जल्दी ही होने वाला है। इस फिल्म का मेकर्स एक जबरदस्त फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर चुके हैं। जिसे देख फैंस का उत्साह सांतवे आसमान पर पहुंच चुका है। ये एक गैंगस्टर क्राइम थ्रिलर ड्रामा मूवी होगी। जिसे लेकर फैंस अभी से ही एक्साइटेड हैं।बता दें कि रजनीकांत का 72 साल की उम्र में भी जलवा कम नहीं हुआ है। तमिल फिल्मों की दुनिया में आज भी रजनीकांत से बड़ा दूसरा कोई सितारा नहीं हैं। गत वर्ष प्रदर्शित हुई उनकी फिल्म जेलर ने जिस तरह से कामयाबी पायी वह अन्य सितारों को आश्चर्यचकित कर गई। इस फिल्म ने दुनियाभर से 700 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की।

मैंने कभी शादी के बारे में नहीं सोचा था : विद्या बालन

बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन ने खुलासा किया कि उन्होंने अपने पति सिद्धार्थ रॉय कपूर से मिलने से पहले कभी शादी के बारे में नहीं सोचा था। पद्मश्री से सम्मानित भारतीय सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस विद्या बालन ने 2012 में फिल्म निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर से शादी की थी। बता दें कि विद्या अब अपनी आगामी फिल्म दो और दो प्यार की तैयारी कर रही हैं, जो 19 अप्रैल को रिलीज होगी। फिल्म में प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति भी हैं। यह पूछे जाने पर कि उनके अनुसार, एक आदर्श रिश्ते का मंत्र क्या है, विद्या ने बताया, 'मुझे नहीं लगता कि कोई मंत्र है। कम से कम मुझे तो यह पता नहीं चला... मंत्र हर रिश्ते के लिए अनोखा होता है। कोई आपके कान में ये मंत्र नहीं बताएगा। हर रिश्ते का अपना एक अनोखा मंत्र होता है।' रिश्तों को लेकर विद्या की समझ विकसित हुई है। उन्होंने कहा, शादी के 12 साल और डेटिंग के वर्षों के दौरान रिश्तों के बारे में मेरी समझ बदल गई है। शादी के बारे में मेरी समझ बढ़ी है। मैं उनमें से नहीं हूं जिसने शादी से पहले उसके बारे में सोचा हो। उन्होंने आगे कहा, इन सालों ने मुझे सिखाया है, और मुझे यकीन है कि गुजरते समय के साथ मैं रिश्ते को समझना और विकसित करना जारी रखूंगी। हालांकि, विद्या ने रिश्ते को स्वस्थ रखने के लिए एक बात शेयर की। विद्या ने कहा, एक बात जो मैं निश्चित रूप से जानती हूं वह यह है कि किसी जोड़े के बीच रिश्ते में, चाहे वह विषमलैंगिक हो या समान-लिंग वाला हो, आप किसी तीसरे व्यक्ति को शामिल नहीं कर सकते। उन्होंने आगे कहा, मेरा मतलब सिर्फ अफेयर से नहीं है, बल्कि किसी अन्य रिश्तेदार या दोस्त से भी है। ये रिश्ता सिर्फ दो लोगों के बीच का है। यह कुछ ऐसा है जिसे मैंने वर्षों से समझा है।'

प्रेग्नेंसी के दौरान सिंघम अगेन में एक्शन सीन कर रही दीपिका

दीपिका पादुकोण ने कुछ समय पहले प्रेग्नेंसी को आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक किया था। वहीं अब सोशल मीडिया पर 'सिंघम अगेन' के सेट से उनकी कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। इन तस्वीरों में दीपिका पुलिस की वर्दी में दिख रही हैं। दावा किया जा रहा है कि वे फिल्म में एक्शन सीन करते हुए दिखाई देंगी। सामने आई तस्वीरों में दीपिका पुलिस की वर्दी में हैं। उनके चारों ओर जो कलाकार हैं, वे गुंडों की वेशभूषा में है। इससे फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि वे एक एक्शन सीन कर रही हैं। फैंस दावा कर रहे हैं कि शूट के दौरान उनका बेबी बंप भी दिख रहा है। यह तस्वीरें दीपिका पादुकोण के एक फैन पेज से साझा की गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक दीपिका की सुरक्षा के लिए उनकी बॉडी डबल भी वहां मौजूद थी। कहा जा रहा है कि दीपिका के एक्शन सीन उनकी बॉडी डबल ही कर रही हैं, ताकि गर्भवती स्टार को किसी तरह की परेशानी ना हो। 'सिंघम अगेन' में दीपिका पहली बार पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगी। फिल्म में दीपिका लेडी सिंघम पुलिस अधिकारी 'शक्ति शेट्टी' के किरदार में दिखेंगी। फिल्म में अजय देवगन, रणवीर सिंह, करीना कपूर खान, अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे।

आईएमएफ ने चुनावी वर्ष में राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने भारत की सराहना की

वाशिंगटन ।

चुनावी वर्ष में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने के लिए भारत की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही है। आईएमएफ में एशिया व प्रशांत विभाग के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा` कि इस समय भारत की अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही है। 6.8 प्रतिशत की वृद्धि बहुत अच्छी है। महंगाई कम हो रही है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि मुद्रास्फीति को तय लक्ष्य तक लाया जाए। उन्होंने कहा कि राजकोषीय अनुशासन बनाए रखना खासकर चुनावी वर्ष में मेरे लिए काफी महत्वपूर्ण बात है क्योंकि देश चुनावी वर्ष में राजकोषीय साहसिक कार्य शुरू करते हैं। इस सरकार ने अनुशासन बनाए रखा है। मुझे लगता है यह बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि आखिरकार ठोस मैक्रो फंडामेंटल ही वह आधार है जिसके आधार पर देश समृद्ध होते हैं और टिकाऊ वृद्धि करते हैं। इसलिए इसे बनाए रखना बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले कई वर्षों में कई झटकों को झेला और उससे सफलतापूर्वक पार पाया है। यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनकर उभर रही है। वास्तव में इस वित्त वर्ष 2024-25 हम निजी उपभोग और सार्वजनिक निवेश के नेतृत्व में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगा रहे हैं। मुद्रास्फीति धीरे-धीरे कम हो रही है। यह अब पांच प्रतिशत से नीचे है। भारत, वैश्विक वृद्धि में योगदान देने वाले प्रमुख देशों में से

एक है। उन्होंने कहा कि इस साल हमें 6.8 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि की उम्मीद है।

2025 तक 10 लाख और नौकरियां पैदा होने का अनुमान!

- तमिलनाडु इलेक्ट्रॉनिक्स भर्ती मांग में टॉप पायदान पर

नई दिल्ली । एक अध्ययन के अनुसार भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग ने मार्च 2024 में भर्ती में 154 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है। रिसर्च में पाया गया कि दूरसंचार` विभाग में भर्ती की मांग सबसे अधिक है, जो कुल भर्ती का 64 फीसदी है। लाइटनिंग और ऑटोमोटिव क्षेत्र क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। क्रीस कॉर्प लिमिटेड ने कहा कि भौगोलिक रूप से तमिलनाडु इलेक्ट्रॉनिक्स भर्ती मांग में 33 फीसदी की हिस्सेदारी के साथ टॉप पायदान पर है। कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। एक अध्ययन से पता चला है कि इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है, खासकर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में उनकी भागीदारी ज्यादा है। महिलाएं अब इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग की वर्कफोर्स का 78 फीसदी हिस्सा हैं। उन्हें ऑपरेटरों, क्वालिटी अश्योरेंस प्रोफेशनल्स और टेस्टिंग की नौकरियों में तेजी से भर्ती किया जा रहा है। कुछ कंपनियों में, कुल वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी 80 फीसदी तक है। अध्ययन में कहा गया है कि इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में महिलाओं के रोजगार में वृद्धि के कई फैक्टर्स हैं। जैसे काम का नेचर, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में अक्सर जटिल असेंबली और छोटे पार्ट्स की सटीक हैंडलिंग शामिल होती है। चूंकि, बारीकी के कामों में महिलाएं पहले से ही बेहतर हैं इसलिए इस क्षेत्र में वे बेहतर कर रही हैं।इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में कई नौकरियां हैं जिनकी हाई डिमांड में हैं, जिनमें शामिल हैं- इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर, इंस्ट्रूमेंटल इंजीनियर, और इलेक्ट्रॉनिक डिज़ाइन इंजीनियर। इन नौकरियों के लिए औसत वेतन 18,000 रुपये प्रति माह से लेकर 32,000 रुपये प्रति माह तक होता है। इन नौकरियों में आम तौर पर 18 से 30 साल की उम्र के व्यक्तियों को भर्ती किया जाता है, जो युवा टैलेंट पर इंडस्ट्री के जोर को दर्शाता है। क्रेस कॉर्प में वर्कफोर्स मैनेजमेंट के प्रेसिडेंट लोहित भाटिया का कहना है कि भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग इनोवेशन और बदलावों के कारण तेजी से बढ़ रहा है।

टाटा मोटर्स तमिलनाडु के नए प्लांट में बनाएगी जगुआर लैंड रोवर

नई दिल्ली। टाटा ग्रुप की सब्सिडियरी कंपनी टाटा मोटर्स 1 अरब डॉलर से तमिलनाडु में बने अपने नए प्लांट में लग्जरी कार जगुआर लैंड रोवर की मैन्युफैक्चरिंग करने पर विचार कर रही है। गौरतलब है कि टाटा मोटर्स ने इसी साल मार्च में तमिलनाडु में नए प्लांट को शुरू करने का ऐलान किया था। 2008 में टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा मोटर्स ने जगुआर लैंड रोवर को खरीद लिया था। कंपनी ने उस समय यह हिस्सेदारी फोर्ड मोटर कंपनी से 2.3 अरब डॉलर में खरीदी थी। हाल ही में जगुआर लैंड रोवर इंडिया ने अपनी लग्जरी कारों की बिक्री का डेटा बताया था। कंपनी ने कहा कि उसने वित्त वर्ष 2024 में शानदार परफॉर्मेंस दर्ज की है। वित्त वर्ष 24 में भारत में जगुआर लैंड रोवर कारों की रिटेल बिक्री 81 फीसदी की बढ़कर 4,436 यूनिट हो गई है। कंपनी ने कहा कि स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल रेंज रोवर की रिटेल बिक्री 160 फीसदी और डिफेंडर की रिटेल बिक्री 120 फीसदी बढ़ी है। ये डेटा सालाना आधार पर जारी किए गए थे। जेएलआर ने कहा कि 2024 में बाजार में आए नए मॉडल डिस्कवरी स्पोर्ट की बिक्री 50 फीसदी और रेंज रोवर इवोक की बिक्री 55 फीसदी बढ़ी है।

दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक कंपनी बनी हिंदुस्तान जिंक

नई दिल्ली ।

वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक कंपनी बन गई है। कंपनी ने कहा कि एक सर्वेक्षण के अनुसार राजस्थान स्थित उसकी सिंदेसर खुर्द खान दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक खान बन गई है। पिछले साल यह चौथे स्थान पर थी। हिंदुस्तान जिंक के एक वे रिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चांदी वैश्विक ऊर्जा संप्रेषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और हिंदुस्तान जिंक के उत्पादन में सालाना पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसका श्रेय अयस्क उत्पादन में वृद्धि और उन्नत ग्रेड को जाता है, जिससे वैश्विक चांदी बाजार में एक प्रमुख कंपनी के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। जस्ता, सीसा और चांदी के कारोबार में वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जस्ता उत्पादक और अब तीसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक है। कंपनी के पास भारत में बढ़ते जस्ता बाजार में 75 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है। इसका

मुख्यालय उदयपुर में है। इसकी जस्ता, सीसा खदानें और गलाने के परिसर पूरे राजस्थान में फैले हुए हैं।

मेड इन इंडिया चिप की आपूर्ति ऐपल को कर सकती है माइक्रॉन

- गुजरात के साणंद प्लांट से सप्लाई की योजना

नई दिल्ली ।

मेमरी और स्टोरेज उपकरण बनाने वाली मशहूर कंपनी माइक्रॉन टेक्नोलॉजी भारत के कारखाने में बनने वाले अपने मेड इन इंडिया चिप की आपूर्ति ऐपल को करने पर` विचार कर रही है, जो उसके वैश्विक ग्राहकों में शामिल है। ऐपल ठेके पर भारत में आईफोन असेंबल कराती है। माइक्रॉन गुजरात के साणंद में असेंबली टेस्ट मार्किंग ऐंड पैकेजिंग (एटीएमपी) कारखाना लगा रही है। ऐपल के लिए ठेके पर आईफोन बनाने वाली कंपनियां फिलहाल चिप आयात करती हैं। सूत्रों ने बताया कि माइक्रॉन भारत में बनने वाले चिप का एक हिस्सा यहां मौजूद अपने ग्राहकों को देने का लक्ष्य लेकर चल रही है। साणंद कारखाने से पहला मेड इन इंडिया चिप दिसंबर तक आने की उम्मीद है। माइक्रॉन विदेश में अपने कारखानों से वेफर भारत लाएगी और यहां के कारखाने में उसे प्रोसेस कर चिप बनाएगी। पहले चरण में चिप का निर्यात किया जाएगा मगर कंपनी की योजना अगले चरण में चिप सीधे अपने वैश्विक ग्राहकों को देने की है। इनमें ऐपल भी शामिल है। भारत में तीन कंपनियां ऐपल के लिए ठेके पर आईफोन बनाती हैं और कंपनी के कुल आईफोन उत्पादन का 12 फीसदी हिस्सा भारत में ही असेंबल होता है। माइक्रॉन के एटीएमपी और वेफर संयंत्र अमेरिका, मलेशिया, जापान, सिंगापुर, चीन और ताइवान समेत तमाम जगहों पर हैं। ऐपल ने इस बारे में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। माइक्रॉन के भारत में मौजूद दफ्तर तथा उसके मुख्यालय तक सवाल भेजे गए मगर दोनों जगहों से जवाब नहीं आए।

छोटे निवेशकों को म्यूचुअल फंड का विकल्प चुनना चाहिए!

मुंबई । कुछ दिन पहले बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का संवेदी सूचकांक 75000 अंकों के पार चला गया था। लेकिन बीते लगातार चार सत्र से बाजार में गिरावट का माहौल है। बीएसई का संवेदी सूचकांक गुरुवार को 72488 अंक पर बंद हुआ। ऐसे में छोटे निवेशक घबरा जाते हैं। इसलिए पूंजी बाजार के जानकारों का कहना है कि छोटे निवेशकों को सीधे शेयर बाजार में कूदने के बजाए म्यूचुअल फंड के रास्ते प्रवेश करना चाहिए। इससे उन्हें पूंजी बाजार में निवेश का फायदा भी मिलता है और किसी गिरावट में भारी नुकसान भी नहीं होता है। म्यूचुअल फंड में जब इक्विटी निवेश की बात आती है, तो निवेशकों के पास लार्ज, मिड और स्मॉल कैप के बीच चयन करने का विकल्प होता है। पिछले एक साल में मिड और स्मॉल कैप ने बेहतर रिटर्न दिया है, परिणामस्वरूप, आज वो महंगे हो गए हैं। ऐसे में अब लार्जकैप एक बेहतर विकल्प है क्योंकि इसका मूल्यांकन अभी भी आकर्षक है।

नियमों का उल्लंघन करने वाले बैंकों पर लगा जुर्माना

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने विभिन्न नियामक मानदंडों के उल्लंघन के लिए पांच सहकारी बैंकों पर कुल 60.3 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। राजकोट नागरिक सहकारी बैंक पर 43.30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना निदेशकों और उनके रिश्तेदारों को कर्ज और अग्रिम पर प्रतिबंध समेत अन्य बातों को लेकर रिजर्व बैंक के निर्देशों का पालन न करने को लेकर लगाया गया है। केंद्रीय बैंक ने द कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक (नई दिल्ली), राजधानी नगर सहकारी बैंक (लखनऊ) और जिला सहकारी बैंक, गढ़वाल (कोटद्वार, उत्तराखंड) पर 5-5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा जिला सहकारी बैंक (देहरादून) पर दो रुपए का जुर्माना लगाया गया है। रिजर्व बैंक ने कहा कि प्रत्येक मामले में, जुर्माना नियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य बैंकों द्वारा अपने संबंधित ग्राहकों के साथ किए गए समझौते के किसी भी लेनदेन की वैधता को प्रभावित करना नहीं है।

एचडीएफसी लाइफ ने दर्ज किया 15 फीसदी मुनाफा

- प्रीमियम आय 63 हजार करोड़ रुपये हुई

नई दिल्ली ।

भारत की जनरल इंश्योरेंस कंपनी एचडीएफसी लाइफ ने वित्त वर्ष 24 को चौथी तिमाही के लिए रिजल्ट्स जारी कर दिए हैं। एक्सचेंजों को दी गई जानकारी में कंपनी ने बताया कि उसने सालाना आधार पर 15 फीसदी का मुनाफा दर्ज किया है। वित्त वर्ष 24 में कंपनी ने 1,569 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया, जबकि वित्त वर्ष 23 में यह 1,360 करोड़ रुपये था। तिमाही आंकड़ा देखा जाए तो वित्त वर्ष 24 की अंतिम तिमाही में एचडीएफसी लाइफ इंश्युरेंस ने मार्च तिमाही में 411 करोड़ रुपये का नेट मुनाफा दर्ज किया, जो कि पिछले साल की समान अवधि के 358 करोड़ रुपये के मुकाबले 14.8 फीसदी ज्यादा है। एक्सचेंजों को दिए गए बयान में कंपनी ने कहा कि उसका बिजनेस मार्जिन 26.3 फीसदी है। नए बिजनेस की वैल्यू 3,501 करोड़ रुपये है जो कि 14 फीसदी के साथ 2 साल की सालाना चक्रवृद्धि बढ़ोतरी है। कंपनी की एंबेडेड वैल्यू 47,468 करोड़ रुपये है, जबकि एंबेडेड वैल्यू पर ऑपरेटिंग रिटर्न 17.5 फीसदी है। सॉल्वेंसी 187 फीसदी पर बनी हुई है। जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 203 फीसदी थी। कंपनी ने बताया कि वित्त वर्ष 24 में कंपनी की प्रीमियम से कुल आय यानी टोटल प्रीमियम 63,076 करोड़ रुपये रही, जबकि एक साल पहले के वित्त वर्ष यानी वित्त वर्ष 23 में कंपनी ने 57,533 करोड़ रुपये की प्रीमियम से नेट आय दर्ज की थी। ऐसे में पिछले साल के मुकाबले कंपनी की प्रीमियम से नेट आय 10 फीसदी ज्यादा है। मार्च तिमाही में इसकी प्रीमियम से नेट आय 20,488 करोड़ रुपये रही, जो कि पिछले साल की समान अवधि में यह 19,426 करोड़ रुपये रही। इस लिहाज से देखा जाए तो कंपनी की प्रीमियम से नेट आय में 5.4 फीसदी का इजाफा हुआ है।

शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

सेंसेक्स 600 , निफ्टी भी 151 अंक ऊपर आया

मुम्बई ।

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी खरीददारी हावी रहने से आया है। इससे पिछले दिनों से जारी गिरावट रुक गयी है। शेयर बाजार में लगातार चार दिन से जारी गिरावट पर शुक्रवार को ब्रेक लग गया। विदेशी निवेशकों की शॉर्ट कवरिंग से भी बाजार को बल मिला। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 599.34 अंक करीब 0.83 फीसदी बढ़कर 73,088.33 अंक पर बंद हुआ। मध्यपूर्व में तनाव से भी बाजार पर प्रभाव नहीं पड़ा है। इजराइल द्वारा ईरान में हमला से शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स नीचे आया थ पर बाद में इसमें बढ़त आने लगी। सेंसेक्स में आज 71,816.46 और 73,210.17 के रेंज में कारोबार हुआ।

वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी भी 151.15 अंक तकरीबन 0.69 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। निफ्टी दिन के अंत में 22,147.00 अंक पर

बंद हुआ। इसमें 21,777.65 और 22,179.55 के बीच कारोबार हुआ।

वहीं इससे पहले आज सुबह वै श्विक बाजारों से` मिले खराब संकेतों की वजह से घरेलू बाजार में गिरावट दर्ज की गयी। इस दौरान सेंसेक्स करीब 600 अंक टूटकर 72000 के नीचे आ गया है, वहीं निफ्टी भी 150 अंक गिरकर 21800 के स्तर पर शुरुआती कारोबार कर रहा था। इस प्रकार लगातार चौथे दिन बेंचमार्क सूचकांक गिरावट पर बंद हुए। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 455 अंक कमजोर हुआ। वहीं निफ्टी में भी 152 अंक की गिरावट दर्ज की गई। जानकारों ने कहा कि नीतिगत दर में कटौती की उम्मीदें धूमिल होने और घरेलू बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों की बेरुखी से भी शुरुआती कारोबार में निवेशकों की धारणा को कमजोर किया

विदेशी अवैध सट्टेबाजी तथा जुए से 2.5 अरब डॉलर का नुकसान

नई दिल्ली । गेमिंग उद्योग निकाय ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन (एआईजीएफ) ने कहा कि विदेशी अवैध सट्टेबाजी तथा जुए से जुड़ी इकाइयां सरकारी खजाने को प्रति वर्ष 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान पहुंचा रही हैं। संगठन ने सरकार से ऐसे मंचों पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। एआईजीएफ के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि विदेशी संस्थाएं अवैध सट्टेबाजी और जुए से विभिन्न खेलों को जोड़ती हैं, जिससे उपयोगकर्ता वैध तथा अवैध गेमिंग के बीच अंतर नहीं कर पाते। अवैध विदेशी इकाइयां उपयोगकर्ताओं को नुकसान पहुंचाती हैं। इससे भारत में वैध उद्योग को भी नुकसान पहुंच सकता है। विदेशी अवैध सट्टेबाजी तथा जुआ मंच एक साल में 12 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि एकत्र कर रहे हैं, जिसका मतलब है कि सरकार को जीएसटी राजस्व में कम से कम 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि विदेशी संस्थाओं ने उपयोगकर्ताओं को लुभाने के लिए मौजूदा आईपीएल सीजन के दौरान विज्ञापनों में वृद्धि की है। उनमें से कुछ इतनी हिम्मत दिखा रहे हैं कि उनके मंच पर कोई जीएसटी या टीडीएस नहीं लगने का बेबाकी से प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अवैध मंचों के खतरे को रोकने में मदद के लिए सरकार को स्व-नियामक संगठन (एसआरओ) जैसे मॉडल में तेजी लानी चाहिए।

दिग्गज कंपनी तोशीबा ने 5 हजार कर्मचारियों को दिखाया बाहर का रास्ता?

नई दिल्ली।

तोशिबा जापानी कंपनी है। इसका कारोबार दुनिया के कई देशों में फैला हुआ है। कंपनी लैपटॉप, राइस कुकर और इलेक्ट्रोनिक्स के साथ कई अन्य सेक्टर में कारोबार करती है। इस दिग्गज कंपनी ने जापान में 5,000 कर्मचारियों की छंटनी करने का फैसला किया है। यह कंपनी के कुल वर्कफोर्स का 10 प्रतिशत है। तोशीबा की ओर से ये फैसला कंपनी के परिचालन पुनर्गठन के चलते लिया गया है। कंपनी इंफ्रा और डिजिटल टेक्नोलॉजी जैसे सेक्टर्स पर फोकस करना चाहती है। हाल के वर्षों में जापान में होने वाली ये सबसे बड़ी छंटनियों में से एक है। इसका असर जापान के कॉरपोरेट कल्चर पर होगा, जहां मजबूत श्रम कानूनों के चलते छंटनी होना कोई आम बात नहीं हैं। जापान में नौकरी पेशा और युवा लोगों की अन्य देशों के मुकाबले कमी है। निक्केई की रिपोर्ट है कि शिसीडो, ओमरोन और कोनिका मिनोल्टा सहित अन्य प्रमुख जापानी कंपनियों ने भी हाल ही में कर्मचारियों की कटौती की घोषणा की है। बता दें, तोशीबा जापान की बड़ी नियोक्ता कंपनियों में से एक है लेकिन हाल के वर्षों में कंपनी को कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। कंपनी में कई प्रकार के मैनेजमेंट और घोटाले सामाने आए हैं। 2015 में सामने आए घोटले और मैनेजमेंट के इश्यू के चलते कंपनी को बड़ा झटका लगा था, जिसके बाद से कंपनी उभरने का प्रयास कर रही है। इस कारण कंपनी को बड़ा जुर्माना भी देना पड़ा था।

जापानी मीडिया निक्केई के मुताबिक, तोशीबा न्यूक्लियर टरबाइन, बैटरी और क्वांटम टेक्नोलॉजी आदि में कारोबार करती है। कंपनी को छंटनी के कारण कई तरह के फायदे कर्मचारियों को देने पड़ेंगे और इस कारण कंपनी को करीब 650 मिलियन डॉलर आर्थिक बोझ उठाना पड़ेगा।

बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने वृद्धि के लिए आक्रामक रणनीति बनाई

कोलकाता। बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने स्वयं को उद्योग में एक प्रमुख कंपनी के रूप में स्थापित करने के लिए वृद्धि की एक आक्रामक रणनीति बनाई है। कंपनी का नाम पहले एगॉन लाइफ इंश्योरेंस था। इस साल फरवरी में बंधन बैंक के प्रवर्तक बंधन फाइनेंशियल होल्डिंग्स ने समूह की पहुंच को बैंकिंग तथा म्यूचुअल फंड से आगे बढ़ाने के लिए एगॉन लाइफ का अधिग्रहण किया था। निजी जीवन बीमा कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वह अपने मौजूदा दल में 1,000 कर्मचारियों को जोड़ेगी क्योंकि उसका लक्ष्य जीवन बीमा उद्योग में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है। बंधन लाइफ के एक व रिष्ठ अ धिकारी ने कहा कि यह बदलाव बंधन समूह का हिस्सा बनने के लिए मंच तैयार करता है। बंधन लाइफ के साथ हम सभी हितधारकों के मूल्य को बढ़ाने के लिए डिजिटल नवाचार तथा मजबूत वितरण की अपनी सहयोगी ताकत को बढ़ा रहे हैं। हम सभी प्रासंगिक उत्पाद श्रेणियों में विस्तार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य को देखते हुए बंधन लाइफ अगले पांच वर्षों में देश की अग्रणी बहु-माध्यम कंपनी होगी। निजी जीवन बीमाकर्ता ने भारत की उड़ान, बंधन से टैगलाइन के साथ ब्रांड को एक नई पहचान देने की कोशिश भी की है।

पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली । वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में शुक्रवार को तेजी का रुख है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड 2 डॉलर प्रति डॉलर से ज्यादा उछलकर 90 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 2.29 डॉलर की उछाल के साथ 89.40 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 2.25 डॉलर की बढ़त के साथ 84.98 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

100 रुपये की शर्त पर युवक ने इमाम चौक पर भगवा झंडा लगाने की कोशिश की

कन्नौज। कन्नौज में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई। लेकिन लोगों और पुलिस की तत्परता से समय रहते हालात पर काबू पाया गया। दरअसल, एक युवक भगवा झंडा लेकर धर्म विशेष से जुड़े स्थल इमाम चौक के पास स्थित चबूतरे पर चढ़ गया। लेकिन युवक वहां झंडा लगा पाता लोगों ने युवक को पकड़ लिया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी, जिसके आधार पुलिस ने अब आरोपियों पर एक्शन लिया है। बता दें कि मामला 17 अप्रैल का है, जब कन्नौज में रामनवमी के मौके पर शोभायात्रा निकाली जा रही थी। बड़ी संख्या में लोग शोभायात्रा में शामिल थे। तभी अचानक से एक युवक भगवा झंडा लेकर इमाम चौक के चबूतरे पर चढ़ गया। युवक वहां पर झंडा फहराने की कोशिश कर रहा था, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने युवक को रोककर चबूतरे से उतार दिया। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया। दो पक्ष आमने-सामने आ गए। पुलिस भी अलर्ट हो गई। जांच-पड़ताल के दौरान सीसीटीवी के आधार पर चार आरोपियों की पहचान हुई, जिन्हें कन्नौज पुलिस ने अब गिरफ्तार कर लिया है। मामले को लेकर एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि जो युवक इमाम चौक के चबूतरे पर झंडा लेकर चढ़ा था उसका नाम अभय है। उसके तीन दोस्तों ने झंडा लगाने के लिए 100 रुपये की शर्त लगाई थी। उसी शर्त को पूरा करने के लिए अभय ने ये हरकत की। कन्नौज एसपी के मुताबिक, 17 अप्रैल को रामनवमी की शोभायात्रा निकल रही थी। शोभा यात्रा के दौरान रास्ते में इमाम चौक के पास चबूतरा पड़ता है। ये दूसरे समुदाय के लिए धार्मिक कार्यों में प्रयोग किया जाता है। जब शोभायात्रा चौक के पास पहुंची तब यात्रा में शामिल युवक अचानक झंडा लेकर चबूतरे पर चढ़ गया। लेकिन लोगों ने युवक को उतार दिया। इसके बाद युवक को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ का फायदा उठाकर भाग गया। शुक्रवार को चार अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है।

यूबीजीएल सेल ब्लास्ट में जवान घायल

बीजापुर । बीजापुर जिले के गलगम इलाके में एरिया डॉमिनेशन पर निकली सीआरपीएफ की टीम में तैनात एक जवान यूबीजीएल सेल ब्लास्ट होने से जख्मी हो गया। पुलिस के मुताबिक गलगम पोलिंग बूथ से 500 मीटर की दूरी पर एरिया डॉमिनेशन पर पार्टी निकली थी। घायल जवान का प्राथमिक उपचार कर इवाक्यूएट किया जा रहा है। भैरमगढ़ ब्लॉक के चिह्का में आईईडी ब्लास्ट में एक जवान के घायल होने की जानकारी मिल रही है। जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक के अतिसंवेदनशील ग्राम चिह्का में एरिया डॉमिनेशन के दौरान आईईडी ब्लास्ट होने से सीआरपीएफ के सहायक सेनानी मनु एचसी घायल हो गए हैं। उन्हें बायें हाथ और बायें पैर में चोट आई है। यह घटना चिह्का पोलिंग बूथ के आसपास के दायरे में एरिया डॉमिनेशन के दौरान हुई है। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद ईवाक्यूएट किया जा रहा है। वहीं घटना पर सीएम साय ने दुख जताया है। साय ने कहा कि बस्तर लोकसभा में जारी मतदान के बीच बीजापुर में एक जवान के घायल होने की दु:खद सूचना प्राप्त हुई है। घायल जवान के उचित इलाज के निर्देश दिए हैं और उसकी हालत खतरे से बाहर है। जवान के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

बाबा रामदेव को आदेश, सभी शिकायतकर्ता को मामले में पक्षकार बनाएं

नई दिल्ली । बाबा रामदेव ने कोविड महामारी के दौरान एलोपैथिक दवाईयों को लेकर की गईं कथित टिप्पणियों के मामले में आपराधिक कार्रवाई पर रोक की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव को उनके खिलाफ शिकायत करने वाले सभी शिकायतकर्ता को मामले में पक्षकार बनाने का निर्देश दिया है। पटना और रायपुर के आईएमए ने साल 2021 में बाबा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि बाबा की कथित टिप्पणियों से लोगों को एलौपैथिक दवाईयों से मोहभंग हुआ और लोगों ने सही से इलाज नहीं कराया। इसकारण कोरोना को नियंत्रित करने में परेशानी हुई। बाबा की याचिका पर सुनवाई कर जस्टिस सुंदरेश और जस्टिस वराले की पीठ ने शिकायतकर्ताओं को पक्षकार बनाने को कह दिया। कोर्ट ने मामले पर सुनवाई गर्मियों की छुट्टियों के बाद तक के लिए टाल दी है। बिहार सरकार की ओर से कोर्ट में पेश हुए वकील ने कहा कि उन्हें मामले में जवाब दाखिल करने के लिए कुछ और समय चाहिए। बाबा ने अपनी याचिका में केंद्र सरकार, बिहार सरकार, छत्तीसगढ़ सरकार और आईएमए को पक्षकार बनाया हुआ है। बाबा रामदेव ने साल 2021 में अपने एक बयान में कहा था कि वे एलोपैथिक दवाओं पर विश्वास नहीं करते हैं। बाबा रामदेव के बयान से नाराज होकर उनके खिलाफ कई मामले दर्ज हुए थे।

मुंबई में अलग-अलग जगह लगी आग, कोई जनहानि नहीं

मुंबई। मायानगरी मुंबई में आग लगने की दो अलग-अलग घटनाएं हुईं। एक औद्योगिक परिसर में स्थित एक गोदाम और सड़क किनारे एक दर्जन से ज्यादा झुग्गियों में भीषण आग लग गई। दोनों ही घटनाओं में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। नगर निगम अधिकारी ने बताया कि दक्षिण मुंबई में रेय रोड पर देवीदयाल कंपाउंड में पूर्वाह्न करीब साढ़े दस बजे भीषण आग लग गई। उन्होंने बताया, औद्योगिक परिसर के भीतर एक मंजिला गोदाम में आग लगी थी, जो वहीं तक सीमित रही। फायर बिग्रेड की 12 गाड़ियां और अन्य दमकल ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, वहीं दूसरी घटना पवई इलाके की है, जहां सड़क किनारे एक दर्जन से अधिक झुग्गियों में सुबह करीब सवा ग्यारह बजे आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग का एक दल मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पा लिया गया। नगर निगम के अधिकारी ने बताया, आग की घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। दोनों ही मामलों में आग का कारण अज्ञात है।

सड़क नहीं होने से नाराज दो गांववालों ने किया चुनाव का बहिष्कार

-अधिकारियों के मनाने के बावजूद नहीं माने

चंपावत। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विधानसभा क्षेत्र चंपावत के दो गांवों के लोग अधिकारियों के मनाने के बावजूद लोकसभा चुनाव में मतदान करने नहीं पहुंचे हैं। लंबे समय से गांव तक सड़क की मांग कर रहे कोट अमोड़ी और सैदर्का गांवों के लोगों का कहना है कि अपनी अनदेखी के कारण उन्होंने चुनाव के बहिष्कार का फैसला किया है। दोनों गांवों में करीब 200 मतदाता हैं। जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को मतदान के दिन भी उन्हें मनाने का प्रयास किया गया लेकिन वे नहीं माने। इसके पहले अपर जिलाधिकारी उन्हें मतदान के लिए मनाने का प्रयास कर चुके हैं। एक ग्रामीण ने कहा कि गांव वालों के पास इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। चंपावत के जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडे ने बताया कि प्रशासन का प्रयास है कि हर मतदाता को अपना वोट देने के लिए जागरूक किया जाए।

अन्नामलाई का आरोप, मुझे हराने द्रमुक और अन्नाद्रमुक करोड़ खर्च कर रही

तमिलनाडु के लोग पीएम मोदी के साथ

कोयंबटूर । तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष और कोयंबटूर सीट से पार्टी उम्मीदवार के अन्नामलाई ने कहा कि द्रविड़ राजनीति का समय खत्म हो गया है और उन्होंने सत्तारूढ़ द्रमुक और अन्नाद्रमुक पर मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए कोयंबटूर में 1,000 करोड़ रुपये खर्च करने का आरोप लगाया। अन्नामलाई ने उथुपट्टी मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद यह टिप्पणी की। 4 जून को एनडीए के लिए ऐतिहासिक परिणाम का विश्वास व्यक्त कर आईपीएस अधिकारी से नेता बने अन्नामलाई ने कहा कि भाजपा तमिलनाडु में वोट शेयर में वृद्धि देखेगी। अन्नामलाई ने कहा तमिलनाडु के लोग पीएम मोदी के साथ हैं। कर्नाटक में, हम इस बार क्लीन स्वीप की उम्मीद कर रहे हैं। भाजपा का नंबर होगा तेलंगाना में इस बार वोट शेयर में बहुत बड़ा शानदार परिणाम देगी। द्रविड़ राजनीति का समय खत्म हो गया है। भाजपा ने अन्नामलाई को डीएमके के गणपति पी राजकुमार और एआईएडीएमके के सिंगाई रामचंद्रन के खिलाफ खड़ा किया गया है। तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर पहले चरण में मतदान हो रहा है। वोट डालने के बाद भाजपा नेता ने सत्तारूढ़ द्रमुक और अन्नाद्रमुक पर मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए कोयंबटूर में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने का आरोप लगाया। द्रमुक, अन्नाद्रमुक कोयंबटूर में क्या कर रहे हैं, हर कोई देख रहा है।

नडडा का बड़ा आरोप, देश विरोधी संगठन राहुल गांधी के समर्थन में

-कांग्रेस और सीपीआई दोनों देश विरोधी ताकतों के साथ

वायनाड (एजेंसी)। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा केरल के वायनाड में रोड शो किया। उन्होंने कहा कि केरल में उपस्थित होना मेरे लिए सम्मान की बात है। जिस उत्साह के साथ आपने रोड शो में भाग लिया है, उससे एक बात स्पष्ट है कि आपने वायनाड में हमारे उम्मीदवार को आशीर्वाद देने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ हमारे उम्मीदवार के चयन के बारे में नहीं है, बल्कि 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की जिम्मेदारी लेने के बारे में भी है। नड्डा ने कहा कि हमें यह बताकर खुशी हो रही है कि भारत, जो 10 साल पहले 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी, ने एक लंबी छलांग लगाकर अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी ने सभी को विकास के रास्ते पर ला दिया है। उनकी नीतियों ने गांवों को मजबूत किया है और युवाओं, किसानों, महिलाओं और समाज के अन्य वंचित वर्गों को सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ हमारे उम्मीदवार हैं, भाजपा के प्रतिनिधि हैं और मोदी जी का नेतृत्व है। दूसरी ओर, आपके पास कांग्रेस से राहुल गांधी हैं। मुझे आश्चर्य है कि राहुल गांधी को चुनाव लड़ने के लिए भागकर वायनाड क्यों आना पड़ा? नड्डा ने कहा कि राहुल और कांग्रेस को देश की परवाह नहीं है। वे वंशवाद द्वारा शासन में विश्वास करते हैं, जो भारतीय लोकतंत्र के लिए हानिकारक है। नड्डा ने बड़ा आरोप लगाकर कहा कि एसडीपीआई और पीएफआई, जो देश विरोधी संगठन हैं, राहुल गांधी और कांग्रेस का समर्थन करते हैं। ये संगठन राज्य चुनावों के दौरान सीपीआई का समर्थन करते हैं और राष्ट्रीय चुनावों के दौरान कांग्रेस का समर्थन करते हैं। यह स्पष्ट है कि कांग्रेस और सीपीआई दोनों देश विरोधी ताकतों के समर्थक हैं।

कोर्ट में दिल्ली सीएम के जेल में खाने का मेन्यु चार्ट पेश

- केजरीवाल ने जेल में तीन बार आम और एक बार पूड़ी खाई

नई दिल्ली। शराब घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तिहाड़ जेल में नियमित जांच और इंसुलिन देने की मांग वाली याचिका पर राउज एवेन्यू कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट में एक बार फिर केजरीवाल के खाने का मुद्दा उठा। कोर्ट में खाने का मेन्यु चार्ट पेश किया गया जिसमें केजरीवाल ने इतने दिनों में क्या-क्या खाया उसका विवरण मौजूद था। सीएम केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट को बताया कि सीएम केजरीवाल के लिए जेल में 48 बार घर का खाना गया, जिसमें से सिर्फ 3 बार ही आम भेजा गया था। उन्होंने कहा कि 8 अप्रैल के बाद से केजरीवाल को खाने में आम नहीं भेजा गया। वहीं 48 बार में से सिर्फ एक बार नवरात्रि के चलते खाने में पूड़ी भेजी गई थी। इस पर ईडी ने कोर्ट को बताया कि जेल ऑथारिटी की तरफ से भी केजरीवाल के डायट चार्ट की रिपोर्ट आ रही है। वहीं दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की नियमित जांच और शूगर के लिए इंसुलिन मुहैया कराने की मांग पर कोर्ट ने केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी से सभी को याचिका की कॉपी देने को कहा गया। कोर्ट ने कहा कि हमें अभी इस बारे में नहीं पता है कि याचिका में क्या मांग की गई है। इस पर वकील सिंघवी ने कहा कि उन्होंने ईडी को अर्ज़ी की कॉपी दे दी थी।

'100 साल में खत्म हो जाएगी दुनिया, इसलिए नहीं देखता मोबाइल',

आखिर नीतीश कुमार ने ऐसा क्यों कहा

पटना (एजेंसी)। एक चुनावी सभा में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि वह अब मोबाइल नहीं देखते हैं। इसको लेकर उन्होंने काफी विस्तार से बताया। नीतीश कुमार ने दावा किया कि मोबाइल की वजह से 100 साल में धरती खत्म हो जाएगी। वह बिहार के बांका में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि 2019 में उन्हें पता चला कि 100 साल में दुनिया खत्म हो जाएगी। इसके बाद मैंने मोबाइल देखना बंद कर दिया। दरअसल, नीतीश ने एक नेता को मंच पर मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए देखा। इसी के बाद उन्होंने यह सारी बातें कह दी। उन्होंने कहा कि जब धरती खत्म हुई, यही आ गया है और एक-एक आदमी देखते रहिए, हर चीज भूल जाएगा।

नीतीश ने कहा कि सब चीज एक बार में ही खत्म हो जाएगा। हम सबको मना करते हैं। लेकिन सब इसी को यानी कि मोबाइल को देखते रहते हैं। हालांकि नीतीश ने फिर इसे मजाकिया लहजे में कहा कि मैं तो मजाक कर रहा हूं। आजकल यही पॉपुलर है तो क्या कीजिएगा। देखिएगा ही। हम क्यों कुछ कहेंगे। लेकिन हम देखना छोड़ दिए। हमको लगा बड़ी खराब चीज है यह तो एकदम। इसके साथ ही अपनी चुनावी सभा में नीतीश कुमार ने लालू यादव और राबड़ी देवी के राज को याद किया और कहा कि पहले क्या था। पति पत्नी बिहार ने राज किया लेकिन बिहार का क्या हाल था। कहीं कुछ नहीं था कोई शाम में निकल नहीं पता था ।बहुत सारी चुनौतियां थी। हिंदू मुस्लिम की लड़ाई होती रहती थी। लेकिन हम जब आए तो हमने सभी समस्याओं को खत्म किया।

नीतीश ने कहा कि 2005 के पहले की स्थिति को हमने बदला है। हम मुस्लिम लोगों से आग्रह करेंगे कि आप वोट के चक्कर में उनकी ओर ना जाएं। हमने आपके लिए काम किया है। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति में कुछ लोग सिर्फ अपने परिवार को आगे बढ़ाने में लगे रहते हैं। हमलोग समाज के हर तबके के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं मिले, इसे लेकर हमारी सरकार लगातार शानदार कार्य कर रही है।

जनता के आशीर्वाद से राज्य में राम राज्य वापस आएगा : चंद्रबाबू नायडू

-रेड्डी शराब की बिक्री से लोगों का खून निचोड़ रहे

अमरावती (एजेंसी)। टीडीपी सुप्रीमो और पूर्व सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि आंध्र में राम राज्य वापस आएगा और लोगों से आगामी चुनावों में वाईएसआरसीपी प्रमुख और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी से छुटकारा पाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से राज्य में राम राज्य वापस आएगा। पूर्व सर्वेक्षण साफ तौर पर इन चुनावों में एनडीए की जबरदस्त जीत का संकेत दे रहे हैं।

यह विश्वास व्यक्त कर कहा कि टीडीपी, भाजपा और जनसेना का एनडीए गठबंधन दक्षिणी राज्य में सत्ता में आएगा, टीडीपी सुप्रीमो ने आरोप लगाया कि रेड्डी उन पर हाल ही में हुए कंकड़ (पत्थर) हमले के बारे में लोगों को गुमराह कर रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने आरोप लगाया कि जगन के चाचा (वाई एस विवेकानंद रेड्डी) की हत्या भी एक बड़ा नाटकीय काम था जिसके द्वारा उन्होंने फिर से जनता की सहानुभूति हासिल करने की कोशिश की। हालांकि एनडीए गठबंधन के सहयोगियों के पास रेड्डी की तरह पैसा नहीं है, नायडू ने कहा कि साझेदारों के पास विश्वसनीयता है और वे नैतिक मूल्यों का पालन करते हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि रेड्डी शराब की बिक्री के माध्यम से भी लोगों का खून निचोड़ रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि अगर आंध्र प्रदेश को प्रगतिशील रास्ते पर आगे बढ़ना है, तब एनडीए गठबंधन को सत्ता में आना चाहिए और विश्वास जताया कि पीएम मोदी 400 सीटों के साथ प्रधानमंत्री के रूप में लौटने वाले हैं। दक्षिणी राज्य के देश में शीर्ष पर आने की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि यह तभी संभव होगा जब एनडीए यहां सरकार बनाएगी। आंध्र प्रदेश की 175 सदस्यीय विधानसभा और 25 लोकसभा सीटों के लिए 13 मई को चुनाव होने हैं और वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

कांग्रेस ने कभी आतंकवाद के खिलाफ आवाज नहीं उठाई : योगी

अमरोहा । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमरोहा की रैली में पाकिस्तान का ज़िक्र कर कहा कि पड़ोसी देश में लोग भूख से लड़ रहे हैं, भारत में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। सीएम योगी ने कहा कि भगवा पार्टी का नारा फिर एक बार मोदी सरकार पूरे देश में गूंज रहा है। उन्होंने कहा कि बमुश्किल 23-24 करोड़ की आबादी वाला पाकिस्तान 1947 में बंटवारे के बाद बना था और आज भूखमरी से जूझ रहा है। इसके अलावा बुलंदशहर में योगी ने कहा कि हम लोगों ने बदलते भारत को देखा। पिछले 10 वर्षों में भारत के प्रति सम्मान बढ़ा है, और सीमाएँ सुरक्षित हैं। नक्सलवाद और आतंकवाद की समस्या का समाधान हो गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ऐसी समस्याएं दीं जिससे न केवल कश्मीर में बल्कि पूरे देश में आतंकवाद बढ़ा। इतना ही नहीं कांग्रेस ने कभी आतंकवाद के खिलाफ आवाज नहीं उठाई। लेकिन अब कश्मीर में धारा 370 हटा दी गई है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री जी ने पूरी मजबूती के साथ देश को दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने का कार्य किया है। जनता का विश्वास एक बार फिर मोदी जी के साथ है।

सलमान के घर फायरिंग का पुर्तगाल कनेक्शन, बिश्नोई के भाई ने ली जिम्मेदारी

मुंबई (एजेंसी)। बीते दिनों फिल्म अभिनेता सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग मामले में कई खुलासे हुए हैं। इस घटना की जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई ने ली है। अनमोल बिश्नोई नाम से फेसबुक अकाउंट गोलीबारी से तीन घंटे पहले ही सामने आया। पुलिस ने बताया कि इस पोस्ट का आईपी (इंटरनेट प्रोटोकॉल) पुर्तगाल में पाया गया। यह संदेह है कि मैसेज वीपीएन (वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क) का इस्तेमाल करके अपलोड किया गया था। पुलिस का कहना कि 2 संदिग्धों ने घटना को अंजाम देने से 4 दिन पहले रायगढ़ जिले से सटे पनवेल में अभिनेता के फार्म हाउस की रेकी की थी। पुलिस के एक सीनियर अधिकारी ने घटना के सिलसिले में अब तक हुई जांच का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, ऐसा प्रतीत होता है कि रविवार तड़के बांद्रा के गैलेक्सी अपार्टमेंट में सलमान के घर के बाहर गोलीबारी के पीछे दोनों हमलावरों का मुख्य उद्देश्य डर पैदा करना था।हिरासत में पूछताछ के दौरान आरोपी विक्की गुप्ता और सागर पाल ने मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के अधिकारियों को कई जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने 14 अप्रैल को मुंबई में सलमान के घर के बाहर गोलीबारी करने से 4 दिन पहले पनवेल में उनके फार्म हाउस की रेकी की थी। अधिकारी ने बताया कि 58 वर्षीय एक्टर अक्सर मुंबई से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित फार्म हाउस पर जाते रहते हैं। पुलिस सबूत जुटाने की अपनी कवायद के तौर पर फार्म हाउस के गेट और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने में जुट गई है।

रक्षा के क्षेत्र में ताकतवार हुआ भारत... आत्मनिर्भर भारत मुहिम का दिख रहा असर

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारत की सीमाएं चीन और पाकिस्तान से लगती हैं। दोनों पड़ोसी देशों के मंसूबे भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण हैं, यह देखकर भारत अपनी सीमाओं को और मजबूत बनाने में जुटा है। साथ ही अपने सैन्य क्षमताओं का लगातार विकास भी कर रहा है, ताकि जवानों को अत्याधुनिक उपकरण मुहैया करा सके। भारत की ओर से डिफेंस क्षेत्र में लगातार भारी-भरकम निवेश किया जाता रहा है। अब मोदी सरकार के प्रयासों के नतीजे सामने आने लगे हैं। आत्मनिर्भर भारत मुहिम ने रफ्तार पकड़ ली है। अब भारत में वॉर प्लेन (लड़ाकू विमान) के इंजन और बख्तरबंद वाहनों का निर्माण होगा। इससे न केवल भारत का सुरक्षा तंत्र मजबूत होगा, बल्कि आयात पर खर्च होने वाले विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी।

दरअसल, अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने सांसदों से कहा कि भारतीय वायुसेना के लिए मिलकर लड़ाकू विमानों के इंजन बनाने के वास्ते भारत और अमेरिका के बीच हुआ समझौता क्रांतिकारी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले वर्ष जून में अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर गए थे और उसी दौरान इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा की गई थी। जनरल इलेक्ट्रिक ने भारतीय वायुसेना के लिए लड़ाकू विमानों के इंजन बनाने के लिए 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स' के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

अमेरिकी रक्षा मंत्री ऑस्टिन ने बताया कि अमेरिका के भारत के साथ बेहतरीन संबंध हैं। उन्होंने कहा, 'हमने हाल में भारत को विमान के इंजन बनाने में मदद की और यह एक तरह की क्रांति है। इससे भारत की क्षमता बढ़ेगी। हम भारत के साथ मिलकर एक बख्तरबंद वाहन का भी निर्माण कर रहे हैं। एलसीए तेजस मार्क 1एकी पहली सफल उड़ान बेंगलुरु के एचएएल फैसिलिटी में पूरी हुई। यह फाइटर एयरक्रॉफ्ट अपनी पहली उड़ान के दौरान 18 मिनट तक हवा में रहा। तेजस मार्क 1ए आधुनिक और 4प्लस जेनेरेशन का फाइटर एयरक्रॉफ्ट है। इसमें हवा में फ्यूल भरा जा सकता है, जिससे इसकी क्षमता और बढ़ जाती है। साथ ही यह फाइटर जेट एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्केन्ड ऐरे रडार, बीवीआर यानी बियॉन्ड विजुवल रेंज मिसाइल, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सूट से लैस है। भारतीय वायुसेना ने 83 एलसीए मार्क 1ए तेजस के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ करार किया है। जबकि अतिरिक्त 97 तेजस मार्क 1ए फाइटर की खरीद को रक्षा खरीद परिषद पहले ही मंजूरी दे चुकी है।

अध्ययन: बदलती जलवायु परिवर्तन से आतंकी भी परेशान, नहीं मिल रही छिपने की जगह

- 20 सालों में भारत का औसत तापमान भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली (एजेंसी)। बड़ी-बड़ी इमारतें, कटते पेड़, कांक्रीट की सड़कें, वायु प्रदूषण ऐसी कई चीजों से हमारी धरती का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। लेकिन हम सिर्फ अपनी ख्वाइशें पूरी करने के चक्कर में दिन ब दिन बीमारियों और प्राकृतिक आपदातों को झेलने की मजबूर हैं। इन सभी के चलते आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन को लेकर परेशान है। जलवायु परिवर्तन को लेकर वैज्ञानिक पूरे विश्व को चेतावनी देते हैं।

हाल ही में एडिलेड और रटगर्स विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने खुलासा किया है कि उग्रवादियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले क्षेत्रों में जलवायु में इतनी तेजी से बदलाव आया है कि वो अब उनके छिपने लायक नहीं रह गए हैं। इसकी वजह से उन्हें दूसरे क्षेत्रों की ओर रुख करने को मजबूर होना पड़ा है। शोध के नतीजे एक रिसर्च में सामने आए हैं।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में आतंकवादी घटनाओं को लेकर एक अध्ययन किया है। इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने भू-स्थानिक विश्लेषण के माध्यम से जलवायु कारकों और आतंकवाद के बीच संबंधों की जांच की है। उसमें सामने आए नतीजों के मुताबिक तापमान, वर्षा और ऊंचाई भारत में आतंकवादी गतिविधियों को प्रभावित करते हैं। इसमें कहा है कि तापमान, बारिश और ऊंचाई आतंकवादी गतिविधियों के बदलते पैटर्न से जुड़े हैं। शोध के पाया गया कि नए क्षेत्रों में आतंकवादियों का जाना बदलता मौसमी भी था। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते दुष्प्रभावों का संबोधित करना न केवल पर्यावरण से जुड़ा मुद्दा है, बल्कि यह सीधे तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है।

गौरतलब है कि यह अध्ययन 1998 से 2017 के बीच भारत में हुई आतंकवादी गतिविधियों पर केंद्रित था। इस दौरान वैश्विक आतंकवाद डेटाबेस ने भारत में आतंकी हमलों की 9,096 घटनाएं दर्ज कीं थी। 20 सालों में भारत का औसत तापमान भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। भारत के कुछ क्षेत्र ऐसे थे जो अध्ययन के दौरान बार-बार आतंकवादी हिंसा से प्रभावित हुए थे। ये क्षेत्र मुख्य रूप से देश के उत्तरी और पूर्वी इलाकों में हैं। वो राज्य जो इस दौरान आतंकवाद के हॉटस्पॉट रहे उनमें जम्मू-कश्मीर, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा, छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, और केरल शामिल हैं। यह अध्ययन आतंकवादी गतिविधियों के स्थान पर केंद्रित था, लेकिन शोधकर्ताओं के मुताबिक आंकड़े इस बात की ओर भी इशारा करते हैं कि इन आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े अन्य मुद्दे जैसे उनके ट्रेनिंग स्थल भी जलवायु में आते बदलावों के साथ बदल रहे हैं।